10 बुमराह...



झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक

12 जान्हवी कपूर...



रांची, गुरुवार, 26 दिसंबर 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रुपये | रांची संस्करण | वर्ष- 04 | अंक -188 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



**विकास यादव,**
**झामुमो युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष,**
**(राजमहल/साहिबगंज)**

**जिस समाज की नियत अच्छी होगी उस समाज की आपस मे मिलजुलकर आगे बढ़ने की रवायत होगी। समाज मे अच्छा जरूर होगा यदि समाज द्वेष भावनाओं से दूर होगा। समाज के हित के लिए लड़ना पड़े तो लड़ो समाज विरोधियों के खिलाफ खड़ा होना पड़े तो खड़ा रहो। समाज को मुझे विकास से भरपूर करके गरीब की मदद करने की आदत है।**

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : **71,300**
चांदी (प्रति किलो) : **90,000**
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **78,472.87**
निफ्टी :- **23,727.65**

## मौसम

अधिकतम तापमान : **26** °
न्यूनतम तापमान : **13** °

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **06:28**
संध्या :- **17:11**

## आज का इतिहास

**आज के ही दिन 1806 को गोलिमीन की लड़ाई में जनरल गोलिट्सीन के तहत रूसी सेना मार्शल मुरात के तहत फ्रांसीसी सेना के खिलाफ एक सफल पुनः कार्रवाई करने वाली लड़ाई लड़ी गई।**

## संक्षिप्त समाचार

### ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास ने दिया इस्तीफा

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने ओडिशा के राज्यपाल पद से इस्तीफा दे दिया है. जिसे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वीकार कर लिया है. उनके इस्तीफे के बाद मिजोरम के गवर्नर हरी बाबू कांभांपती को ओडिशा का राज्यपाल बनाया गया है. झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को 18 अक्टूबर 2024 को ओडिशा का राज्यापाल नियुक्तय किया गया था. जमशेदपुर से अपना राजनीतिक करियर शुरू करने वाले रघुवर दास 2014 से लेकर 2019 तक पांच साल झारखंड के मुख्यपमंत्री रह चुके हैं. रघुवर दास पिछली बार विधायक का चुनाव हार गए थे, जिसका कारण पार्टी से ही बगावत करने वाले सरयू राय थे. उन्होंरने रघुवर दास को जमशेदपुर पूर्वी से हराते हुए जीत दर्ज की थी.

### संसद के पास एक शख्स ने खुद को लगाई आग, जांच में जुटी पुलिस

**नयी दिल्ली।** बुधवार को संसद भवन के पास एक शख्स ने खुद को आग लगा ली। अज्ञात व्यक्ति गंभीर रूप से जल गया और उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। पुलिस अधिकारियों को घटनास्थल पर पेट्रोल मिला और आगे की जांच जारी है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक एक शख्स ने संसद के पास खुद को आग लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की है। उन्हें आरएमएल अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस को घटना स्थल से दो पेज का सुसाइड नोट भी मिला है। बाद में दिल्ली पुलिस ने बताया कि आज उत्तर प्रदेश के बागपत के रहने वाले शायद एक व्यक्ति जीतेन्द्र ने रेल भवन चौराहे पर खुद को आग लगा ली। स्थानीय पुलिस और रेलवे पुलिस ने कुछ नागरिक व्यक्तियों के साथ मिलकर तुरंत आग बुझाई और व्यक्ति को अस्पताल भेजा गया। जैसा कि हम समझ सकते हैं मामला संभवतः बागपत में संबंधित और व्यक्तिगत दुश्मनी का है। आगे की जांच जारी है।

# नदी के जल का महत्व बाबा साहब ने समझा, कांग्रेस ने कभी उन्हें क्रेडिट नहीं दिया : पीएम

**एजेंसी**

**खजुराहो/भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत के लिए नदी जल का महत्व सबसे पहले बाबा साहब आंबेडकर ने समझा। भारत में जो नदी घाटी परियोजनाएं बनीं, इसके पीछे उन्हीं का विजन था, लेकिन कांग्रेस ने कभी बाबा साहब को इसका श्रेय नहीं दिया। कांग्रेस की सरकारों ने उनके इस योगदान के लिए किसी को पता नहीं चलने दिया। उन्होंने कहा कि कई राज्यों के बीच नदी जल को लेकर विवाद चल रहा है। जिस समय कांग्रेस की सरकार थी, वो इस विवाद को सुलझा सकती थी, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। अटलजी की सरकार ने पानी से जुड़ी समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयास किया, लेकिन उनकी सरकार जाते ही कांग्रेस ने इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को मप्र के खजुराहो में पूर्व



प्रधानमंत्री भारत-रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम में केन-बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास किया। इसके साथ उन्होंने ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट का उद्घाटन किया। इस मौके पर पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी के जीवन पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। प्रधानमंत्री ने अटल जी की स्मृति में डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया।

प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में अपने संबोधन की शुरूआत बुंदेलखंडी भाषा से की। उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व में क्रिसमस की धूम है। मैं देश और दुनिया भर में उपस्थित ईसाई समुदाय को क्रिसमस की ढेर सारी बधाई देता हूं। मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकार का एक साल पूरा हुआ है। मध्य प्रदेश के लोगों को, भाजपा के कार्यकताओं को मैं बहुत-बहुत बधाई देता हूं। इस एक वर्ष में मध्य प्रदेश में विकास को नई गति मिली है। आज भी यहां हजारों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की शुरूआत हुई है। आज ऐतिहासिक केन बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास हुआ है। ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर प्लांट का भी लोकार्पण हुआ है और ये मध्य प्रदेश का पहला फ्लोटिंग सोलर प्लांट है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज अटल जी की जयंती है। आज अटल जी के जन्म के सौ साल हो रहे हैं। अटल जी की जयंती का ये पर्व, सुशासन की हमारी प्रेरणा का भी पर्व है। देश में जब-जब भाजपा को जहां-जहां सेवा करने का मौका मिला है, हमने पुराने रिकॉर्ड तोड़कर काम किया है। आजादी के दिवानों ने जो सपने देखे थे, उन्हें साकार करने के लिए हम दिन रात पसीना बहा रहे हैं।अतीत में कांग्रेस सरकारें, घोषणाएं करने में माहिर हुआ करती थीं। घोषणाएं करना, फीता काटना, दीया जलाना, अखबार में तस्वीर छपवा देनाङ्क उनका (कांग्रेस) काम वहीं पूरा हो जाता था और उसका फायदा लोगों को नहीं मिल पाता था। उन्होंने कहा कि मप्र में 1100 से अधिक अटल ग्राम सेवा सदन के निर्माण का काम आज से शुरू हो रहा है। इसके लिए पहली किस्त जारी की गई है। अटल ग्राम सेवा सदन गांवों के विकास को नई गति देंगे।

उन्होंने कहा कि सुशासन का मलतब भी यही है कि अपने ही हक के लिए नागरिकों को सरकार के सामने हाथ न फैलाना पड़े, सरकारी दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। यही तो शत प्रतिशत लाभार्थी को शत प्रतिशत लाभ से जोड़ने की हमारी नीति है। सुशासन भाजपा सरकारों की पहचान है। देश की जनता ने लगातार तीसरी बार केंद्र में भाजपा की सरकार बनाई। मप्र में आप सभी लगातार भाजपा को चुन रहे हैं। इसके पीछे सुशासन का भरोसा ही सबसे प्रबल है। दशकों तक मध्य प्रदेश के किसानों, माताओं और बहनों ने बूंद-बूंद पानी के लिए संघर्ष किया, क्योंकि कांग्रेस ने कभी जल संकट के स्थाई समाधान के लिए सोचा ही नहीं। जब देश में अटल जी की सरकार बनी, तब उन्होंने पानी से जुड़ी चुनौतियों को हल करने के लिए गंभीरता से काम शुरू किया था, लेकिन 2004 में जैसे ही कांग्रेस की सरकार बनी, कांग्रेस ने अटल जी के सभी प्रयासों को ठंडे बस्ते में डाल दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज सात दशक बाद भी देश के अनेक राज्यों के बीच पानी को लेकर कुछ न कुछ विवाद है।

# सीएम ने शहीद निर्मल महतो को दी श्रद्धांजलि और अटल बिहारी वाजपेयी को किया नमन



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने झारखंड आंदोलन के प्रणेता वीर शहीद निर्मल महतो की 74वीं जयंती के अवसर पर उन्हें याद किया. रांची के शहीद निर्मल महतो चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की. इससे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने देश के पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी और शहीद निर्मल महतो की जयंती पर उन्हें याद करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर शत-शत नमन. वहीं दूसरे ट्वीट में सीएम ने कहा है कि झारखंड की क्रांतिकारी भूमि के वीर सपूत, महान आंदोलनकारी वीर शहीद निर्मल महतो की जयंती पर शत-शत नमन.

### मुख्यमंत्री ने अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उन्हें नमन किया

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन किया है। सोरेन ने सोशल मीडिया एक्स पर बुधवार को ट्वीट कर क्रिसमस पर्व के शुभ अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार किया है। वहीं दूसरी और उन्होंने झारखंड की क्रांतिकारी भूमि के वीर सपूत, महान आंदोलनकारी वीर शहीद निर्मल महतो की जयंती पर शत-शत नमन किया है। उन्होंने कहा है कि झारखंड के वीर शहीद अमर रहें। वीर शहीद निर्मल महतो अमर रहें। जय झारखंड।

# लोहरदगा में दो अलग-अलग सड़क हादसे में चार लोगों की मौत, चार घायल

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**

**लोहरदगा।** जिले में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई है, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. घायलों में से एक का इलाज लोहरदगा सदर अस्पताल में, जबकि तीन का इलाज शहर के पतराटोली स्थित एक निजी अस्पताल में चल रहा है. पहली दुर्घटना भंडरा क्षेत्र में हुई है, जबकि दूसरी दुर्घटना सदर थाना क्षेत्र में हुई है. घटना के बाद मृतकों के घरों में कोहराम मच गया है और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है.



### भंडरा में कार अनियंत्रित होकर पलटी

पहली घटना जिले के भंडरा थाना क्षेत्र में हुई है. जिसमें भंडरा-चट्टी मुख्य पथ पर नंदनी पुल के समीप एक्स्यूवी कार अनियंत्रित होकर पलट गई. इस हादसे में एक ही परिवार के दो सदस्य सहित तीन लोगों की मौत हो गई है. मृतकों में बीएस कॉलेज लोहरदगा के पूर्व प्राचार्य गोस्सनर कुजूर, उनके पुत्र डेविड कुजूर, स्वजन मार्कश कुजूर शामिल हैं. गोस्सनर कुजूर और डेविड कुजूर शहरी क्षेत्र के मधुबन के रहने वाले थे. वहीं मार्कश गुमला चैनपुर के रहने वाले थे.

### बीएस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य सहित तीन की मौत

बताया जाता है कि गोस्सनर कुजूर डायलिसिस पर थे. वह अपने पुत्र और परिचित के साथ रांची में डायलिसिस करा कर एक्सयूवी कार से वापस लोहरदगा लौट रहे थे. इसी दौरान नंदनी पुल और कोटा मोड़ के समीप एक्सयूवी अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई. जिससे वाहन में सवार सभी व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों को स्थानीय ग्रामीण और पुलिस की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया गया. जहां चिकित्सकों ने तीनों लोगों को मृत घोषित कर दिया. बता दें कि गोस्सनर कुजूर की पुत्री परिणीता कुजूर सदर अस्पताल में चिकित्सक हैं. घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है. परिवार में क्रिसमस की खुशियां मातम में तब्दील हो गई. वहीं घटना के बाद भंडरा थाना पुलिस जांच-पड़ताल में जुट गई है. वहीं घटना के सूचना मिलने के बाद सदर अस्पताल में परिजनों की भीड़ लग गई है.

### सदर थाना क्षेत्र में स्कॉर्पियो और ट्रक में टक्कर

वहीं दूसरी दुर्घटना सदर थाना क्षेत्र के हेसल के समीप हुई है. लोहरदगा-रांची मुख्य पथ पर एक स्कॉर्पियो की सीधी टक्कर ट्रक से हो गई. इस दुर्घटना में स्कॉर्पियो चालक सदर थाना क्षेत्र के बाघा गांव निवासी हिरानाथ शाह की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि स्कॉर्पियो में सवार बाघा गांव निवासी नीरज उरांव, दीपक उरांव और अशोक उरांव सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए.

### हादसे में एक की मौके पर ही मौत

जानकारी के अनुसार सभी अपने एक परिचित महिला को जरियो गांव पहुंचाकर वापस लोहरदगा लौट रहे थे. इसी दौरान हेसल चौक के समीप स्कॉर्पियो सामने से आ रहे एक ट्रक से सीधे जा टकरायी. दुर्घटना में हिरानाथ शाह की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं अशोक उरांव, दीपक उरांव, नीरज उरांव घायल हो गए. घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल और शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

# झारखंड में मौसम ने ली करवट, 26 और 27 को कोहरा और धुंध का साया, 28-29 दिसंबर को बारिश की संभावना

**एजेंसी**

**रांची।** झारखंड में मौसम एक बार फिर करवट लेगा. मौसम विभाग के अनुसार, 26 और 27 दिसंबर को सुबह हल्के दर्जे का धुंध और कोहरा छाया रहेगा. वहीं पिछले 24 घंटे के दौरान मौसम शुष्क रहा. राज्य के कई ईलाकों में कोहरा भी छाया रहा. मौसम विभाग के अनुसार, अगले चार दिनों तक न्यूनतम तापमान में बदलाव की संभावना नहीं है. इसके बाद तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक गिरावट की संभावना जताई गई है. पिछले 24 घंटे में उच्चतम तापमान पलामू में 27.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान देवघर में 10.01 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया.

### 28 और 29 को बारिश की संभावना

मौसम विभाग के अनुसार, 28 और 29 दिसंबर को बारिश की संभावना जताई गई है. 28 को गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, गुमला और सिमडेगा में बारिश की संभावना जताई गई है. वहीं 29 दिसंबर को झारखंड के गुमला, खूंटी, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम में बारिश की संभावना जताई गई है.



### उत्तर भारत में ठंड का कहर जारी, लद्दाख और हिमाचल में तापमान पहुंचा माइनस

**नयी दिल्ली।** उत्तर भारत में ठंड का कहर जारी है. पश्चिमी विक्षोभ का असर पूरे उत्तर भारत मूं है. पहाड़ों पर बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश का सिलसला जारी है. तापमान में गिरावट जारी है. आज याना 25 दिसंबर को लद्दाख में तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गयी है. यह माइनस 20 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है. हिमाचल प्रदेश में माइनस 10 तक तापमान में गिरावट आयी है. लद्दाख के न्योमा शहर का तापमान माइनस 20.3 डिग्री और हिमाचल के ताबो में तापमान माइनस 10.6 डिग्री दर्ज किया गया है. कश्मीर के बाल्टिस्तान मुजफ्फराबाद में तापमान माइनस 9.5 है. मैदानी इलाकों यानी पंजाब के अदमपुर में तापमान 4 डिग्री और हरियाणा के नारनौल में तापमान 5.2 दर्ज किया गया है. मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में हिमाचल प्रदेश के अधिकतर इलाकों नें तापमान शून्य से नीचे चला गया है. सर्वाधिक न्यूनतम तापमान लाहौल-स्पीति के जनजातीय क्षेत्र ताबो में -10.6 डिग्री सेल्सियस, काजा में तापमान -6.9 डिग्री रहा. कुकुमसेरी में -8.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ है.






# पतरातू में शहीद निर्मल महतो की मनाई गई जयंती, विधायक रोशन लाल चौधरी ने किया पुष्पार्पित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।





**पतरातू।** बुधवार को पीटीपीएस शहीद निर्मल महतो का जयंती मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता शहीद निर्मल महतो स्मारक समिति के अध्यक्ष किशोर कुमार महतो एवं संचालन गणेश कुमार ठाकुर के द्वारा की गई। जयंती समारोह में मुख्य अतिथि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोशन लाल चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि जिला पार्षद राजाराम प्रजापति ने संयुक्त रूप से श्रद्धांजलि अर्पित किया। वहीं मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि शाहिद निर्मल महतो की 74 वीं जयंती हम लोग मना रहे हैं और झारखंड के योद्धा आंदोलनकारी शहीद निर्मल महतो की जन्म दिवस हर तरफ धूम धाम से मनाया जा रही है। झारखंड के सभी कोने से एक आवाज उठ रही है कि शहीद निर्मल महतो के सपनों का झारखंड कहां पीछे छूट गया। निर्मल महतो झारखंड आंदोलनकारी रहते खूब लड़ाई लड़े। उन्होंने कभी भी किसी के सामने झुकना पसंद नहीं किया। जब बात झारखंड की आती थी तो बड़े बड़े अधिकारी और नेताओं के आँख में आँख डाल कर बात करते थे।आखिर में निर्मल महतो तो हमारे बीच नहीं रहे लेकिन हमें उनकी लड़ाई और साहस के जरिए एक अलग राज्य जरूर मिला। लेकिन उनके सपनों का राज्य अब भी बाकी है। निर्मल महतो का जन्म 25 दिसंबर 1950 को पूर्वी सिंहभूम के उलियान गाँव में हुआ था। बचपन से उन्होंने देखा कि झारखंडी लोगों से किस तरह के व्यवहार किया जाता है। जब बड़े हुए तो झारखंड के लोगों की पीड़ा देख उन्होंने आंदोलन की शुरूआत कर दी। लोग जुटते गए और अलग राज्य की मांग उठ गई। निर्मल महतो को उम्मीद और विश्वास थी कि जब अपना अलग राज्य होगा तो झारखंड की अस्मिता और लोगों को सम्मान मिलेगा। एक अलग राज्य हर झारखंडियो के सपने का राज्य होगा। जहां चैन सुकून हो और सबको हँसता खिलखिलाता झारखंडी मिले। किसी के चेहरे पर शोषण और प्रताड़ित होने का भय ना दिखे। निर्मल महतो शिक्षा पर जोर देते थे उन्होंने अपने आंदोलन में एक नारा जोर शोर से बुलंद किया था कि पढ़ो और बढ़ो। निर्मल महतो ऐसा मानते थे कि जब हर आदिवासी शिक्षा हासिल कर लेगा तो उसे अपने अधिकार को मांगने की जरूरत नहीं पड़ेगी। जब उसे अधिकार से वंचित किया जाएगा तो अपने हक और अधिकारी को छिन कर ले लेगा। निर्मल महतो सभी को पढ़ाई के लिए जागरूक करते थे। लेकिन एक सवाल सभी के मन में है कि क्या शहीद निर्मल महतो के सपनों का राज्य बन गया है? जवाब यही मिलेगा नहीं। राज्य 15 नवंबर 2000 को तो अलग हो गया। उम्मीद लोगों में जगी कि जिस उद्देश्य से निर्मल महतो ने अलग राज्य की लड़ाई शुरू की थी वह पूरी हो गई। झारखंडियो को अपना एक अलग राज्य मिल गया। अब हर ओर खुशहाली होगी। लेकिन बदला कुछ नहीं यहाँ 23 वर्ष बीत जाने के बाद भी आदिवासी की जमीन की लूट मची हुई है। आदिवासी प्रताड़ना का शिकार बना हुआ है। उम्मीद अब भी लोगों में कायम है कि कोई तो सरकार ऐसी आएगी जो निर्मल महतो के सपनों का झारखंड बनाएगा। वहीं राजाराम प्रजापति ने कहा जयंती के अवसर पर हम कहना चाहते हैं कि शहीद निर्मल महतो बहुत कम उम्र से ही छात्र नेता के रूप में काम किए और झारखंड अलग राज्य के लिए बहुत बड़ा आंदोलन भी किए। जो सपना उनका था वह आज भी पूरा नहीं हुआ है। हम सभी जनप्रतिनिधि उनके सपनो को पूरा करने के लिए संकल्पित हैं। जयंती समारोह में मुख्य रूप से उप मुखिया नंदकिशोर महतो पंचायत समिति सदस्य अनीता जैन भुनेश्वर महतो कालेश्वर महतो मुखिया अजीत कुमार पंकज कुमार पंकज गुप्ता विकास गुप्ता राहुल रंजन प्रदीप महतो कमलनाथ महतो सुनील महतो मनीष महतो विनोद कुमार महतो उपस्थित।

## उपायुक्त की पहल से जिले के जूडो और कराटे खिलाड़ियों को उपलब्ध कराया गया मैट



**रामगढ़।** खेल और युवा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उपायुक्त चंदन कुमार की पहल के तहत ज़िले के जूडो और कराटे खिलाड़ियों को मैट मिला। मैट टाटा कंपनी के द्वारा सीएसआर के तहत दिया गया है। मैट की कुल संख्या 130 थी।मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय में उपायुक्त चंदन कुमार ने अपने हाथों से जूडो एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय मेवाड़,सचिव शशि पांडेय, टाटा कंपनी के अधिकारी राजेश कुमार , आदित्य कुमार सहित जूडो और कराटे के दर्जनों के दर्जनों खिलाड़ियों की मौजूदगी में दिया। युवा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उपायुक्त चंदन कुमार ने कहा आप अपना जौहर दिखाइए प्रशासन आपकी हर जरूरत पूरा करेगा। श्री मेवाड़ ने कहा उपायुक्त के प्रयासों से खेल और खिलाड़ियों को नया जोश मिला रहा है और विकास को को नयी रफ़्तार मिल रही है। श्री मेवाड़ ने सी एस आर फण्ड से टाटा कंपनी द्वारा खिलाड़ियों को उपहार स्वरूप दिये गये जूडो मैट के लिये टाटा कंपनी के प्रति आभार जताया। इस दौरान खिलाड़ियों में सार्थक पांडेय तेजस दीपसिंह अंश कुमार सिंह अभिनव कुमार, रणजीत तुरी सिद्धार्थ कुमार , शालिनीश्री ,युक्ता राज, शैफाली चौधरी स्मृति भारद्वाज , अविरल कुमार ऋत्विक आदि उपस्थित थे।

## सदर थाना क्षेत्र के हेसल चौक के समीप ट्रक और स्कॉर्पियो में हुई भिड़ंत, एक की मौत चार लोग गंभीर रूप से घायल



**लोहरदगा।** मंगलवार की रात लोहरदगा सदर थाना क्षेत्र के हेसल चौक के समीप ट्रक और स्कॉर्पियो में आमने- सामने भिड़ंत मे स्कार्पियो चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान बाघा निवासी हरिनाथ शाह के रूप में हुई है जबकि घायलों में अशोक उरांव, दीपक उरांव,नीरज उरांव समेत अन्य एक गंभीर रूप से घायल है। बताया जाता है कि सभी सदस्य स्कॉर्पियो से कुडू थाना क्षेत्र के जेरियो गांव से लोहरदगा बाघा लौट रहे थे। इसी दौरान हेसल चौक के समीप ट्रक और स्कॉर्पियो में आमने- सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें वाहन में सवार सभी व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसे स्थानीय ग्रामीण व पुलिस प्रशासन की मदद से सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं। इधर घटना के बाद स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इधर घटना के बाद लोहरदगा सदर थाना पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच-पड़ताल में जुट गई है।

सोसोकलां गांव की कई सड़कें कीचड़ में तब्दील

## कीचड़ में तब्दील सड़क पर लोगों का चलना हो जाता है मुश्किल

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**नाली के अभाव में सड़कों में बहता है घरों का गंदा पानी**

**जल जमाव के कारण मच्छड़ों का प्रकोप जारी**



**रामगढ़/गोला।** रामगढ़ जिला के गोला प्रखंड स्थित प्रखंड मुख्यालय से महज 5 किलो मीटर की दूरी पर स्थित सोसो कलां पंचायत का राजस्व ग्राम सोसोकलां जो अपने परिचय का मोहताज नहीं है लेकिन गांव की सड़कों में नालियों के अभाव के कारण घरों से निकलने वाले गंदे पानी की वजह से जगह जगह कीचड़ में तब्दील हो जाता है। राह चलते समय अपने कपड़ों को पानी के छींटा से बचाने के लिए लोगों को बड़े संभल संभल कर चलना पड़ता है। सड़कों में जल जमाव के कारण मच्छड़ों का प्रकोप भी बढ़ गया है। सड़क में पानी है की पानी में सड़क यह नजारा है यहां की गलियों की सड़कों का। किसी किसी जगह पर काई पड़ गई है जिसके कारण कई लोग अब तक फिसल कर गिर चुके हैं और उन्हें चोट भी लगी है। इस तरह सड़कों की हालत गंदे होने के कारण गांव की सुंदरता व साफ सफाई आईने की जैसा दिखाई देता है।इधर लोग जब घर से बाहर निकलते हैं और फिर घर वापस आते हैं तो अपने पैर में पहने हुए जूते और चप्पल से धूल और कीचड़ लेकर घुसते हैं जिससे घर में गंदगी पसर जाती है। कुम्हार घर से होते हुए तालाब तक, केवट टोला से लेकर गैंगटा चौक तक तथा टुंगरी टोला स्वर्गीय हाजी नूरुद्दीन के घर से लेकर मंडई टोला तक नाली बनना अति आवश्यक है। इस संबंध में गांव के समाज सेवी जमाल मुजतबा व मोहम्मद हसन इमाम का कहना है कि सड़क के दोनों किनारे अगर ढक्कन लगी हुई नालियों का निर्माण होता तो इस तरह की गंदगी से बचा जा सकता है और सड़कें भी साफ सुथरा दिखाई देने लगेगा। आगे उन्होंने कहा की पुर्व में भी इस संबंध में विधायक ममता देवी को आवेदन के माध्यम से अवगत कराया गया था। शीघ्र ही फिर से विधायक ममता देवी से मिलकर इस मामले की जानकारी देते हुए कार्य कराने की बात की जायेगी।

## सेवा भारती जिलाध्यक्ष ने झारखंड-बिहार क्षेत्र के सेवा प्रमुख एवं झारखंड प्रांतीय संघ संचालक को किया सम्मानित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**लोहरदगा** जिला सेवा भारती के द्वारा जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ के आवासीय परिसर पर झारखंड-बिहार क्षेत्र के सेवा प्रमुख श्री त्रिवेणी एवं झारखंड प्रांतीय संघ संचालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल को बुधवार को अंग वस्त्र देखकर स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने सेवा प्रमुख त्रिवेणी जी को श्रीमद्भागवत गीता की पुस्तिका देकर सम्मानित किया और एक शिष्टाचार विचार गोष्ठी की गई। जिला अध्यक्ष ने लोहरदगा जिला पर हो रहे समाज सेवा की विस्तृत जानकारी दी और कहा कि असहयों एवं गरीबों की सेवा करने के लिए हम सभी हर संभव प्रयास करते रहते हैं। अवधेश मित्तल और जयप्रकाश शर्मा ने भी सेवा भारती के द्वारा चल रहे साफ सफाई एवं स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दी। त्रिवेणी जी ने कहा कि हमारा तो जीवन लोगों की सेवा के लिए ही है और हम हर जगह जाकर लोगों से मुलाकात कर सेवा संबंधित प्रेरणा देते हैं, जिससे कि लोगों के बीच आपस में विश्वास कायम रह सके। सच्चिदानंद लाल अग्रवाल ने भी कई विषयों पर अपना मार्गदर्शन दिए। इसके उपरांत, चुन्नीलाल स्कूल के समीप त्रिवेणी जी के हाथों से काफी जरूरतमंद महिला सरिता देवी को कंबल दिलाया गया, और आगे भी घूम-घूम कर असहायों के बीच जाकर कुछ कंबल और गम टोपी बांटेंगी। आज इस गोष्ठी में बाहर से आए माननीय त्रिवेणी जी,सच्चिदानंद लाल अग्रवाल,जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,डॉ कुमुद अग्रवाल,अवधेश मित्तल,जयप्रकाश शर्मा,संजय चौधरी,नीरज कुमार साहू,अतुल सर्राफ,पायल अग्रवाल,अंजलि सर्राफ आदि थे!

# सुशासन दिवस के रूप में जिला समेत बूथ स्तर पर मनाई गई पूर्व प्रधान मंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**अटल जी ने पोखरण परमाणु परीक्षण कर भारत को अग्रिम पंक्ति में खड़ा किया, प्रदीप वर्मा**



**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री, पूर्व भाजपा अध्यक्ष,भारत रत्न अटल बिहारी जी की 100 वीं जयंती पूरे जिले में बुधवार को सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। एवम उनके द्वारा रचित कविता का काव्य पाठ किया गया।मंडल एवम बूथ स्तर में भी कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।इस क्रम में जिला कमिटी द्वारा सदर प्रखंड के ब्रांटपुर गांव के खेल मैदान में जिला अध्यक्ष मनीर उराँव की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य रूप से *राज्यसभा सांसद सह भाजपा प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती आरती कुजूर उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत स्व.अटल बिहारी वाजपेई जी के चित्र पर माल्यार्पण ,दीप प्रजव्वलन एवम पुष्पार्चन कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए। प्रदीप वर्मा ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी जी का संघर्ष देश के प्रत्येक जरूरत मंदो के लिए रहा।उनके द्वारा बनाई गई अंतोदय योजना से आज समाज के अंतिम व्यक्ति लाभान्वित हो रहे हैं। अटल जी ने जनजातियों एवं झारखंड को स्थापित कर संघर्ष को न्याय दिया ।उनके द्वारा निशुल्क शिक्षा, सड़क , किसान, सुरक्षा की शक्ति को बढ़ावा दिया गया।विकसित देशों द्वारा आर्थिक प्रतिबंध की परवाह किये बिना पोखरण परमाणु परिक्षण कर भारत को अग्रणी पंक्ति में खड़ा कर दिया।बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना ला कर गांव के किसान गरीब बेटियों के साथ उनका हक दिया।वहीं मोदी जी द्वारा उनके द्वारा चलाये गए योजनाओ को निरन्तर आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश की जनता अटल जी कार्य को आज भी याद करते है। उन्होंने कहा कि अटल जी विरोधियों को भी साथ लेकर चलने वाले नेता थे जिससे उन्हें अजादशत्रु भी कहा जाता है जिनकी आज पूरे देश में जयंती लोग मना रहे हैं।उन्होंने एक राजनीतिक समाजिक कार्यकर्ता के साथ साथ कवि,लेखक, संपादक के रूप में कार्य कर साकारात्मक संदेश अपने देशवासियों को देते रहे और आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित किया।आरती कुजूर ने कहा कि अटल जी जी ने जम्मू कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग मानते हुए एक निशान एक विधान के लिए संघर्ष किया था।और उनकी विचारधारा पर चलकर सफलता भी प्राप्त हुई।इन्होंने बड़ी बड़ी नदियों एवम सड़को को भी जोड़ने प्रयास किया था। वहीं झारखंड पर बोलते हुए कहा कि जिस सपने को लेकर अटल जी ने झारखंड को अलग किया था कि बोरा भर -भर कर दिए तब आए हैं ।तो हम क्या कर सकते हैं। वर्तमान में झारखंड सरकार के सारे वायदे खोखले साबित हुए।इस बार फिर से जनता को गुमराह कर हेमन्त सोरेन सत्ता हथियाने में सफल रहे ।परंतु जनता के लिए कितना कार्य करेंगे यह समय बतलायेगा।उन्होंने कहा कि स्थानीय नीति की बात करना हेमंत सोरेन की केवल राजनीतिक हिस्सा है। जिला अध्यक्ष मनीर उराँव ने कहा कि जनजाति समाज के उत्थान के बारे में यदि सबसे पहले किसी व्यक्तित्व ने सोचा तो वह हैं अटल बिहारी वाजपेयी, जिन्होंने प्रधानमंत्री बनते ही जनजातीय बोर्ड का गठन किया । जिससे करोड़ों जनजाति समाज के लोग लाभान्वित हो रहे हैं, उनके सांस्कृतिक एवं सामाजिक धरोहरों की रक्षा की जा रही है ।वहीं झारखंड की मांग जो लंबे समय से की जा रही थी उनके संघर्ष एवं बलिदानों के साथ न्याय अटल बिहारी वाजपेई ने करते हुए झारखंड को अलग राज्य का दर्जा दिया। कार्यक्रम को ओमप्रकाश सिंह, लाल नवल किशोर नाथ शाहकार्यक्रम में वाजपेई जी की लिखित कविता को जिला संयोजक सह जिला महामंत्री पशुपति नाथ पारस द्वारा काव्य पाठ किया गया । मंच संचालन जिला महामंत्री संजय कुमार और धन्यवाद ज्ञापन जिला सह संयोजकजगनंदन पौराणिक ने किया। मौके पर ओम प्रकाश सिंह, ब्रज बिहारी प्रसाद, राकेश प्रसाद, लाल नवल किशोर नाथ शाहदेव, नवीन कुमार टिंकू, प्रवीण भारती, त्रिवेणी दास, अजय पंकज, अजातशत्रु, राजकुमार वर्मा, जगनंदन पौराणिक , बिगल मुंडा, अजय मुंडा, बिरसा मुंडा, मीना बाखला, सामेला भगत, मिथुन तमेड़ा, संजय वर्मन, परमेश्वर भगत, सजल कुमार, बृजनंदन गोप,मंगल गोप सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मारवाड़ी युवा मंच ने 'आनंद सबके लिए' बच्चों के बीच सोनपापड़ी का वितरण किया



**रामगढ़।**आनंद सबके लिए मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट शाखा के द्वारा डी यू मिशन स्कूल झंडा चौक एवं चट्टी बाजार में स्कूल के बच्चों के बीच 100 डब्बे सोनपापड़ी का वितरण किया। यह कार्य आनंद सबके लिए कार्यक्रम के तहत क्रिसमिस एवं नए साल को सेलिब्रेट करने के लिए रखा गया था।मौके पर मौजूद विधालय की प्रधानाध्यापिका कृपा सोई, शिक्षिका लता होरो, एवं अभिनाष कुमार ने मंच के इस कार्य की प्रोत्साहना करते हुए कहा कि मारवाड़ी युवा मंच हमारे विधालय में समय समय पर इस तरह का कार्य करता रहता है एवं मंच के कार्य से बच्चे काफी उत्साहित रहते है। शिक्षा के क्षेत्र में युवा मंच के समर्पण को उन्होंने साधुवाद किया। इस कार्य को संपन्न करने में युवा मंच के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, सदस्य राहुल जैन अमित अग्रवाल निलिंद अग्रवाल प्रदीप अग्रवाल रितिक परशुरामपुरिया प्रशांत अग्रवाल पंकज अग्रवाल, संतोष गोकुलका, आदि ने अहम भूमिका निभाई।

## पारसनाथ जिनालय में भगवान पारसनाथ का जन्म कल्याणक महोत्सव आज

**रामगढ़।** रांची रोड स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर पारसनाथ जिनालय में आज जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान श्री पारसनाथ का भव्य जन्म कल्याणक दिवस मनाया जायेगा इस कार्यक्रम को मनाने के लिये तैयारियां जोरों शोरों पर चल रही है समाज के सभी लोग इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपनी तरफ से पूर्ण रूप से प्रयासरत है। इस दिन प्रातः सुबह से ही कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे जिसके अंतर्गत अभिषेक शांति धारा एवं नित्य पूजन तत्पश्चात श्री जी के पालना झुलाई का कार्यक्रम होगा तत्पश्चात सभी आगंतुकों का सामूहिक अल्पाहार होगा तथा शाम में महा आरती का भी आयोजन किया जाएगा समाज के सभी सदस्यों से दिगंबर जैन समाज के सचिव योगेश सेठी ने अपील की उपरोक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोग अपना सहयोग एवं सहभागिता प्रदान करें उपरोक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाज के अध्यक्ष राजेंद्र चूड़ीवाल मंदिर मंत्री श्री देवेंद्र गंगवाल के अलावा पदमचंद जी सेठी राजेश जी सेठी नीरज सेठी निशांत सेठी बबलू सेठी संदीप सेठी दीपक जैन और विनोद सेठी आदि अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उपरोक्त जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी श्रवण सेठी ने दी।

## प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा हुई मीटिंग

**पतरातू।** बुधवार को प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों द्वारा वीडियो कांफ्रेस के माध्यम से वित्त रहित शिक्षाकर्मियों की समस्याओं के संम्वन्ध में विचार विमर्श किया गया और कुछ लोगों द्वारा दो सूत्री मांग 75% अनुदान वृद्धि और राज्यकर्मी का दर्जा देने वाली गर्माग में से 75% अनुदान वृद्धि का पुरजोर विरोध करने का निर्णय लिया गया। दोनो मांग एक साथ समझ से परे है, क्योंकि अनुदान वृद्धि की मांग करने वाले बहुत से संस्थान सरकारी नियमों की अनदेखी कर अनुदान प्राप्त करते हैं और अनुदान वितरण में भी गड़?बड़ी करते हैं। साथ ही इन लोगों द्वारा समय समय पर सरकार के द्वारा संस्थानों की जांच आदेश का विरोध भी किया जाता रहा है। ज्ञात हो कि बीते दिनों प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से मिलकर एक सूत्री मांग वेतनमान संबंधी ज्ञापन सौंपा था। इसके बावजूद कुछ लोगों द्वारा 75% अनुदान वृद्धि का मांग रखकर सरकार को बरगलाने का प्रयास किया जा रहा है। इससे वित्त रहित शिक्षाकर्मियों में काफी रोष है। प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का सिर्फ और सिर्फ एक मांग है वेतनमान इससे सम्वन्धित संचिका जो कार्मिक विभाग में लंबित है, उस पर शीघ्र अग्रेत्तर कार्रवाई करते हुए सरकार वित्तरहित कर्मियों को वेतनमान देने का कार्य करे।

## बेटूलकलां उपस्वास्थ केंद्र में टीवी उन्मूलन शिविर का हुआ आयोजन

**रामगढ़/गोला।** गोला प्रखंड के उपस्वास्थ्य केंद्र बेटूलकलां में टीवी मुक्त उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। भारत को टीबी मुक्त बनाने के मकसद से पिछले दिनों सरकार ने सौ दिवसीय एक सघन अभियान शुरू किया। आठ दिसंबर 2024 से शुरू हुआ यह अभियान 17 मार्च 2025 तक चलेगा। यह उन्मूलन भारत सरकार द्वारा पूरे देश में चलाया जा रहा है उसी कड़ी में आज गोला प्रखंड के बेटूलकलां पंचायत पहुंचकर वृद्ध या संक्रमित मरीजों को चिन्हित करने के लिए ७१८ एवं बलगम का जांच कर रिपोर्ट देने की बात कही गई। टीवी संक्रमित पाए जाने पर मरीज को बेहतर उपचार किया जाएगा। जांच के लिए सदर हॉस्पिटल रामगढ़ के द्वारा एक्सरे मशीन और एक्सपर्ट को भेजा गया था। मौके पर मुखिया जाकिर हुसैन,कांति देवी प्रभा देवी रीता देवी जितनी देवी स्नेहलता कुमारी धनेश्वरी देवी वीणा देवी सावित्री देवी लखनी देवी रोगिया देवी रोशनी देवी अनीता देवी चंचला देवी सविता देवी उपस्थित थी।

## निर्मल महतो की जयंती पर रामगढ़ विधायक ममता देवी ने दी श्रद्धांजलि

**रामगढ़।** रामगढ़ प्रखंड के बुढाखुखरा चौक में आज महान क्रांतिकारी और झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता निर्मल महतो की जयंती समारोह मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक ममता देवी ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संबोधन में विधायक ममता देवी ने कहा, ‚निर्मल महतो जैसे महान नेता का योगदान झारखंड के इतिहास में अमिट है। उन्होंने झारखंड के निर्माण के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया। उनके विचार और आदर्श हमें सामाजिक न्याय और समानता के लिए कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर झारखंड को समृद्धि और विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाना है।‛ इस अवसर पर कई स्थानीय नेता, बुद्धिजीवी और क्षेत्र के ग्रामीण भी उपस्थित रहे। सभी ने निर्मल महतो के आदर्शों को स्मरण किया और उनके संघर्ष को सलाम किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने झारखंड आंदोलन में उनकी भूमिका को याद करते हुए कहा कि उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने निर्मल महतो के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया।

## भंडरा के 18 हाथियों के झुंड ने मचाई तबाही एक घरों को तोड़ा व घर में रखा 12 बोरी धान को किया चट

**लोहरदगा** जिला के भंडरा के भीठा गांव में बुधवार को 18 हाथियों के झुंड ने तबाही मचाते हुए गांव के तेम्बा उरांव के घर को तोड़ कर तहसनहस कर दिया और उसमें रखा 12 बोरी धान को चट कर दिया। भरनो प्रखंड क्षेत्र में तीन दिन रहने के पश्चात हाथियों को खदेड़ कर वन विभाग के कर्मियों ने सिसई के छारदा टुकु पतरा के पास छोड़ दिया था। वहां से तिलसिरी, कुंदो गुड़गुड़ टोली होते फसलों को रौंदते हुए हाथियों का यह झुंड बुधवार शाम करीब 5:00 बजे भीठा पहुंचा था। वहां तेम्बा उरांव के घर को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। सौभाग्यवश तेम्बा के परिवार उस घर में नहीं थे। अन्यथा अनहोनी हो सकती थी। उसके परिवार के सभी सदस्य पुराने घर में थे। हाथियों के मौजूदगी की खबर फैलने के साथ ही गांव के सभी लोग मशाल आदि के साथ घर से बाहर आ गये और हाथियों को खदेड़ कर कैरो प्रखंड क्षेत्र पहुंचा दिया।

# अटल बिहारी वाजपेयी ने बनाया झारखंड, संताली भाषा को दिलाई संवैधानिक मान्यता

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची:** झारखंड राज्य का गठन करने वाले भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को झारखंड ने अलग अंदाज में याद किया. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से लेकर तमाम दलों के नेताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि दी. झारखंड प्रदेश भाजपा ने जन्मशताब्दी वर्ष पर प्रदेश कार्यालय में प्रदर्शनी का आयोजन किया. जयपाल सिंह स्टेडियम के पास अटल वेंडर मार्केट में अटल जी को श्रद्धांजलि दी गई. विधानसभा परिसर में भी अटल जी को याद किया गया. झारखंड के मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया एक्स पर उन्हें श्रद्धांजलि दी. हेमंत सोरेन ने लिखा, देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर शत-शत नमन.

**अटल जी की जयंती को सुशासन दवस के रूप में मनाती है भाजपा**

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने भी अटल जी को श्रद्धांजलि दी. इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा, 25 दिसंबर को अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती को सुशासन दिवस मनाया जाता है. उनकी वजह से ही झारखंड राज्य अस्तित्व में आया. सन 1999 में अटल बिहारी वाजपेयी चुनावी सभा को संबोधित करने दुमका आए थे. इसमें अटल जी ने कहा था, ह्यआप मेरी सरकार बनवाएं. मैं आपको अलग राज्य का तोहफा दूंगा.

**5 दशक से चल रहे आंदोलन को अटल जी ने दिया सम्मान चंपाई**

चंपाई सोरेन ने आगे लिखा, ह्यलोकसभा के चुनाव में भाजपा की सरकार बनी. अटल बिहारी वाजपेयी देश के प्रधानमंत्री बने. 15 नवंबर 2000 को उन्होंने अलग झारखंड के लिए चलने वाले 5 दशक पुराने आंदोलन को सम्मान दिया और भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर अलग राज्य अस्तित्व में आया.

झारखंड विधानसभा परिसर में अटल जी को श्रद्धांजलि देने के बाद नेताओं ने उनकी प्रतिमा की परिक्रमा भी की.

**कांग्रेस-राजद सरकार ने अलग झारखंड राज्य का किया था विरोध**

चंपाई सोरेन ने आगे लिखा कि बिहार की तत्कालीन राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस की गठबंधन सरकार के विरोध के बावजूद 15 नवंबर 2000 को अटल बिहारी वाजपेयी जी ने झारखंड को अलग राज्य का दर्जा दिया. उनसे पहले की कांग्रेस की सरकारों के रवैये को देखते हुए कह सकते हैं कि अगर केंद्र में अटल जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार नहीं होती, तो शायद हमें इस राज्य के लिए न जाने और कितने दशकों तक संघर्ष करना पड़ता.

**ओल चिकी लिपि को अटलजी ने दिलाई मान्यता : चंपाई सोरेन**

चंपाई सोरेन ने यह भी कहा है कि कई दशकों तक संताल आदिवासी समाज के लोग संताली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करवाने के लिए प्रयास करते रहे. इसके लिए कई बार आंदोलन हुए. उस दौर की कांग्रेस की सरकारों ने कभी इस मांग पर ध्यान नहीं दिया. कांग्रेस की सरकारें संतालियों की मांगों को नकारती रही. अटल जी की सरकार ने वर्ष 2003 में संताली भाषा (ओल चिकी लिपि) को संविधान की आठवीं अनुसूची में स्थान दिलाया.

**वाजपेयी सरकार ने आदिवासियों के लिए शुरू की परियोजनाएं**

चंपाई सोरेन ने कहा कि वर्ष 1999 में अटल बिहारी वाजपेयी की केंद्र में सरकार बनी, तब भारत में पहली बार जनजातीय मंत्रालय का गठन किया गया. इससे देश में आदिवासियों का विकास तीव्र गति से होने लगा. उन्होंने कहा कि झारखंड और जमशेदपुर से अटल जी का गहरा नाता था. अटलजी ने कई बार झारखंड की यात्रा की. हर बार उनको सुनने के लिए हजारों की भीड़ उमड़ती थी. उन्होंने झारखंड राज्य के लिए कई योजनाएं शुरू कीं.

**आदिवासियों की जमीन पर कब्जा कर रहे घुसपैठिये : चंपाई सोरेन**

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के विकास के लिए अटल जी का अलग विजन था. झारखंड और झारखंड के आदिवासियों के लिए उनकी सरकार ने कई योजनाएं शुरू की, लेकिन आज यहां भ्रष्टाचार का बोलबाला है. नोटों के पहाड़ मिल रहे हैं. आदिवासियों की संख्या लगातार घट रही है. घुसपैठिये हमारी भूमि पर कब्जा कर रहे हैं.

**अटल जी के सपनों को साकार कर रही नरेंद्र मोदी सरकार**

उन्होंने कहा कि अटल जी के रास्ते पर चलते हुए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के सपनों को साकार कर रही है. पिछले वर्ष आदिवासियों के कल्याण के लिए पीएम जनमन योजना की शुरूआत हुई. झारखंड के हर कोने में बन रहे 88 एकलव्य मॉडल विद्यालय आदिवासियों को शिक्षित एवं सशक्त बनाने के उनके सपने को पूरा करेंगे.

## आनंद और उद्धार का संदेश देता है प्रभु यीशु का जन्म : आर्चबिशप

**रांची.** संत मरिया महागिरजाघर में जन्म पर्व की आराधना में मुख्य अनुष्ठाता आर्चबिशप विंसेंट आईंद थे. आर्चबिशप ने मिस्सा के दौरान कहा कि आज के दिन हम लोग जागरण करते हुए यीशु का स्वागत करते हैं. हम यीशु के स्वागत के कई रूप की बात करते हैं. ऐतिहासिक रूप से और बाइबल के जरिये भी हमारा विश्वास है कि बेतलेहम में रात के अंधेरे में यीशु का जन्म हुआ. बेतलेहम में जब चरवाहे जागरण करते हुए अपने भेड़ों की रक्षा कर रहे थे, तभी उन्हें स्वर्गदूतों के जरिये ईश्वर का संदेश मिला. यह संदेश आनंद और उद्धार का था कि गोशाले में यीशु का जन्म हुआ है. यह घटना हमें स्मरण दिलाती है कि हमें भी जीवन के अंधियारे में जागरण करना है, ताकि हम प्रभु के आगमन से चूक नहीं जायें. जागरण का मतलब है-जीवन को अच्छा बनाना. सादगी से जीवन जीना, नीतिपूर्वक रहना, प्रेम, शांति और भाईचारा को बढ़ावा देना. यह सभी जागरण की स्थिति है. प्रभु यीशु की महिमा का गान कियाआराधना के दौरान बाइबल से पाठ वचन पढ़े गये. कोयर दलों ने गीतों से प्रभु यीशु की महिमा का गान किया. इस आराधना में पल्ली पुरोहित फादर आनंद डेविड सहित अन्य पुरोहितों ने आर्चबिशप को आराधना में सहयोग किया. आराधना संपन्न होते ही सबने एक-दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी.

## बोर्ड के स्टूडेंट्स ध्यान दें! अब तक नहीं किया परीक्षा के लिए आवेदन तो इस तारीख तक करें अप्लाई

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची :** अगर आपने भी मैट्रिक, आठवीं, नौवीं बोर्ड के लिए आवेदन नहीं किया है तो जल्द कर लें. क्योंकि झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने का आवेदन भरने की तारीख बढ़ा दी है. इसे लेकर आयोग ने नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है. इसके मुताबिक बिना विलंब शुल्क के साथ 26 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं. वहीं, विलंब शुल्क के साथ 27 से 31 दिसंबर के फॉर्म जमा करने की तारीख है.

**आकांक्षा के जरिये आप मुफ्त में कर सकते हैं इंजीनियरिंग और मेडिकल की तैयारी**




वहीं, अगर आप आठवीं कक्षा के छात्र हैं तो लेकिन आपने अब तक आवेदन नहीं किया है तो 28 दिसंबर फॉर्म जमा कर लें. क्योंकि इसके बाद आयोग दूसरा मौका नहीं देगा. वहीं अगर आप आकांक्षा प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं लेकिन अभी तक आवेदन नहीं किया तो 31 दिसंबर तक आवेदन कर लें. क्योंकि इस परीक्षा को पास करने के बाद आप मेडिकल और इंजीनियरिंग के प्रतिष्ठित संस्थानों में दाखिले पाने के लिए मुफ्त में कोचिंग कर सकते हैं. साथ ही रहने खाने की भी व्यवस्था राज्य सरकार करती है. इसके लिए प्रत्येक जिले से 40-40 स्टूडेंट्स का चयन होता है.

**झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने जारी कर दी परीक्षा की तारीख**

बता दें कि झारखंड एकेडमिक काउंसिल परीक्षा की तारीख पहले जारी कर दी है. इसके मुताबिक दोनों बोर्ड की परीक्षाएं 11 फरवरी से आयोजित होंगी. 3 मार्च को पेपर समाप्त हो जाएगा. परीक्षा दोनों पालियों में संचालित होगा. पहले दिन यानी कि 11 फरवरी को के स्टूडेंट्स वोकेशनल सबजेक्ट्स का पेपर देंगे. परीक्षा देने जा रहे छात्र अपना कार्ड पकड़ लें. इसके बिना आप परीक्षा नहीं दे पाएंगे. अधिक जानकारी के लिए जैक की आधिकारिक वेबसाइट देख सकते हैं.

## झारखंड में बंगाल के तर्ज पर होगी जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं की पढ़ाई, शिक्षा विभाग की टीम वहां जाकर करेगी रिपोर्ट तैयार



**रांची :** झारखंड में पश्चिम बंगाल की तर्ज पर जनजातीय और क्षेत्रीय भाषा की पढ़ाई शुरू की जायेगी. इसके लिए जल्द ही राज्य की ओर से एक टीम पश्चिम बंगाल भेजी जायेगी. शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा है कि सरकार स्कूलों में जनजातीय भाषा की पढ़ाई बेहतर करेगी. प्राथमिक कक्षा से इसकी पढ़ाई शुरू की जायेगी. जनजातीय व क्षेत्रीय भाषा की पढ़ाई स्कूल से लेकर विश्वविद्यालय तक सुदृढ़ की जायेगी. इस मामले को लेकर शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले, शिक्षा मंत्री ने इस संबंध में अपने प्रस्ताव की जानकारी मुख्यमंत्री को दी.

**स्कूली शिक्षा विभाग की टीम पहले हफ्ते में जाएगी बंगाल**

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की टीम जनवरी में जाएगी बंगाल रामदास सोरेन ने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस संबंध में आगे की प्रक्रिया शुरू करने की सहमति दी है. अब स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की एक टीम जनवरी के पहले सप्ताह में पश्चिम बंगाल जायेगी. टीम में जनजातीय व क्षेत्रीय भाषा के शिक्षाविद के अलावा विभाग के पदाधिकारी शामिल रहेंगे.

**जनजातीय व क्षेत्रीय भाषा की पढ़ाई की लेगी जानकारी**

पदाधिकारियों और शिक्षाविदों की टीम पश्चिम बंगाल के स्कूलों में हो रही जनजातीय व क्षेत्रीय भाषा की पढ़ाई की जानकारी लेगी. विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति से लेकर पाठ्यक्रम तक की जानकारी लेने के बाद रिपोर्ट तैयार करेगी. इसके आधार पर झारखंड में जनजातीय भाषा की पढ़ाई को लेकर प्रस्ताव तैयार किया जायेगा.

## जीइएल चर्च में आराधना में जुटे मसीही विश्वासी



**रांची.** जीइएल चर्च के मॉडटेर बिशप मार्शल केरकेट्टा ने शाम साढ़े पांच बजे की आराधना के दौरान कहा कि परमेश्वर ने जगत से ऐसा प्रेम किया कि उसने अपना इकलौता पुत्र जगत को दे दिया. यीशु के जन्म से पूर्व ही भविष्यवाणी में उसे सर्वसामर्थी, उद्धारकर्ता और अनंत जीवन प्रदान करनेवाला बताया गया है. प्रभु यीशु ने अपने जन्म के बाद अपने जीवन से इन भविष्यवाणियों को चरितार्थ कर दिखाया.

**मृतकों को जीवन देकर अपने सामर्थ्य को प्रकट किया**

बिशप मार्शल केरकेट्टा ने कहा कि प्रभु यीशु ने रोगियों को चंगाई देकर और मृतकों को जीवन देकर अपने सामर्थ्य को प्रकट किया. उसने पापियों और समाज में निकृष्ट समझे जानेवाले टैक्स कलेक्टर के पापों को क्षमा कर उन्हें अपना शिष्य बनाया. जब स्वर्ग दूतों ने धरती पर गड़ेरियों को यीशु के जन्म का समाचार सुनाया, तो वह स्वर्गिक घोषणा थी. उस रात स्वर्ग दूतों ने जो गीत गाया, उसमें कहा गया था कि धरती पर मनुष्यों को शांति मिले और स्वर्ग में परमेश्वर की महिमा हो. प्रभु के जन्म से पूर्व लोग आशा के जीवन में नहीं थे. उनके जीवन में ईश्वरीय हस्तक्षेप नहीं था. लोग मसीहा का इंतजार कर रहे थे, जो उनके जीवन का उद्धार करेगा. वह इंतजार यीशु के जन्म के साथ पूरा हुआ था. जीइएल चर्च में बड़ी संख्या में विश्वासी पुण्यरात की आराधना में शामिल हुए. आराधना के लिए गिरजाघर को बहुत खूबसूरती से सजाया गया था.

## झारखंड के होमगार्ड बहाली में तकनीकी अभ्यर्थियों के लिए 100 अंकों की होगी परीक्षा, 30 अंक लाना जरूरी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची :** झारखंड होमगार्ड बहाली (नामांकन) को लेकर नियमावली-2014 का गजट गृह विभाग ने प्रकाशित कर दिया है. इसके तहत होमगार्ड बहाली (नामांकन) के लिए परीक्षा बोर्ड द्वारा तकनीकी योग्य अभ्यर्थियों के लिए 100 अंकों की परीक्षा ली जायेगी. इसमें कम से कम 30 अंक लाना जरूरी होगा. सरकारी सेवक का नामांकन विशेषकर शहरी क्षेत्र में कुल रिक्तियों का 10 प्रतिशत ही हो सकेगा.

**सरकारी सेवक को अपने कार्यालय प्रधान से अनापत्ति प्रमाण करना होगा प्रस्तुत**

शहरी गृह रक्षक के रूप में नामांकन के लिए सरकारी सेवक को अपने कार्यालय प्रधान से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा. नियमावली में प्रावधान किया गया है कि शहरी गृह रक्षक के रूप में में नामांकन के लिए अभ्यर्थी को उस जिला या शहर का सामान्यतः निवासी होना चाहिए अथवा वह किसी कार्यालय में काम कर रहा हो, स्वनियोजित हो या तकनीकी ज्ञान रखता हो. डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफसर व अन्य सुयोग्य अभ्यर्थी, सरकारी पदाधिकारी, बैंक अधिकारी आदि के पदस्थापन स्थान को सामान्य निवास माना जायेगा.

**क्या है गजट में**

उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित जिला चयन समिति द्वारा गृह रक्षकों का नामांकन होगा. इसमें जिला समादेष्टा, एसपी व डीसी होंगे. गृह रक्षक का नामांकन जिस जिले में होगा, उस जिले का उपायुक्त मुहर व हस्ताक्षर से आदेश निर्गत किये जाएंगे. प्रत्येक जिला में 50 पद महिला के लिए आरक्षित होंगे. मिहला के लिए प्रस्तावित आरक्षण प्रतिशत के पदों में से पांच प्रतिशत तलाकशुदा, परित्यकता व विधवा के लिए आरक्षित होगा. ग्रामीण गृह रक्षक पद के लिए अभ्यर्थी को उस प्रखंड व गांव का स्थानीय निवासी होना चाहिए. वहीं, शैक्षणिक योग्यता सातवीं पास होना चाहिए. जो अभ्यर्थी राष्ट्रीय, राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतयोगिता में पुरष्कृत हुए हैं, उसका प्रमाण पत्र देने पर अतिरिक्त अंक दिये जाएंगे.

## प्रभु यीशु का जन्म प्रेम, आशा और परिवर्तन का संदेश है :बिशप



**रांची.** सीएनआइ छोटानागपुर डायसिस के बिशप बीबी बास्के ने बहु बाजार स्थित संत पॉल्स कैथेड्रल में अर्द्धरात्रि की आराधना की अगुवाई की. उन्होंने अपने उपदेश में कहा कि प्रभु यीशु का जन्म प्रेम, आशा और परिवर्तन का संदेश देता है. परिवर्तन का मतलब खुद को बदलना है. एक दूसरे से प्रेम का संबंध रखना है. प्रेम से आशा उत्पन्न होती है और यह आशा सुखद भविष्य का है. बुराई और पाप के स्वभाव से हम अलग हो सकते हैं और उस तरह से जी सकते हैं, जिस तरह से ईश्वर ने रहना सिखाया है. हम फिर से अच्छाई और सकारात्मकता की ओर बढ़ सकते हैंबिशप बीबी बास्के ने कहा कि यीशु के जन्म से यह आशा उत्पन्न होती है कि हम कितने भी पाप में क्यों न पड़े हों, हम फिर से अच्छाई और सकारात्मकता की ओर बढ़ सकते हैं. मौके पर पेरिश प्रिस्ट रेव्ह एस डेविड सहित अन्य पुरोहितों ने बिशप बीबी बास्के को आराधना में सहयोग किया. पुण्यरात की आराधना के लिए कैथेड्रल को खूबसूरत ढंग से सजाया गया है. अंदर वेदी के पास एक चरनी बनायी गयी है. आंतरिक सजावट में ताजे फूलों का इस्तेमाल किया गया है. बाहर दो विशाल एलइडी स्क्रीन लगाये गये हैं, जिससे बाहर बैठे लोग भी अंदर का नजारा देख सकते हैं.

## तुलसी पूजन दिवस, राज्यपाल को दिया तुलसी का पौधा



**रांची।** श्री योग वेदांत सेवा समिति रांची, महिला मंडल व श्री आसारामजी बापू आश्रम के अनुयायियों ने राज्यपाल संतोष गंगवार को तुलसी का पौधा देकर उन्हें तुलसी पूजन की याद दिलाई. पूज्य संत आसाराम बापू ने वर्षों पहले 25 दिसंबर को तुलसी पूजन दिवस के रूप में मनाने का आवाहन किया था. पूरे भारतवर्ष में तुलसी पूजन 25 दिसंबर को मनाई जाती है. आसाराम बापू के शिष्य पूरे भारतवर्ष में जहां भी हैं, अपने क्षेत्र में गुरु सेवा मानकर श्रद्धा से तुलसी का पौधा घर-घर बांटते हैं. पूजन की विधि व तुलसी मां के रहस्य को बताते हैं. रांची शहरी क्षेत्र में भी विगत 15 दिनों से तुलसी का पौधा बांटा जा रहा है.

**तुलसी के दर्शन मात्र से पाप का होता है नाश**

तुलसी के दर्शन मात्र से पाप का नाश होता है. स्पर्श मात्र से पवित्रता शरीर की बनी रहती है. जल देकर प्रणाम करने से रोग निवृत्ति होती है और इसमें स्मृति एवं रोग प्रतिकारक शक्ति भी अधिक है. शास्त्र में वर्णन है, तुलसी की जिसके गले में माला हो या तुलसी का पौधा के निकट हो तो उसे यमदूत नहीं छू सकते. तुलसी माला धारण करने से जीवन में ओज तेज बना रहता है. संत आसाराम बापू ने 14 फरवरी वैलेंटाइन दिवस के दिन मातृ पितृ पूजन दिवस मनाने का आहवान किया. राज्यपाल से मिलकर पूज्य बापू का कैलेंडर व तुलसी का पौधा प्रसाद दिया गया. मिलने वालों में श्रीयॉग वेदांत सेवा समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, पूनम तिवारी, राजीव सिंह, गौतम कुमार, सतीश सिंह, मधु, स्वाति अग्रवाल, संध्या दिक्षित, सविता पांडे, श्वेता बहन, युगल किशोरी, राधा, संत आसाराम रांची आश्रम के संचालक गोविंद भाई मौजूद थे.

## झारखंड पुलिस के डीजी के करीबी से दो लाख रुपए की ठगी



**रांची।** झारखंड पुलिस के डीजी मुरारी लाल मीणा की आवाज में उनके करीबी से ही साइबर अपराधियों ने दो लाख रुपये की ठगी कर ली है. मुरारी लाल मीणा वर्तमान में डीजी रेल के पद पर पदस्थापित हैं और वो इस साल 31 दिसंबर को सेवानिवृत होने वाले हैं. खबर लिखे जाने तक इस मामले में प्राथमिकी तो दर्ज नहीं हुई थी, लेकिन झारखंड पुलिस की साइबर सेल पूरे मामले की जांच में जुट गई है. जिस खाते में रुपये ट्रांसफर किए गए हैं, उस खाता के खाताधारक तक पहुंचने के लिए पुलिस प्रयासरत है.

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग कर की गई ठगी**

जानकारी के अनुसार, ठगी की घटना को अंजाम देने के लिए साइबर अपराधियों ने वॉयस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग किया. इसी के तहत साइबर अपराधियों ने डीजी रेल मुरारी लाल मीणा के करीबी को एक अज्ञात नंबर से काल किया. पहले हाल-चाल जाना. इसपर करीबी को लगा कि मुरारी लाल मीणा ही उससे बात कर रहे हैं. इसके बाद उक्त अज्ञात नंबर वाले साइबर अपराधी ने मुरारी लाल मीणा के आवाज में ही उनके करीबी से कहा कि वे अभी अस्पताल में हैं. उनके एक पारिवारिक सदस्य का ऑपरेशन होना है. दो लाख रुपये की तत्काल जरूरत है, उसके बाद ही आपरेशन हो पाएगा. वे बाद में उक्त रुपये वापस कर देंगे. उसने तत्काल आरटीजीएस करने को कहा. इसके लिए उसने अपना खाता नंबर भी दे दिया. डीजी के करीबी को लगा कि आवाज तो उन्हीं की है, वे जरूर किसी परेशानी में हैं, इसलिए उन्होंने दो लाख रुपये आरटीजीएस कर दिया. इसके बाद पता चला कि वो ठगी के शिकार हुए है.

## प्लेसमेंट एजेंसियों ने सरकारी खजाने में जमा नहीं किये बिक्री के 65 करोड़, एक सप्ताह में चुकाना का आदेश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची.** झारखंड स्टेट बेवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड (जेएसबीसीएल) द्वारा चयनित राज्य में खुदरा शराब बेचनेवाली प्लेसमेंट एजेंसियों ने मौजूदा वित्तीय वर्ष (2024-25) में करीब 65 करोड़ रुपये सरकारी खजाने में जमा नहीं किये हैं. आठ जिलों में खुदरा शराब बेचनेवाली प्लेसमेंट एजेंसियों पर बकाया की राशि 50 करोड़ रुपये से भी ज्यादा हो गयी है. इनमें रांची, धनबाद, पलामू, जमशेदपुर, खूंटी, बोकारो, हजारीबाग व कोडरमा शामिल हैं. मामला सामने आने के बाद विभागीय मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने सभी प्लेसमेंट एजेंसियों को एक सप्ताह के भीतर बकाया राशि भुगतान करने का निर्देश दिया है. साथ ही चेतावनी दी है कि तय समय के अंदर राशि जमा नहीं की गयी, तो संबंधित एजेंसियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी.



**राज्य भर में प्लेसमेंट एजेंसी की देखरेख में की जाती है खुदरा शराब की बिक्री**

बता दें कि राज्य में खुदरा शराब की बिक्री की जिम्मेदारी प्लेसमेंट एजेंसियों को दी गयी है. जेएसबीसीएल इन प्लेसमेंट एजेंसियों को थोक में शराब उपलब्ध कराती है, जिसे प्लेसमेंट एजेंसी अपने सेल्समैन के माध्यम से खुदरा में बेचती हैं. राज्य में फिलहाल आधा दर्जन से अधिक प्लेसमेंट एजेंसियां खुदरा शराब बेच रही हैं. शराब की बिक्री के बाद प्रतिदिन की राशि जमा करनी होती है, लेकिन प्लेसमेंट एजेंसियों ने शराब बेचने के बाद लगभग 65 करोड़ रुपये जमा नहीं किये हैं. इसकी जानकारी तब हुई, जब उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग ने शराब की बिक्री व जमा राशि की जांच करायी. इसमें राशि का अंतर पाया गया. इसके बाद विभागीय मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने शराब की बिक्री के बाद राशि जमा नहीं करने की जिलावार समीक्षा की. सभी जिलों की ओर से खुदरा दुकानों में उपलब्ध शराब और बकाया अंतर राशि की रिपोर्ट दी गयी. इस रिपोर्ट के सत्यापन और इसमें गड़बड़ी पाये जाने पर संबंधित पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी भी गयी.

**राशि जमा होने पर इसका सत्यापन भी किया जायेगा**

शराब बेचकर पैसा जमा नहीं करना गंभीर मामला है. सरकारी राशि को समय पर सरकारी खजाने में जमा कराने की जिम्मेदारी विभाग के पदाधिकारियों की है. लगभग 65 करोड़ रुपये शराब बिक्री के बाद जमा नहीं किये गये हैं. प्लेसमेंट एजेंसियों को राशि जमा करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है. तय समय में राशि जमा नहीं करनेवाली एजेंसी पर कार्रवाई की जायेगी. राशि जमा होने के बाद इसका सत्यापन भी कराया जायेगा.

# सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**साहिबगंज(उजाला)**। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस के रूप में मनाई गयी। इस वर्ष उनका जन्म शताब्दी वर्ष भी था। भाजपा द्वारा उनके जन्म शताब्दी के अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री गौतम यादव व कार्यक्रम के संयोजक के नेतृत्व में कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूर्व विधायक राजमहल एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अनन्त कुमार ओझा साहेबगंज सदर प्रखंड के शोभनपुर भट्ठा शक्ति केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में पुष्प अर्पित कर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को नमन किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अनन्त कुमार ओझा ने कहा 25 दिसंबर का ये दिन भारतीय राजनीति और भारतीय जनमानस के लिए एक तरह से सुशासन का अटल दिवस है. आज पूरा देश अपने भारत रत्न अटल को, उस आदर्श विभूति के रूप में याद कर रहा है, जिन्होंने





अपनी सौम्यता, सहजता और सहृदयता से करोड़ों भारतीयों के मन में जगह बनायी.जब भी सर्व शिक्षा अभियान की बात होती है, तो अटल की सरकार का जिक्र जरूर होता है. शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मानने वाले वाजपेयी जी ने एक ऐसे भारत का सपना देखा था, जहां हर व्यक्ति को आधुनिक और गुणवत्ता वाली शिक्षा मिले. वे चाहते थे कि भारत के वर्ग, यानी ओबीसी, एससी, एसटी, आदिवासी और महिला सभी के लिए शिक्षा सहज और सुलभ बने. उनकी सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए कई बड़े आर्थिक सुधार किए. इन सुधारों के कारण भाई-भतीजावाद में फंसी देश की अर्थव्यवस्था को नयी गति मिली. उस दौर की सरकार के समय में जो नीतियां बनीं, उनका मूल उद्देश्य सामान्य मानव के जीवन को बदलना ही रहा. उनकी सरकार के कई ऐसे अद्भुत और साहसी उदाहरण हैं, जिन्हें आज भी हम देशवासी गर्व से याद करते है.भारत के दूर-दराज के इलाकों को बड़े शहरों से जोड़ने के सफल प्रयास किये गए. वाजपेयी जी की सरकार में शुरू हुई जिस स्वर्णिम चतुर्भुज योजना ने भारत के महानगरों को एक सूत्र में जोड़ा वो आज भी लोगों की स्मृतियों पर अमिट है।

**शहर में निकाली गई सुशासन पद यात्रा**

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती के अवसर पर साहेबगंज शहर में सुशासन पद यात्रा निकाली गई। ये पद यात्रा साहेबगंज शहर के स्वामी विवेकानंद चौक से शुरू हुई,रेलवे स्टेशन,ग्रीन होटल होते हुए साहेबगंज कॉलेज के पास समाप्त हुई। इस पद यात्रा में प्रदेश नेतृत्व के प्रभारी के रूप में आये महगामा के पूर्व विधायक अशोक भगत शामिल हुए।

**भाजपा जिला कार्यालय में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जीवनी पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया**

भाजपा जिला कार्यालय में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जीवनी पर आधारित भाजपा जिला कार्यालय में प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। प्रदर्शनी में अटल जी के छात्र जीवन से लेकर उनके प्रभावशाली राजनीतिक सफर को क्रमवार ढंग से प्रस्तुत किया गया है। इसमें उनके प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान लिए गए ऐतिहासिक फैसलों, भारत के विकास व समृद्धि के बड़े प्रयासों को भी रेखांकित किया गया है। प्रदर्शनी में अटल जी की देशभक्ति, सेवा और अदम्य साहस को बखूबी दशार्या गया है। इस अवसर पर अशोक भगत ने कहा इसमें शामिल हर विवरण बहुआयामी व्यक्तित्व के साथ राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान की गवाही देता है। उनकी दूरदर्शी सोच ने भारत को वैश्विक मंच पर एक नई पहचान दिलाई। उनकी विरासत हमें हमेशा मार्गदर्शन देती रहेगी। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गणेश तिवारी, धर्मेन्द्र कुमार,जिला उपाध्यक्ष रामानंद साह,चांदनी देवी, चन्द्रभान शर्मा,मनोज यादव,धर्मेन्द्र मंडल, संजय पटेल,गरिमा साह, विनोद चौधरी,प्रशांत शेखर, अनुराग राहुल,दिनेश पांडेय,सुनील सिंह,अरविंदो घोष,सहित उपस्थित रहे।

## हाईटेंशन बिजली तार जमीन में गिरने से पुआल जलकर राख



**बरहेट/साहिबगंज(उजाला)** ।प्रखंड क्षेत्र के सन्मानी गांव में 11000 बिजली हाईटेंशन बिजली तार बीते रात्रि मंगलवार को गिर गया।जिससे बड़ी घटना टल गई।जानकारी के अनुसार सन्मानी गांव के मोमिन टोला के बहार से 11000 विद्युत तार गुजरा है।जहां तार गिरने से बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी। वही 11000 तार गिरने के कारण रात भर आसपास के गांव में विद्युत आपूर्ति बाधित रहा।जब सवेरे ग्रामीण सो जाने के क्रम में विद्युत तार गिर पड़ा देखा, तो इसकी सूचना विद्युत कर्मियों को देखकर उक्त फीडर का लाइन कटवाया. हालांकि बड़ी घटना टल गई. बिजली तार गिरने से उक्त जगह पर रखा पुआल जलकर राख हो गया।

## बोरियो थाना प्रभारी ने खोया मोबाइल सौंपा



**बोरियो/साहिबगंज(उजाला)**। साहिबगंज जिला के बोरियो थाना को मिली एक और सफलता।बोरियो थाना क्षेत्र के विष्णु कुमार ठाकुर जो पथरा के रहने वाले ने थाना में अपने मोबाइल गुमशुदगी का शिकायत दर्ज कराया था। उक्त शिकायत के आधार पर पुलिस के द्वारा मोबाइल को खोजबीन कर उसे बरामद किया एवं उक्त मोबाइल को शिकायतकर्ता को थाना प्रभारी पंकज वर्मा के द्वारा सौंप दिया गया।वही विष्णु ठाकुर ने थाना प्रभारी के सक्रियता के कारण मोबाईल फोन मिलने पर प्रशंसा व्यक्त करते हुए कम समय में मिलने पर खुशी जाहिर की है।

## जिला प्रशासन की देखरेख में अंतर्राज्यीय फेरी सेवा का शुभारम्भ



**साहिबगंज(उजाला)**।जिला प्रशासन, साहिबगंज की देखरेख में साहिबगंज - मनिहारी अंतर्राज्यीय फेरी सेवा अंतर्गत मालवाहक एवं यात्रीवाहक जलयानों का स्थानीय गरम घाट एवं ओझा टोली घाट से उप विकास आयुक्त, साहिबगंज सतीश चंद्रा ने विधिवत रूप से फिता काटकर परिचालन का शुभारंभ किया। इस मौके पर परियोजना निदेशक, आईटीडीए-सह- जिला जनसंपर्क पदाधिकारी संजय कुमार दास, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुन्नु कुमार मिश्रा, अनुमंडल पदाधिकारी साहिबगंज अंगार नाथ स्वर्णकार,जिला भू-अर्जन पदाधिकारी छुटेश्वर दास, जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी एवं अन्य उपस्थित थे।

## पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती धूमधाम से मनाई गई

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**साहिबगंज(उजाला)** ।आजसू जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष चतुरानंद पांडे के अध्यक्षता में भारत रत्न भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती धूमधाम से मनाई गई।अटल बिहारी वाजपेई भारत के सभी समाज के नेता थे।भारत के पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेई जी भारत ही नहीं पूरे विश्व में सम्मानित नेताओं में उनका नाम सर्वश्रेष्ठ है साथ ही साथ आज झारखंड के लाल निर्मल महतो जी की भी जयंती मनाई गई निर्मल महतो ने झारखंड के सभी समाज युवाओं को एक मंच पर लाकर अलग-अलग झारखंड राज्य बनाने का सपना देखा था और उन सपनों



को यहां की युवाओं ने पूरा किया शहीद निर्मल महतो आज के संपूर्ण झारखंड के सभी युवाओं के दिल में बा शं करने वाले नेता हैं।मौके पर जिला उपाध्यक्ष मणिकांत मिश्रा,नगर अध्यक्ष रामप्रवेश यादव ,गोविंद पासवान,विभाग शाह, वकील मंडल,शशिकांत दुबे,रुदल यादव, मोहम्मद कलीम, विक्रम केसरी,राजू देसाई, शशिधर,सूरज मंडल आदि कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## नकली 500 रुपए के नोट के साथ एक युवक हुआ गिरफ्तार



**साहिबगंज(उजाला)**। नगर थाना की पुलिस ने पाँच पाँच सौ के 7 नकली नोट चलाने की कोशिश करने के आरोप में एक युवक पुलिस हिरासत में लिया गया है। आज स्थानी लोगों की शिकायत पर टाइगर मोबाइल ने एक युवक को हिरासत में लेकर नगर थाना को सुपुर्द कर जांच पड़ताल करने में जुटी है। मालूम हो कि बीते दिनों नगर थाना की पुलिस ने एक पांच सौ रुपये के नकली नोट के साथ पकड़े जाने पर युवक को भेजा था जेल।

## विश्वकर्मा महासभा ने पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह को किया याद

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** दी अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा झारखंड प्रदेश की ओर से बुधवार को रांची के रातू रोड स्थित न्यू मार्केट कार्यालय में विश्वकर्मा वंशज के पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह की श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई. इस अवसर पर महासभा के प्रदेश एवं जिला के पदाधारी और सदस्य शामिल हुए. उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया.

**पूरे माज को गर्व है विश्वकर्मा वंश में जन्मे ज्ञानी जैल सिंह पर : डॉ दिलीप**

प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप सोनी ने कहा कि हमें गर्व है कि विश्वकर्मा वंश में जन्मे ज्ञानी जैल सिंह पंजाब के मुख्यमंत्री, भारत के गृहमंत्री एवं भारत के




सर्वोच्च पद राष्ट्रपति के पद पर आसीन हुए यह विश्वकर्मा समाज के लिए गर्व की बात है. उनका जन्म एक गरीब परिवार में हुआ और उन्होंने कई परेशानियों से जूझते हुए देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने में अपनी माहिती भूमिका को निभाया. आज उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें याद कर उनके बताए मार्गों पर चलने का प्रतिज्ञा किया. रांची के चौरोहों का नामकरण ज्ञानी जैल सिंह के नाम से करने के लिये प्रशासक से मिलेंगे : विक्रांत प्रधान महासचिव विक्रांत विश्वकर्मा ने कहा कि सही बात है, पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह के नाम से झारखंड की राजधानी में चौक चौराहा का नामकरण किया जाना चाहिए. इस संदर्भ में विगत कई वर्षों से कई संस्थाओं द्वारा रांची नगर निगम को आवेदन देकर मांग किया गया है, लेकिन अबतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है. इस संबंध में नगर निगम के प्रशासक से जल्द ही प्रतिनिधिमंडल से मिलेगा. कार्यकारिणी सदस्य महेश शर्मा ने ज्ञानी जैल सिंह के नाम से शहर में चौक चौराहा बनाने की बात कही. मौके पर वरीय उपाध्यक्ष राकेश शर्मा, जिला अध्यक्ष विनोद शर्मा, उपाध्यक्ष अजय शर्मा, अवधेश शर्मा, उदय शर्मा, शंकर विश्वकर्मा, विद्यानंद विद्यार्थी, मनोज शर्मा, कृष्ण शर्मा आदि शामिल थे. संचालन विक्रांत विश्वकर्मा और धन्यवाद ज्ञापन राजेंद्र शर्मा ने किया.

## बरहेट बाजार में रुक-रुक कर घंटे तक रहा सड़क जाम, लोग रहे परेशान



**बरहेट/साहिबगंज(उजाला)**। थाना क्षेत्र के बरहेट बरहरवा मुख्य सड़क अंतर्गत बरहेट नवाब चौक स्थित आधे घंटे से अधिक समय तक सड़क जाम रहा।जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा परेशान। बरहरवा बरहेट मुख्य मार्ग में वाहनों की लंबी कतार देखने को मिली. जानकारी के अनुसार बरहरवा बरहेट मुख्य सड़क में बरहेट नवाब चौक स्थित अवैध रूप से पार्किंग, लगाने के कारण दोनों ओर से बड़े वाहनों का आवागमन बाधित हो जाता है, वाहनों की लंबी कतार लग जाती है. वाहनों की लंबी कतार से मोटरसाइकिल चालक जाम में घंटे तक फंसे रहते हैं. वहीं घटना की सूचना मिलते ही बरहेट थाना पुलिस पहुंचकर जाम को हटाया।

## मोहनपुर पंचायत में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट,एक घायल




**उधवा/साहिबगंज (उजाला)**। राधा नगर थाना क्षेत्र के मोहनपुर पंचायत में आपसी विवाद में हुए मारपीट में एक महिला गंभीर रुप से घायल हो गई।जानकारी के अनुसार मोहनपुर पंचायत निवासी श्रीपद मंडल के 50 वर्षीय पत्नी ऊषा देवी का पड़ोसी के साथ किसी बात को लेकर तू-तू मैं-मैं होते होते विवाद बढ़ गया। वही दोनों पक्षों के बीच धक्का मुक्की होते होते बात मारपीट तक पहुंच गया। जिसमें ऊषा देवी घायल हो गई। जिसे परिजनों की मदद से इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज किया। घटना की सूचना राधानगर थाना पुलिस को दी गई है। पुलिस छानबीन में जुटी है।

# भाजपाइयों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की शताब्दी वर्ष जयंती

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**बरहरवा/साहिबगंज(उजाला)**। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी कोटालपोखर मंडल अध्यक्ष बप्पी निर्मल प्रसाद की अध्यक्षता मे देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई का शताब्दी वर्ष जयंती मनाया गया।उक्त कार्यक्रम में भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रणव कुमार सिंह, मंडल महामंत्री शिवरतन रजवाड़, युवा नेता सूरज माली ,सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे कार्यक्रम के संबोधन में मंडल अध्यक्ष बप्पी निर्मल प्रसाद ने बताया कि आज 25 दिसंबर का ये दिन भारतीय राजनीति और भारतीय जनमानस के लिए एक तरह से सुशासन का अटल दिवस है, पूरा देश अपने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को आदर्श और विभूति के रूप में याद कर रहा है, जिन्होंने अपनी सौम्यता, सहजता और सहृदयता से करोड़ों भारतीयों के मन में जगह बनायी. पूरा देश उनके




योगदान के प्रति कृतज्ञ है, उनकी राजनीति के प्रति कृतार्थ है,21वीं सदी को भारत की सदी बनाने के लिए उनकी एनडीए सरकार ने जो कदम उठाये, उसने देश को एक नयी दिशा, नयी गति दी. 1998 के जिस काल में उन्होंने पीएम पद संभाला, उस दौर में पूरा देश राजनीतिक अस्थिरता से घिरा हुआ था. नौ साल में देश ने चार बार लोकसभा के चुनाव देखे थे. लोगों को शंका थी कि यह सरकार भी उनकी उम्मीदों को पूरा नहीं कर पाएगी,ऐसे समय में एक सामान्य परिवार से आने वाले स्वर्गीय श्री अटल ने, देश को स्थिरता और सुशासन का मॉडल दिया. भारत को नव विकास की गारंटी दी. वे ऐसे नेता थे, जिनका प्रभाव भी आज तक अटल है ,ज्ञात हो कि स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई का जन्म 25 दिसंबर 1924 को ग्वालियर में हुआ था।

## नितिन और अजय सीएस रैंक में प्रोन्नत



**रांची।** राज्य सरकार ने राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ नितिन मदन कुलकर्णी और स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह को अपर मुख्य सचिव रैंक में प्रोन्नति दे दी है. यह प्रोन्नति एक जनवरी 2025 से प्रभावी होगी.

**झारखंड कैडर के आइएएस सत्येंद्र सिंह को प्रोफार्मा**

केंद्रीय प्रतिनियुक्ति में तैनात झारखंड कैडर के आइएएस सत्येंद्र सिंह को अपर मुख्य सचिव रैंक में प्रोफार्मा प्रोन्नति दी गई है.

**तीन अफसर सेक्रेट्री रैंक में प्रोन्नत**

राज्य सरकार ने श्रम विभाग के प्रभारी सचिव मुकेश कुमार को सचिव रैंक में प्रोन्नति दी है. यह प्रोन्नति एक जनवरी 2025 से प्रभावी होगी. वहीं स्कूली शिक्षा विभाग के प्रभारी सचिव उमाशंकर सिंह को भी सेक्रेट्री रैंक में प्रोन्नति दी गई है. यह एक जनवरी 2025 से प्रभावी होगा. वहीं केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनात ए मुत्थुकुमार को सचिव रैंक में प्रोफार्मा प्रोन्नति दी गई है. कार्मिक ने इसका आदेश जारी कर दिया.

## उपायुक्त की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

# बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन का परिचालन करने वाले चालकों पर कड़ाई से करायें पालन : डीसी

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में जिला सडक सुरक्षा प्रबंधन ने बताया की वर्ष 2024 के माह जनवरी से दिसम्बर बैठक की तिथि तक कुल-81 सड़क दुर्घटना हुए है तथा इन सभी सड़क दुर्घटना में कुल 80 की मृत्यु एवं 25 गभीर रूप से घायल हुए है एवं हिट एंड रन की कुल 19 मामले प्राप्त हुए है एवं इस विश्लेषण से यह ज्ञात हुआ है की पिछले वर्ष की तुलना में वर्तमान वर्ष के माह दिसम्बर 24 तक सभी सड़क दुर्घटना में 10,15 मृत्यु एवं 5 गंभीर रूप से घायल लोग की दर में इजाफा हुआ है। उपायुक्त ने सभी सड़क मार्गो शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित रूप से वाहन जांच अभियान को तेजी से चलाने का निर्देश दिया। साथ ही विशेष रूप से दो पहिया वाहन जांच प्रतिदिन हो इसको सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि वाहन जांच के दौरान आमलोगों को बताएं कि हेलमेट, चालक एवं सह चालक के लिए हेलमेट, ट्रिपल राइड, ड्रंक एंड ड्राइव, सीट बेल्ट, मोबाइल फोन एवं अन्य की जांच बहुत जरूरी है। ओवर स्पीडिंग गलत साइड में वाहन चलाना सुरक्षात्मक एवं कानूनी दोनों दृष्टिकोण से गलत है एवं यह कानूनी अपराध तथा मोटर वाहन अधिनियम के धाराओ का उलंघन है। उपायुक्त ने कहा कि लोगों में ज्यादा से ज्यादा जागरूकता फैलाएं खास कर के स्कूल, कॉलेज, आम पब्लिक, भीड़ भाड वाले स्थान पर। इसके लिए बैनर, पोस्टर, साइनेज, रम्बल स्ट्रिप आदि लगाने का कार्य करें। सड़क सुरक्षा को लेकर प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधि आदि को भी जागरूक करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने सभी विद्यालयों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करने को निर्देश दिया एवं कहा कि शिक्षकों को, अभिभावकों को भी जागरूक करें, उन्हें सड़क सुरक्षा की जानकारी दें।

**जांच के दौरान कई वाहनों पर हुई कार्रवाई**

वहीं जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक के द्वारा बताया गया कि जिला अन्तर्गत सभी सड़क मार्गो पर वाहन जांच के क्रम मे कुल 21 लाख 28 हजार 121 रुपए की सभी प्रकार के वाहनों पर चालान किया गया जिसमे से कुल 6 लाख 13 हजार 750 रुपए की राशि का फाइन जमा कराया गया है। उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बकाया राशि जमा नहीं करने वाले वाहनों को ब्लैकलिस्टेड करते हुए बकायेदार की सूची जिला न्यायलय को भेजें। नगर परिषद क्षेत्र के नो एंट्री सीमा प्रारम्भ के अंदर सड़क किनारे लगाये जाने वाले वाहनों पर नो पार्किंग का फाइन पार्किंग वसूल करने,निर्धारित समय सीमा के अंदर ही वाहन का प्रवेश एवं निकास हो तथा नो एन्ट्री का उल्लंघन करने वाले पर निरंतर कार्यवाही की जाए। साथ ही उपायुक्त ने परिवहन विभाग को निर्देश दिया की जिला अंतर्गत सभी कोल कंपनियों के प्रबंधन को अंतिम निर्देश दिया जाए की कोयला दुलाई के परिवहन में लगे सभी वाहनों में रिफ्लेक्टिव टैप, हेड एंड रियर लाइट, फिटनेस, विजिबिलिटी के साथ प्रदर्शित होने वाले नंबर प्लेट, व्हीकल ट्रैकिंग डिवाइस, ड्राइविंग लाइसेंस हैवी आदि की जांच निरंतर कराई जाए। वहीं कोयला दुलाई के उपयोग में ले जा रहे हैं सभी हाईवे एवं ट्रैकों को ट्रिपाल एवं अन्य से ढककर ही वाहन का परिचालन कराया जाए उल्लंघन करने वाले वाहन एवं वाहन चालक को सीज करने के साथ दंड की राशि भी वसूल की जाए।

**हिट एंड रन मुआवजा का अनुपालन मे तेजी लाये एवं गुड सेमेरिटन को करें सम्मानित**

उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारी, चिकित्सक आदि से आपसी समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया। साथ ही गुड सेमेरिटन के प्रोत्साहन एवं जागरूकता हेतु पोस्टर बैनर लगाने का निर्देश दिया। इसके अलावा एंबुलेंस सेवा के तहत सरकारी एवं निजी एम्बुलेंस चालकों एवं दुर्घटना के क्रम में क्विक रिस्पॉन्स हेतु निर्देश दिया गया। जिला अंतर्गत सभी लंबित सड़क दुर्घटना के हिट एंड रन मृतक के आश्रितों को मुआवजा देने के मामलों को एक सप्ताह के अंदर निष्पादन करने हेतु सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी एवं अन्य सभी संबंधित पदाधिकारीयों को इस प्रकार के संवेदनशील मामलों को कार्रवाई में विलंब ना होने का निर्देश दिया।

## पूर्व प्रधानमंत्री की सौवीं जयंती पर छात्रों को किया गया प्रोत्साहित



**झारखंड उजाला, संवाददाता**

**हरिहरगंज/पलामू।** अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय कौआखोह में बुधवार को समारोह आयोजित कर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर छात्रों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू,जिला उद्यान पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार, बीडीओ पारितोष कुमार सहित कई शिक्षक और जनप्रतिनिधियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर पूर्व प्रधानमंत्री की श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कल्याण पदाधिकारी ने संबोधित करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए प्रोत्साहित की। वहीं जिला उद्यान और प्रखंड विकास पदाधिकारी ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षा के प्रति छात्रों को प्रोत्साहित किया। इस बीच पदाधिकारियों ने छात्रों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। मौके पर आकांक्षी ब्लॉक के कोऑर्डिनेटर प्रणव कुमार, बीएओ ब्रजेश कुमार के साथ ही मुखिया जितेन्द्र पासवान, संदीप यादव, सनोज गुप्ता, प्रमुख प्रतिनिधि अनिल पासवान, मिथिलेश पासवान, प्रधानाचार्य श्रवण कुमार, बिंदेश्वरी राम, संजय कुमार आदि उपस्थित थे।

## प्रखंड प्रशासन और पत्थलगड़ा प्रेस क्लब के बीच हुई सद्भावना क्रिकेट मैच, विजेता बने पत्थलगड़ा प्रेस कल्ब

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**



**चतरा।** पत्थलगड़ा प्रखंड के ऐतिहासिक स्वर्गीय उमाकांत पाठक खेल मैदान में प्रखंड प्रशासन पत्थलगड़ा और पत्थलगड़ा प्रेस क्लब के बीच सद्भावना मैच का आयोजन किया गया। मैच के मुख्य अतिथि के रूप में चतरा प्रेस क्लब का जिला अध्यक्ष सुनील कुमार कश्यप, उहउ चतरा जिला अध्यक्ष धनंजय तिवारी, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रेस क्लब चतरा जिला सचिव मोहम्मद मुकीम अंसारी, प्रेस क्लब चतरा जिला संरक्षक कमलापति पांडे पत्रकार ,दीपक कुमार उपस्थित रहे।मैच में प्रखंड विकास पदाधिकारी कलीन्द्र साहू, अंचला अधिकारी उदल राम, विजय सिंह, प्रमुख मनीषा कुमारी, बरवाडीह पंचायत मुखिया संदीप कुमार सुमन, समाजसेवी अंबिका यादव उपस्थित थे।क्रिकेट मैच का शुभारंभ राष्ट्रीय गान के साथ हुई।उसके पूर्व अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों का परिचय किया गया साथ ही उपस्थित अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।मैच का नेतृत्व पत्थलगड़ा प्रेस क्लब के प्रखंड अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने किया। प्रखंड प्रशासन और पत्थलगड़ा प्रेस क्लब के बीच क्रिकेट का रोमांचक मैच 16-16 ओवर की हुई।जिसमें प्रखंड प्रशासन टॉस जीतकर बैटिंग की और 16 ओवर में 127 रन बनाया वहीं प्रेस क्लब ने 13 ओवर में 128 रन बनाकर मैच का विजेता रही।मौके पर क्रिकेट मैच में बेस्ट बॉलर पिंटू कुमार दांगी और बेस्ट बल्लेबाज रविंद्र कुमार, बेस्ट फील्डिंग नावाडीह पंचायत के पूर्व मुखिया में मेघन दांगी ने किया और अंपायर के रूप में संदीप रजक एवं रूपेश कुमार उपस्थित रहे। इन सभी को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।मौके पर विजेता टीम व उपविजेता टीम को शील्ड एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। क्रिकेट मैच में चतरा प्रेस क्लब के कार्यकारिणी सदस्य पत्रकार श्रीकांत राणा, प्रखंड सचिव मोहम्मद सिराजुल, प्रखंड उपाध्यक्ष सुनील दांगी, प्रखंड उप सचिव कैलाश दांगी, अभिषेक सिंह, मनीष सिंह, सुनील कुमार, विष्णु देव दांगी, संजय राणा, नाजिर सत्येंद्र कुमार, रोजगार सेवक जितेंद्र सिंह, उपस्थित हुए।

## श्री श्री 1008 महारुद्र यज्ञ एवं भागवत कथा का भव्य आयोजन कलश यात्रा के साथ हुआ प्रारंभ



**यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़।** अभयानंद अभिषेक शास्त्री जी महाराज जी के आगमन के साथ श्री श्री 1008 महारूद्र यज्ञ का कलश यात्रा के साथ हुआ प्रारंभ। नगर के शिव शीतला मंदिर प्रांगण से कलश यात्रा निकल गया। जिसमें हजारों हजार की संख्या में माताएं बहनों एवं सनातनियों के उत्साह के साथ गांधी चौक होते हुए हिरण चौक, बागान पड़ा होते हुए शिव शीतला मंदिर प्रांगण होते हुए महा रूद्र यज्ञ प्रांगण में सात मंजिला यज्ञ भवन की परिक्रमा कर समापन किया गया।मौके पर आयोजन की अगुवाई करते हुए नीरज मिश्रा, सुनील सिंह, सुमित मलिक,कमल गोयल, आयोजन के जजमान प्रदीप अग्रवाल, प्रतीक ठाकुर, निर्मल भगत, तपन सेन, मिथलेश ठाकुर, अनंत अग्रवाल, उज्जवल भगत राम भक्त सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष राहुल सिंह,जिला अध्यक्ष रतन भगत, रोहित भगत, सागर चौधरी,अभिषेक कुमार, मनोज दास, ऋतु राज बसंत एवं अन्य सैकड़ो की संख्या में सनातनी उपस्थित थे।

## सांसद मनीष जायसवाल के कार्यालय में सदस्यता अभियान का एक दिवसीय काम काजी बैठक का आयोजन

**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला ब्यूरो।**



**हजारीबागः** 25 दिसंबर 2024 को भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा हजारीबाग के बैनर तले जिला अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी के अध्यक्षता मे हजारीबाग लोकसभा के सांसद श्री मनीष जायसवाल जी के कार्यालय झंडा चौक चौक हजारीबाग में सदस्यता अभियान का एक दिवसीय काम काजी बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक सिमरिया माननीय किशुन कुमार दास विशिष्ट स्थिति प्रदेश महामंत्री रंजन पासवान अति विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल वाल्मीकि प्रदेश उपाध्यक्ष सूरज राज प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश राम के अलावे सदस्यता के प्रभारी बिनोद राम उपस्थित हुए अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ एवं माला पहनाकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री पप्पू पासवान के द्वारा किया गया । स्वागत भाषण में जिला अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी के द्वारा संबोधित करते हुए कहा गया कि हजारीबाग जिला को मोर्चा को जो भी लक्ष्य मिला है उसे हर हाल मे सदस्य बनकर पूरा करेंगे कार्यकताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष किशुन कुमार दास ने कहा 15 जनवरी तक अधिक से अधिक सदस्य और सक्रिय सदस्य बनाकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है।

कार्यक्रम को संबोधित प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल वाल्मीकि एवं प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश राम प्रदेश उपाध्यक्ष सूरज राज प्रभारी बिनोद राम के द्वारा बारी बारी संबोधित किया गया। मौके पर उपस्थित हुए जिला उपाध्यक्ष लखन राम हरि प्रयाग राम मिर्धा जिला महामंत्री रंजीत कुमार जिला महामंत्री पप्पू पासवान जिला मंत्री लक्ष्मी देवी जिला सोशल मीडिया प्रभारी रामू राम जिला प्रवक्ता बलराम मंडल अध्यक्ष दिलीप दास उमेश राम राजकुमार दास संजय दास नागेश्वर रजक परमेश्वर राम सरयू राम रोहित राम राजेंद्र राम गोविंद राम के अलावे सैकड़ो की संख्या में जिला एवं मंडल के पदाधिकारी उपस्थित हुए।

## वाजपेयी जी के कार्यकाल में देश का अद्वितीय विकास हुआः सासंद



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**

**चतरा।** टंडवा प्रखंड मुख्यालय में भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष, महान कवि और पूर्व प्रधानमंत्री अटल भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम में सांसद कालीचरण सिंह मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ वाजपेयी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने अपने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वाजपेयी जी न केवल एक कुशल वक्ता और महान कवि थे, बल्कि उनके कार्यकाल में देश ने अद्वितीय विकास देखा। वे सभी दलों के नेताओं के प्रिय थे और उनके विचार आज भी देशवासियों को प्रेरित करते हैं।कार्यक्रम मे असहाय लोगो के बिच कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, विधायक जनार्दन पासवान, कोडरमा विधायक नीरा यादव भी उपस्थित रहे।

## सिंचाई कूप निर्माण में भारी अनियमितता, मात्र ढाई इंच की हो रही है जोड़ाई

मना करने के बावजूद घटिया किस्म के सामग्री का किया जा रहा है इस्तेमाल, जोड़ाई मात्र ढाई इंच की, प्रशासन करें जांचः पंचायत के जनप्रतिनिधि

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**



**पाकुड़ :** गांव के विकास हेतु सरकार की महत्वाकांक्षी मनरेगा अंतर्गत कई विकास योजनाएं दी जाती है. इसी मनरेगा के तहत गांव में रहने वाले किसानों के लिए सिंचाई कूप निर्माण हेतु चार लाख के करीब सरकार पैसा खर्च करती है. लेकिन बिचौलियों के द्वारा सिंचाई कूप निर्माण में भारी मात्रा में अनियमितता बरती जाती है. जिसके फल स्वरुप कुछ ही दिनों के अंदर सिंचाई कूप दम तोड़ देता है. ऐसा ही एक मामला सदर प्रखंड के रहसपुर पंचायत में प्रकाश में आया है. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उक्त पंचायत में रकीब शेख के जमीन पर सिंचाई कूप का निर्माण हो रहा है. जिसमें भारी अनियमितता बरती जा रही है. जानकारी के अनुसार एक सिंचाई कूप की गहराई 36 फिट होती है और चौड़ाई 12 फीट. पूरा सिंचाई कूप का निर्माण 10 इंच की जोड़ाई से करना होता है. लेकिन उक्त सिंचाई कूप के निर्माण में कूप का सिर्फ ऊपरी हिस्सा दिखावे के लिए मात्र साढे तीन फीट गहराई तक 10 इंच की जोड़ाई हुयी है. बाकी का पूरा हिस्सा मात्र ढाई इंच की जोड़ाई की जा रही है. जबकि पूरा कूप 10 इंच की जोड़ाई मैं होना है. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उक्त निर्माण कार्य में उपयोग होने वाले सामग्री भी घटिया किस्म का बताया जा रहा है. सीमेंट की मात्रा भी बहुत ही कम दी जा रही है. ईंटो की गुणवत्ता की अगर बात करें तो थर्ड ग्रेड की ईंट उपयोग हो रही है.

**क्या कहते हैं पंचायत के प्रतिनिधि**

वही इस बाबत उक्त पंचायत के उप मुखिया शमीम अख्तर सहित कई वार्ड सदस्यों ने बताया कि उक्त सिंचाई कूप निर्माण स्थल पर किसी तरह का कोई बोर्ड नहीं लगा है. जिससे यह पता नहीं चल रहा है कि किसके नाम पर सिंचाई कूप स्वीकृत की गई है. उप मुखिया का कहना है कि यह कूप रुस्तम अली के नाम पर स्वीकृत है जिसकी योजना संख्या 3414001029 बताई जा रही है. यह भी एक चौंकाने वाली बात है कि योजना किसी और के नाम से है और किसी और की जमीन पर की जा रही है. हालांकि यह जांच का विषय है. उक्त पंचायत के ज्यादातर वार्ड सदस्य एवं उप मुखिया ने बताया कि हम लोगों ने उक्त निर्माण कार्य में हो रही अनियमितता के विरुद्ध निर्माण कार्य में मिस्त्री एवं मजदूरों को समझाया है कि इस तरह का कार्य न करें. बावजूद इसके मात्र ढाई इंच की जोड़ाई करके निर्माण कार्य किया जा रहा है. बहरहाल जो भी हो, सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उच्च गुणवत्ता के साथ करने की जरूरत है. ताकि किसानों को सालों साल इसका फायदा मिल सके. प्रशासन को इस और ध्यान देने की जरूरत है.

## सांसद ने जीएम से मिलकर समस्याओं का निराकरण के लिए दिए निर्देश



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**

**चतरा।** आम्रपाली परियोजना में विस्थापित-प्रभावित लोगों के बीच उत्पन्न विभिन्न समस्याओं के निराकरण को लेकर चतरा सांसद काली चरण सिंह परियोजना क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर आये। इस दौरान जीएम अमरेश कुमार सिंह ने गीता ,शॉल व श्रीफल भेंट कर जीएम कार्यालय में उनका औपचारिक स्वागत किया। बताया गया कि वार्ता के दौरान सांसद ने प्रदूषण,स्थानीयों के नियोजन व वाहन मालिकों की समस्याओं को प्रमुखता से रखते हुवे त्वरित व प्रभावी समाधान करने के लिए कई आवश्यक दिशा - निर्देश दिये। बता दें, सदन में सांसद श्री सिंह द्वारा शून्य काल में बेरोजगारी, पलायन, कोल वाहनों से सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी, मुआवजा की असमानता समेत अन्य मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया था। वहीं कुछ दिनों पूर्व हीं ट्रक वाहन मालिकों की विभिन्न समस्याओं को निराकरण हेतु आशुतोष मिश्रा ने ज्ञापन सौंपकर भाड़ा वृद्धि, डीएमओ चालान में समय बढ़ाने तथा अपेक्षित फॉर्मेट उपलब्ध कराने समेत अन्य मांगों पर समुचित पहल करने का आग्रह किया गया था। वार्ता के दौरान परियोजना के सभी मौजूद विभागीय अधिकारियों के बीच उक्त सभी मुद्दों को शीघ्र समाधान करने का भरोसा जीएम ने सांसद को दिया है।

## भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100 वीं जयंती पर भाजपा कार्यकताओं ने किया नमन

**यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो**




**पाकुड़ः** राजनीतिज्ञ, प्रशासक, भाषाविद,कवि, पत्रकार,लेखक पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100 वीं जयंती भारतीय जनता पार्टी पाकुड़ के कार्यकताओं ने धूमधाम से मनाया।पाकुड़ नगर के अटल चौक पर स्थापित उनके आदमकद पर प्रतिमा पर भाजपा कार्यकताओं में माल्यार्पण कर व पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष अमृत पांडेय ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुमका लोकसभा के पूर्व सांसद सुनील सोरेन एवं भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष-सह-राज्यसभा सांसद अभयकांत प्रसाद मौजूद थे।इस अवसर पर जनसंघ के जमाने के कार्यकताओं पूर्व विधायक बेनी प्रसाद गुप्ता एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता सच्चिदानंद तिवारी को साल ओढ़ाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर को सम्मानित कर अटल जी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अनुग्राहित प्रसाद साह,निवर्तमान नगर परिषद अध्यक्ष सम्पा साहा,पूर्व जिलाध्यक्ष विवेकानंद तिवारी मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता हिसाबी राय ने किया।सर्वप्रथम भाजपा जिलाध्यक्ष अमृत पांडेय ने कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराया तदोपरांत भाजपा कार्यकताओं ने सभी मंचासीन अतिथियों को अंग वस्त्र एवं प्रदान कर माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया।इस अवसर पर अटल चौक पर संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया जिसमें अटल जी के जीवनी और उनके सरकार के स्वर्णिम कार्यकाल पर कार्यकताओं ने अपने-अपने विचारों को रखा।पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभयकांत प्रसाद ने कहा कि भारतीय राजनीति के पटल पर मुल्यों एवं आदर्शों की राजनीतिक स्थापित कर अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले भाजपा के पितृ पुरूष करोड़ कार्यकताओं के पथ प्रदर्शक भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय स्वामी अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर हम सभी कार्यकताओं को नमन करते हैं।अटल जी के नेतृत्व में देश ने सुशासन को चरितार्थ होते हुए देखा है।ग्रामीण भारत की मजबूत नींव रखने वाले सदा अटल जी सदैव राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा।दुमका लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद सुनील सोरेन ने कहा कि भाजपा अटल जी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मना रही है।सुशासन का अर्थ लोगों को इस तरह से सेवा करना है जिससे उनकी सभी अपेक्षाएं संवैधानिक ढांचे के अंतर्गत पूरी करना है।इसका प्रमुख उद्देश्य सरकार के नीतियां और नेतृत्व प्रभावित ढंग से लागू करने के साथ-साथ अटल जी की नीतियां और नेतृत्व और दिशा निर्देशन आज भी सरकारों को आज की भावी पीढ़ियां प्रेरणा और आदर्श की तरह काम करते हैं और वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलने वाली सरकार सबका साथ-सबका विकास के साथ उनके सपनों को सुशासन के साथ साकार कर रही है। कार्यक्रम में अटल जी के दो कविताओं का गायन सुदीप त्रिवेदी ने किया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन भाजयुमो के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिकेत गोस्वामी ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जदयू जिलाध्यक्ष गौतम मंडल, धर्मेंद्र त्रिवेदी रूपेश भगत, सुशील साहा, पंकज साह, विक्रम मिश्रा, गोपी दुबे, मिथिलेश मंडल, मनोरमा देवी आदि थे।

## उपायुक्त ने की धान अधिप्राप्ति की समीक्षा, किसानों को लैंपस में धान विक्रय के लिए करें प्रेरित

**यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** उपायुक्त मनीष कुमार ने मंगलवार देर शाम को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से धान अधिप्राप्ति योजना वर्ष 2024-25 को लेकर समीक्षा बैठक की। समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने धान अधिप्राप्ति लक्ष्य के अनुरूप त्वरित गति से संपन्न कराए जाने हेतु जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं जिला सहकारिता पदाधिकारी को सतत निगरानी एवं अनुश्रवण किए जाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने जिले में संचालित सभी लैम्पस के सचिव को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र के निबंधित किसानों से सम्पर्क कर जागरूकता अभियान चलाते हुए




उन्हें लैम्पस में ही धान आपूर्ति कराने हेतु प्रेरित किया जाय। 31 दिसम्बर तक जिले के सभी चयनित लैम्पस में धान अधिप्राप्ति की न्यूनतम 20 हजार क्वीं० प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। धान अधिप्राप्ति की प्रतिदिन न्यूनतम मात्रा जिले में 2 हजार क्वीं० निर्धारित किया गया। उपायुक्त ने कहा कि बड़े पैदावार वाले निबंधित किसान अपने धान को अन्य राज्य में न भेजें एवं किसानों को बताएं कि कम दाम में अपने धान को नहीं बेचें, किसान अपने धान को अपने नजदीकी धान क्रय केंद्र (लैम्पस) में बेचे। उपायुक्त ने जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्देश दिया कि अपने विभाग से संबंधित प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए प्रतिदिन लैम्पस में धान की अधिप्राप्ति की न्यूनतम निर्धारित मात्रा सुनिश्चित करायें।

## कॉलेज परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

# सत्यदेव नारायण कॉलेज ऑफ फार्मेसी की नींव रखने का हमारा संकल्प है : डॉ एनसी अग्रवाल

**अरविंद अग्रवाल, झारखंड उजाला, ब्यूरो पलामू**



**छतरपुर/ पलामू:** गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज, सड़मा के संस्थापक सचिव, स्मृति शेष सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल जी की द्वितीय पुण्यतिथि पर कॉलेज परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उनकी स्मृति में अनेक गतिविधियों का आयोजन कर उनके योगदान को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की शुरूआत सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके पश्चात निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज और आसपास के गांवों के सैकड़ों लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। इसके साथ ही ट्रस्ट की ओर से जरूरतमंद महिलाओं और पुरुषों को कंबल भी वितरित किए गए। श्रद्धांजलि सभा के मुख्य कार्यक्रम में कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य प्रो. राजकिशोर लाल ने स्वागत भाषण दिया।

नवीन कुमार सहाय ने कहा, सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल जी एक महामानव थे। उनके विचार और आदर्श सदैव अमर रहेंगे। हमें उनके सपनों को साकार करने के लिए एकजुट और सक्रिय रहना होगा।₹ प्रेम भसीन ने अपने संबोधन में सत्यदेव अग्रवाल जी के साथ अपने 70 वर्षों के संबंध को याद करते हुए कहा, उनकी दूरदृष्टि और कार्यशैली अतुलनीय थी। हमें उनकी संस्था को और अधिक उन्नति की ओर ले जाना होगा। सत्यदेव अग्रवाल जी की बड़ी पुत्री, डॉ. ऋतु अग्रवाल ने भावुक होकर कहा, सड़मा जैसे नक्सल प्रभावित गांव में कॉलेज की स्थापना उनके जुनून और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। वे मेरे लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत और रोल मॉडल रहेंगे। प्रो. अश्विनी ने सत्यदेव जी के छतरपुर में यूनिवर्सिटी बनाने के सपने को पूरा करने का आह्वान किया और इसे उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि बताया। डॉ. नारायण अग्रवाल ने कहा, सड़मा गांव का नाम सत्यदेव नगर रखा जाना चाहिए। यह उनके प्रति आदर और श्रद्धा का प्रतीक होगा। साथ ही उनके जन्मदिन पर हर साल विशेष कार्यक्रम आयोजित करने की परंपरा शुरू की जानी चाहिए। आने वाले समय में हम यहां एक यूनिवर्सिटी स्थापित करेंगे। इसी वर्ष सत्यदेव नारायण कॉलेज ऑफ फामेर्सी की नींव रखने का हमारा संकल्प है।

सत्यदेव जी के छोटे पुत्र और कॉलेज के वर्तमान सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने कहा, हम उनके अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। हम सड़मा गांव का नाम सत्यदेव नगर करने और यूनिवर्सिटी स्थापित करने के प्रयास करेंगे। कार्यक्रम का संचालन प्रो. अखिलेश कुमार सिंह ने किया। यह आयोजन सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल जी के शिक्षा क्षेत्र में दिए गए अभूतपूर्व योगदान को स्मरण करने और उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने के लिए किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने उनके संकल्पों को पूरा करने का दृढ़ निश्चय लिया। मौके पर कॉलेज के सभी कर्मचारी उपस्थित थे एवं कार्यक्रम को सफल बनाया।

## डीसी व एसपी ने मदर टरेसा चौक का किया निरीक्षण, सड़क चौड़ीकरण किए जाने के संबंध में लिया जायजा



**पाकुड़ :** मंगलवार देर रात को उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से नगर परिषद अंतर्गत मदर टेरेसा चौक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने सड़क चौड़ीकरण किए जाने के संबंध में जायजा लिया। साथ ही मदर टरेसा चौक के सौंदर्यीकरण को लेकर विशेष कार्य पदाधिकारी एवं प्रशासक, नगर परिषद पाकुड़ को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

## उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने अनुकम्पा समिति के निर्णय पर 7 लोगों के बीच बांटा नियुक्ति पत्र, कहा अनुशासित होकर करें काम



**पाकुड़ :** समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने मृत सरकारी सेवक के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र सौंपा। समाहरणालय संवर्ग अंतर्गत 01 निम्नवर्गीय लिपिक, 06 अनुसेवक पद पर नियुक्त किया गया।नियुक्ति पत्र देने के दौरान उपायुक्त मनीष कुमार ने अनुशासित एवं कर्तव्यनिष्ठ होकर हमेशा सजग रहने का निर्देश दिया।

# शिक्षा का हब बनेगा हुसैनाबाद : शिवपूज मेहता

**झारखंड उजाला, संवाददाता**



**हुसैनाबाद, पलामू:** हुसैनाबाद निकट भविष्य में शिक्षा के हब बनने की दिशा तेजी से अग्रसर हैं इसके लिए स्थानीय स्तर पर पुस्तकालय एवं डिजिटल पुस्तकालय में वृद्धि हो रही हैं इससे यहां के युवा युवतियों को शिक्षा के क्षेत्र में काफी लाभ मिलेगा विभिन्न विषयों का अध्ययन व प्रतियोगिता की तैयारी में सुविधा होगी उक्त बातें हुसैनाबाद हरिहरगंज के पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूज मेहता ने कही हैं वे बुधवार को हुसैनाबाद शहर के सैदाबाद स्थित दिव्या डिजिटल सेल्फ स्टडी पॉइंट के शुभ उद्घाटन के मौके पर कही हैं, इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी एवं पाठ्यक्रम की विभिन्न विषयों की तैयारी के यहां की बच्चें बंच्चिया ,रांची पटना दिल्ली व कोटा में जाते थे वंहा पर अभिभावकों का अधिक खर्च होता था ऐसे स्थानीय स्तर पर लाइब्रेरी खुल जाने से इस क्षेत्र के मेधावी छात्रों लाभ होगा व आर्थिक बचत होगा।वही लाइब्रेरी संचालक विपिन मेहता ने बताया कि मेरा एक सोच था कि यहां की मध्यवर्गीय व किसान के बच्चे कम खर्च में अत्यधिक सुविधाओं वाला स्टडी लाइब्रेरी में पढ़े यही कारण हैं मैं इस स्टडी पॉइंट में सभी तरह अत्यधुनिक व्यवस्था से लैस हैं ताकि बच्चों को पढ़ने में कोई असुविधा ना वही उन्होंने बताया कि अभी इसमें बच्चों सहूलियत के हिसाब से और भी आवश्यकताओ की पूर्ति की जाएगी। ,मौके पर लाइब्रेरी संचालक विपिन कुमार मेहता, सोनू जसवाल,रामप्रवेश मेहता, अमरेंद्र मेहता,कन्हाई मेहता, सत्येन्द्र मेहता,जिसो गुप्ता, प्रिंस पासवान,छोटू शर्मा,हरिनंदन मेहता मुकेश मेहता,प्रमोद मेहता शुशील गुप्ता,राधे मेहता,पंकज मेहता समेत कई लोग उपस्थित थे।

## क्रिसमस का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**झारखंड उजाला, संवाददाता।**

**अमडापाड़ा।** प्रखंड भर के विभिन्न गिरजाघरों एवं मिशन विद्यालयों में बुधवार को प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन के मौके पर ईसाई समुदाय के लोगों के द्वारा क्रिसमस का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ईसाई समुदाय के लोगों ने प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गिरजाघरों में प्रार्थना की।सुबह से ही गिरजाघरों में लोगों की भीड़-भाड़ देखा गया।नए-नए कपड़े पहन बच्चे खुशी से झूम रहे थे। प्रखंड क्षेत्र के शहरघाटी, गौरपाडा, डुमरचीर, आलूबेडा, तालझारी, बड़ा बास्को संथाली सहित अन्य स्थानों पर गिरजाघरों में बड़ी संख्या में लोग प्रार्थना सभा में मौजूद रहे। लोगों ने गिरजाघरों में उपस्थित होकर फादर की अगुवाई में प्रभु यीशु मसीह के प्रतिमा के समक्ष मोमबत्ती जलाकर सामूहिक प्रार्थना की।प्रार्थना के बाद फादर ने कहा कि प्रभु यीशु मसीह ने जीवन भर लोगों को परस्पर प्रेम करने,एक दूसरों के साथ दयापूर्वक व्यवहार करने और मानव सेवा की शिक्षा दी है। उनके ही उपदेशों पर चलने से समाज की कई बुराइयां दूर हो सकती है। हमें भी उनके उपदेशों पर चलने से आपस में प्रेम भाव बढ़ेगा और घृणा दूर होगी।इससे आपस में सहनशीलता बढ़ेगी। समाज में सुख और शांति फैलेगी।प्रभु यीशु मसीह के उपदेशों को अपने जीवन में जरूर उतारें। क्रिसमस के उपलक्ष पर 24 दिसंबर की रात से ही विभिन्न गिरजाघरों में संगीत,प्रार्थना सभा आदि का आयोजन किया गया। मध्य रात्रि से ही हैप्पी क्रिसमस से बधाईयों का सिलसिला जारी हो गया था। इस अवसर पर लगभग सभी गिरजाघरों को प्लास्टिक झालर, राइस बॉल, गुब्बारा सहित अन्य चीजों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। लोगों ने उत्साह पूर्वक इस त्यौहार को मनाया व एक दूसरे को पर्व की बधाई दी।

## गुजरात से पीड़िता का पार्थिव शरीर पहुंचा पांकी, अंत्येष्टि संस्कार में शामिल हुए माननीय मंत्री एवं उपायुक्त

**झारखंड उजाला, ब्यूरो पलामू**



**मेदिनीनगर (पलामू)।** गुजरात से पीड़िता के पार्थिक शरीर को एम्बुलेंस से आज शाम पांकी के ढुब गांव लाया गया।यहां पीड़िता के पार्थिक शरीर पर राज्य के वित्तीय, वाणिज्य-कर,योजना एवं विकास विभाग तथा संसदीय कार्य विभाग के मंत्री राधा कृष्ण किशोर,उपायुक्त शशि रंजन,पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम व स्थानीय विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने श्रद्धासुमन अर्पित करने के पश्चात अंत्येष्टि संस्कार कार्यक्रम में शामिल हुए।इस दौरान जिला प्रशासन के तरफ से पीड़िता के परिवारजनों को अंत्येष्टि कार्यक्रम हेतु माननीय मंत्री ने एक लाख रुपये सौंपा।

**दुख की इस कठिन घड़ी में सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है: मंत्री**

इस अवसर पर माननीय मंत्री ने परिवारजनों को ढांढस देते हुए कहा कि दुख की इस कठिन घड़ी में सरकार पीड़ित परिवार के साथ है।उन्होंने पलामू डीसी को नियमानुसार सभी योजनाओं से परिवार के लोगों को लाभान्वित करने व संभव हो तो परिवार में से किसी एक को स्थायी या अस्थाई नौकरी देने की बात कही। उन्होंने कहा कि घटना के आरोपी को फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से सजा दिलाने को लेकर सरकार गुजरात प्रशासन से लगातार संपर्क में है। उन्होंने कहा कि परिवार की हर जरूरत व मदद के लिये सरकार प्रतिबद्ध है।

**इस तरह की घटना सभ्य समाज के लिए अस्वीकार्य,आवास सहित अन्य योजनाओं से परिवार को जोड़ा जायेगा: उपायुक्त**

जिले के उपायुक्त श्री रंजन ने कहा कि पीड़िता के परिवारजनों संग पूरा जिला प्रशासन है।उन्होंने कहा कि परिवार को अबुआ आवास सहित सभी योजनाओं से जोड़ा जाएगा।उन्होंने कहा कि इस तरह की घटना सभ्य समाज के लिए अस्वीकार्य है।उन्होंने कहा कि प्रखंड प्रशासन को परिवार से सीधा संपर्क में रहने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को पुनर्वास की व्यवस्था की जा रही है। मौके पर उपरोक्त के अलावे उप निर्वाचन पदाधिकारी,बीडीओ-सीओ, स्थानीय जन प्रतिनिधि समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# जुकाम में दिलाए तुरंत राहत काली मिर्च

### घरेलू उपाय करेंगे सर्दी-जुकाम में फायदा



- नाक बंद हो तो दालचीनी, काली मिर्च, इलायची और जीरे को बराबर मात्रा में लेकर तवे पर भूनें। इनको पीस कर छोटे-से सूती कपड़े या रूमाल में बांध कर पोटली बना लें। इन्हें सूंघने से नाक खुल जाएगी।

### पेट संबंधी समस्याओं में कारगर

- दही में काली मिर्च और काला नमक मिलाकर खाने से पाचन संबंधी विकार दूर होते हैं। छाछ में काली मिर्च का चूर्ण मिलाकर पीने से पेट के कीटाणु मरते हैं और पेट की बीमारियां दूर होती हैं।
- पेट में गैस की समस्या होने पर एक कप पानी में आधे नीबू का रस, आधी चम्मच पिसी काली मिर्च, आधा चम्मच काला नमक, एक चम्मच अदरक का रस व शहद मिला कर पीएं।
- कब्ज होने पर 4-5 काली मिर्च के दाने दूध के साथ रात में लेने से आराम मिलता है।
- बदहजमी होने पर कटे नीबू के आधे टुकड़े के बीज निकाल कर थोड़ा-सी काली मिर्च और काला नमक लगाकर चूसें।
- काली मिर्च को हींग और अजवायन के साथ लेने से हैजा में आराम मिलता है।

### गुर्दे की पथरी में फायदेमंद

- बेलपत्र में थोड़ा-सा पानी मिलाकर पीस लें। इसमें एक साबुत काली मिर्च डाल कर रात भर रखें। सुबह इसे खा लें। दूसरे दिन 2 काली मिर्च और तीसरे दिन 3 खाएं। ऐसे 7 काली मिर्च तक पहुंचें। आठवें दिन काली मिर्च की संख्या घटाना शुरू करें और वापस एक तक आ जाएं। दो सप्ताह तक यह प्रक्रिया दोहराएं।

### आंखों के लिए उपयोगी

- कमजोर आंखों की स्थिति में काली मिर्च को शहद के साथ मिलाकर खाना फायदेमंद है।

### ब्लड प्रेशर को करे नियंत्रित

- इसके लिए दिन में 2-3 बार 5 दाने काली मिर्च और 20 दाने किशमिश का सेवन करें।

### याददाश्त बढ़ाने में सहायक

- काली मिर्च शहद में मिलाकर खाने से कमजोर याददाश्त में फायदा

होता है।

### दांतों के लिए फायदेमंद

- नमक के साथ काली मिर्च मिलाकर दांतों में मंजन करने से पायरिया ठीक होता है। दांतों में चमक और मजबूती बढ़ती है।

### इन उपायों से भी होगा फायदा

**भाप लें**

विक्स के जरिए बंद नाक खोलना सबसे आना तरीका है। गले पर लगाने से भी यह काफी हद तक राहत देता है। आप बंद नाक और गले की दिक्कत के लिए गर्म पानी में विक्स डालकर उसकी भाप भी ले सकते हैं।

**लहसुन को डाइट में शामिल करें**

सर्दी से बचने के लिए लहसुन का इस्तेमाल खाने में जरूर करें। हो सके तो दिन में एक बार लहसुन की एक कली को कच्चा चबाकर खाएं। अगर ऐसा ना कर पाएं तो दाल-सब्जी में लहसुन का उपयोग जरूर करें। लहसुन की चटनी भी शरीर को गर्म रखने और नाक-गले से जुड़ी दिक्कतों से बचाती है।

**दूध में अदरक पकाकर पीएं**

जुकाम होने पर दूध पीने के लिए मना किया जाता है क्योंकि ऐसी स्थिति में दूध कफ बढ़ाने का काम कर सकता है। लेकिन अदरक डालकर पकाया गया दूध हल्दी मिक्स करके पीने से जुकाम और गले की समस्या में तुरंत राहत देता है। आप सुबह और शाम के वक्त इसका सेवन कर सकते हैं।

# किस बीमारी के लिए कौन-सा टेस्ट कराएं



35 वर्ष से ऊपर के पुरुष और 40 से ऊपर की महिलाओं को साल में एक बार प्रीवेंटिव हेल्थ चेकअप अवश्य कराना चाहिए। परिवार में किसी को हृदयरोग, डायबिटीज या कोई आनुवंशिक समस्या है तो नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराएं। किस समस्या के लिए कौन-सा टेस्ट, यहां जानें एनीमिया तथा संक्रमण के लिए कम्प्लीट हीमोग्राम



### डायबिटीज

फास्टिंग ब्लड टेस्ट, ग्लाइकोसिलेटेड हीमोग्लोबिन, यूरिन टेस्ट

### गुर्दे से संबंधित

कम्प्लीट रेनल फंक्शन टेस्ट

### लिवर

कम्प्लीट लिवर फंक्शन टेस्ट

### हृदय से संबंधित

कम्प्लीट लिपिड प्रोफाइल, ईसीजी, टीएमटी

### हड्डी व मांसपेशी

बोन मिनरल डेन्सिटी टेस्ट, कैल्शियम, विटामिन डी, विटामिन बी12

### थाइरॉएड

टी3, टी3आर अल्ट्रासोनिक, टी4, टीएसएच पीसीओएस , एफएसएच एलएच, टेस्टास्टेरोन, एस्ट्रोजन, एएमएच, लिपिड प्रोफाइल **फेफड़े व सांस की समस्या-** पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (पीएफटी), चेस्ट एक्स-रे **पेट के रोग** -अल्ट्रासाउंड होल ऐब्डॉमिन महिलाओं के विशेष टेस्ट - मेमोग्राफी, पेप स्मीयर

## रेसिपी

### उड़द दाल की पूड़ी



**सामग्री**

■ धुली उड़द दाल- 100 ग्राम ■ मैदा- 250 ग्राम ■ कलौंजी- 1/3 टीस्पून ■ चीनी- 1 चम्मच ■ तेल- तलने के लिए ■ नमक- स्वादानुसार

**विधि**

उड़द दाल को 8-10 घंटे पानी में भिगोने के लिए रख दें और इसके बाद मिक्सर में इसको पीस लें। एक बाउल में मैदा, नमक, चीनी, कलौंजी एक साथ मिक्स कर लें। अब इसमें 3 चम्मच घी या तेल भी डाल दें। इसके बाद इसमें दाल वाला मिक्सचर भी मिला लें। अब इसमें गुनगुना पानी डालकर नरम आटा गूंद लें। इसे सेट होने के लिए 20 मिनट के लिए कपड़े से ढ़ककर रख दें। अब इनके छोटे-छोटे बॉल्स बना लें और इसकी पूरियां बना लें। पैन में तेल गर्म करें और इसमें इन पूड़ियों को फ्राई कर लें। आलू-टमाटर की गरमा-गरम सब्जी के साथ इसे सर्व करें।

### ब्रेड पिज्जा



**सामग्री**

■ व्हाइट ब्रेड- 4 स्लाइस ■ मोजैला चीज़- 100 ग्राम ■ प्याज- 1 (बारीक कटा) ■ शिमला मिर्च- 1 (बारीक कटा) ■ टमाटर- 1 (बारीक कटा) ■ जॉलपेनो- 25 ग्राम ■ चिली फ्लेक्स- 1/2 टीस्पून ■ मिक्स्ड हर्ब्स- 1/2 टीस्पून ■ ऑरिगेनो- 1/2 टीस्पून ■ शेजवान चटनी- 1 चम्मच ■ टमेटो केचअप- 2 चम्मच ■ नमक- स्वादानुसार

**विधि**

ओवन को 15-20 मिनट पहले 180 डिग्री पर प्रीहीट होने के लिए रख दें। एक बाउल में टमाटर, जालपेनो, प्याज, शिमला मिर्च मिक्स करें। अब इसमें चिली फ्लैक्स, मिक्स्ड हर्ब्स, ऑरिगेनो और नमक मिलाकर मिक्स करें। पिज्जा चटनी बनाने के लिए टमेटो केचअप, शेज़वान चटनी और चिली फ्लैक्स को एक बाउल में मिक्स कर लें। अब ब्रेड के एक साइड इस सॉस को फैलाएं। फिर उसके ऊपर वेजिटेबल्स वाला मिक्चर फैलाएं। उसके ऊपर चीज़ को कद्दूकस को करके फैलाएं। अब ब्रेड स्लाइस को बेकिंग ट्रे में रखें और इसे ओवन में रखें।15 मिनट बाद ओवन से निकाल लें। ब्रेड पिज्जा रेडी है। ऊपर से थोड़ा सा ऑरिगेनो बुरक कर गरमा-गरम सर्व करें।

# किसानों के ही हितों की चिंता क्यों ? उद्योगों के हितों की चिंता कौन करेगा ?



स्मिता सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

एक जमाना था उत्तर प्रदेश में उद्योग लगाते व्यापारी डरता था। उसे अपहरण या रंगदारी मांगने का सदा खतरा रहता था। आज ये माहौल पंजाब में है। वहां उद्योगों के गेट के सामने धरने दिए जा रहे हैं। उद्योगों से माल की आपूर्ति बंद है। वहां व्यापारी परेशान है। आज देश के सामने किसान हित की बात सबसे आगे है। किसान आंदोलन के बाद से सब किसान की बात कर रहे हैं। उद्योग और उद्योगपति की समस्याओं पर किसी का ध्यान नहीं है। आज देश की सबसे बड़ी जरूरत विकास की है। विकास किसान ही नहीं लाता। उद्योगपति भी लाता है। उसकी भी समस्याएं हैं। उसकी भी परेशानी हैं। समय की मांग है कि अकेले किसान ही नहीं देश के उद्योगपति के बारे में सोचा जाए। किसान के जब न्यूनतम समर्थन मूल्य की बात हो रही है तो उद्योगपति को भी गारंटी दी जाए, कि उसके सामने आने वाली समस्याओं को प्राथमिकता पर दूर किया जाएगा। उसके बने सामान का न्यूनतम मूल्य मिलेगा, अगर वह उस पर न बिके तो सरकार खरीदेगी। एक जमाना था उत्तर प्रदेश में उद्योग लगाते व्यापारी डरता था। उसे अपहरण या रंगदारी मांगने का सदा खतरा रहता था। आज ये माहौल पंजाब में है। वहां उद्योगों के गेट के सामने धरने दिए जा रहे हैं। उद्योगों से माल की आपूर्ति बंद है। वहां व्यापारी परेशान है। कई साल पहले ममता बनर्जी ने टाटा नैनो के बंगाल में लगने वाले कारखाने का विरोध किया था। रियायंस के नोएडा में बनने वाले बिजलीघर की भूमि पर पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह ने भी ट्रैक्टर चलाया था। झारखंड और हरियाणा ने विधानसभा में कानून पास किया है कि स्थानीय व्यक्तियों को प्रदेश के उद्योग और विकास कार्य में 75 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए। 30 हजार रुपये तक के वेतन वाले 75 प्रतिशत रोजगार स्थानीय युवकों को दिये जाएं। ऐसे कानून बनाना प्रदेश के राजनेताओं द्वारा विकास के रास्ते को अवरुद्ध करना है। टाटा की नैनो बंगाल में नहीं गुजरात में बनी। आज बंगाल में उद्योग लगाते हुए बिजनेसमैन डरता है।



बिजनेसमैन उद्योग का ढांचा जब खड़ा करता है, तो उसके पास उद्योग की जरूरत के हिसाब से पूंजी नहीं होती। वह उसके लिए ऋण लेता है। अपनी चल संपत्ति बैंक को गिरवी रखता है। ऐसे में बिजनेस में घाटा आ जाए तो वह व्यापारी बरबाद हो जाता है। धंधेबाज और राजनैतिक पहुंच वाले व्यापारी बच निकलते हैं। सीधे और ईमानदार व्यापरी बर्बाद हो जाते हैं। किसान की उपज की न्यूनतम दर तय करते हुए व्यापारी के उत्पाद और उसे भी उसका न्यूनतम मूल्य देने के बारे में भी विचार करना होगा। उत्तर प्रदेश के किसानों का सबसे बड़ा मुद्दा समय पर उनके गन्ना मूल्य का भुगतान न होना है। किसान संगठन और सरकार का दबाव रहता है कि चीनी मिल समय पर गन्ना मूल्य भुगतान करें। चीनी मिल को समय से सब्सीडी का भुगतान हो यह कोई नहीं कहता। चीनी मिल द्वारा बिजली बनाकर उत्तर प्रदेश बिजली बोर्ड को दी जाती है। बिजली बोर्ड समय से चीनी मिलों का बिजली मूल्य बकाया दे, इस पर किसी का ध्यान नहीं। किसान को समय से गन्ना मूल्य भुगतान न करने पर कोर्ट ने 14 दिन बाद से ब्याज देने के आदेश कर दिए। चीनी मिल या बिजली बनाने वाले अन्य उद्योग पर भी तो ये ही शर्त लागू हो। उन्हें भी तो बिजली की आपूर्ति के 14 दिन बाद भुगतान न होने पर सूद मिलना चाहिए। पिछली अखिलेश यादव सरकार ने चीनी मिलों से बिजली बनाने को कहा था। चीनी मिलों से अनुबंध किया था। बिजली की दर निर्धारित की गई थी। योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री बनते ही ये दर कम कर दी। ऐसे में उद्योगपति कैसे विश्वास करे? हालत यह है कि ट्रेड टैक्स अधिकारी इनसे प्रतिमाह बंधी रकम लेते हैं, तो एक्साइज विभाग भी यही करता है। सरकार ईमानदार है किंतु अधिकारी जी भर कर लूट रहे हैं। इस लूट पर रोक कैसे लगे, इस पर भी मंथन होना चाहिए। दूसरे व्यवसायी को अधिकार हो कि उसे औसत नहीं आ रहा तो वह उद्योग बंद करे। रेट व्यापारी और कच्चे माल के व्यापारी के बीच तय होता है। दूसरी ओर गन्ने का रेट सरकार तय करती है। चीनी मिल वाले कहते हैं कि उन्हें घाटा है तो मिल को सरकार बंद नहीं करने देती है, न किसान। मिल जिस प्रजाति के गन्ने को बोने के लिए मना करता है। किसान वही प्रजाति बोता है। न लेने पर मिल स्टाफ से मारपीट होती है। किसान से साफ गन्ना लाने को कहा जाता है। पर वह गन्ने की पत्ती नहीं निकालता। उससे मिट्टी नहीं हटाता। मना करने पर मारपीट होती है। ऐसे ही एक मामले में बिजनौर जनपद की एक चीनी मिल के जीएम से किसान मारपीट कर चुके हैं। एक चीनी मिल के जीएम को गोली मारी जा चुकी है। ऐसी हालत में सोचना होगा कि उद्योग कैसे चलें? मुलायम सिंह पहली बार मुख्यमंत्री बने। उस समय उद्योगपति प्रदेश में उद्योग लगाते डरता था। उन्होंने उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए कुछ छूट देने की घोषणा की। इसके बाद मायावती मुख्यमंत्री बनीं। उन्होंने छूट खत्म कर दी। नए लगे उद्योग बीमार हो गए। मुलायम सिंह दुबारा मुख्यमंत्री बने पर अपनी पहली सरकार वाली छूट उद्योगों को बहाल नहीं की। सर्वोच्च न्यायालय ने प्रदेश सरकार के इस आदेश को गलत बताया। छूट की राशि देने के आदेश दिए। पर आज तक भुगतान नहीं हुआ।

ऐसे में सरकार पर उद्योगपति कैसे विश्वास करें? उद्योग नीति बनाते समय घोषणा हो कि ये नीति दस साल या बीस साल लागू रहेगी। कोई बदलाव नहीं होगा। किसान को बिजली सस्ती दर पर दी जा रही है। उसके बिजली के बिल माफ किए जाते हैं, क्या किसान ही उत्पादक है, उद्योगपति नहीं? उद्योगपति से तो बिजली का और ज्यादा महंगा रेट लिया जाता है। उसके भी तो बिजली के बिल माफ होने चाहिए। प्रदेश सरकार समय-समय पर किसान के ऋण माफ करती है। कर्ज में डूबे उद्योगों के साथ ऐसा क्यों नहीं होता?

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली ।

**मेष राशि :-** आज का दिन व्यवसायियों के लिए अनुकूल है। कारोबार अच्छा चलेगा और आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। हालांकि, कार्यभार की अधिकता रहेगी, जिससे मानसिक और शारीरिक रूप से थकान का अनुभव होगा। गृहस्थ जीवन में उलझे हुए प्रश्नों का निराकरण मिलेगा और संपत्ति से जुड़े कार्यों का भी रास्ता निकलेगा। भाई-बहनों के साथ सम्बंधों में प्रेम बना रहेगा। मध्याह्न के बाद कार्य में प्रतिकूलताओं में वृद्धि होगी।

**वृषभ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। वाणी पर संयम रखने से अन्य लोगों के साथ मनमुटाव के प्रसंगों को टाल सकेंगे। आध्यात्मिक विचार और प्रवृत्तियों में दिनभर मन लगा रहेगा। फिर भी विद्यार्थियों के पढ?-लिखने में एकाग्रता रखनी पड़ेगी। मध्याह्न के बाद चिंताओं के निवारण करने के उपाय मिलने से मानसिक शांति का अनुभव होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थता बनी रहेगी। प्रतिस्पर्धा की इच्छाएं फलीभूत नहीं हो पाएंगी।

**मिथुन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में अनुकूल वातावरण मिलने के योग बन रहे हैं। आज का प्रत्येक कार्य बिना विघ्न के संपन्न होगा। गृहस्थ जीवन में उग्र वातावरण बना रहेगा। आध्यात्मिक प्रवृत्ति में रुचि रहेगी। कार्यालय में आपका प्रभाव बना रहेगा। मध्याह्न के बाद आपके मन पर नकारात्मक विचारों का आक्रमण होने से मन में हताशा रहेगी। घर के कार्यों के पीछे धन का खर्च होने की संभावना है।

**कर्क राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार मध्यम रहेगा और कार्यभार की अधिकता रहेगी, कठिन परिश्रम से कार्य फसल होंगे। धार्मिक कार्यों में भाग लेंगे तथा धार्मिक यात्रा पर भी जा सकते हैं, जिसमें अधिक धन खर्च होने की संभावना रहेगी। कोर्ट-कचहरी के कार्य सफल होंगे। पुण्य कार्य के पीछे धन का व्यय होगा। ईश्वर की आराधना आपके मन को शांति प्रदान करेगी। मध्याह्न के बाद आपके प्रत्येक कार्य सरलतापूर्वक संपन्न होंगे।

**सिंह राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में भी लाभ होगा। शेयर और प्रॉपर्टी में निवेश लाभदायक रहेगा। पारिवारिक जीवन में सुख-शांति छाई रहेगी। विवाहोत्सुकों को योग्य साथी मिलने की संभावना है। किसी मनोहर स्थल पर प्रवास हो सकता है। पुराने मित्रों से मुलाकात होगी, जो लाभदायक रहेगी। धार्मिक कार्यों के पीछे धन का खर्च अधिक होगा। आय की अपेक्षा खर्च की मात्रा अधिक होगी।

**कन्या राशि :-** आज का दिन लाभदायी है। कायक्षेत्र में अच्छा माहौल रहेगा और व्यापार-व्यवसाय में अपेक्षित सफलता मिलने की संभावना रहेगी। आकस्मिक धनलाभ से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। धार्मिक कार्यों में रुचि ले सकते हैं। आनंद-प्रमोद और मनोरंजक प्रवृत्तियां दिनभर चलती रहेंगी। घर की साज-सजावट में नयापन लाएंगे। वाहन-सुख भी मिलेगा। सामाजिक प्रसंग में कहीं बाहर जाने का प्रसंग उपस्थित होगा। रमणीय स्थान पर प्रवास का आनंद ले सकेंगे।

**तुला राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यापार को विकसित करने की ओर अधिक ध्यान देंगे। नई योजनाएं और विचारधारा की नवीनता से व्यापार प्रगति की दिशा में अग्रसर होने लगेगा। फिर भी कार्य में सफलता मिलने में विलंब हो सकता है। मध्याह्न के बाद व्यापार के अनुकूल वातावरण सर्जित होगा। इसी कार्य के लिए कहीं बाहर जाने की संभावनाएं भी उपस्थित हो सकती हैं। पदोन्नति के योग हैं। आपकी कार्यपद्धति से उच्च अधिकारी भी आप पर प्रसन्न रहेंगे।

**वृश्चिक राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। खान-पान पर विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। नकारात्मक विचारों को मन से निकाल देने पर हताशा से उबर पाएंगे। अनैतिक और अप्रमाणिक कार्य विपत्ति में डाल सकता है, इसलिए संभव हो तो उससे दूर रहें। आकस्मिक प्रवास का योग है। मध्याह्न के बाद अच्छी समय अच्छा बीतेगा। लेखन या साहित्यिक प्रवृत्ति में विशेष रुची रहेगी। व्यापार में विकास होने से नई योजनाएं भी अमल में आएंगी।

**धनु राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। किसी के साथ भावनात्मक संबंध से बंध सकते हैं और उस संबंध में आज कुछ अधिक भावनाशील रहेंगे। आनंद-प्रमोद तथा मनोरंजक प्रवृत्ति से मन प्रफुल्लित रहेगा। इस प्रवृत्ति में मित्रों का सहकार मिलने से मनोरंजन का आनंद दुगुना हो जाएगा। मध्याह्न के बाद स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। वाहन चलाते समय सावधानी बरतें। क्रोध पर संयम रखें। वाणी उग्र न हो जाए, इसका भी ध्यान रखें।

**मकर राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा और आर्थिक लाभ होगा। व्यापार के विस्तार की नई योजनाएं शुरू कर सकते हैं, जिनमें सफलता मिलेगी। धन प्राप्ति का प्रबल योग है। नौकरी में पदोन्नति हो सकती है और आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। परिवार के साथ अच्छा समय बीतेगा। अच्छे वस्त्र और अच्छे खान-पान से मन प्रफुल्लित रहेगा। मनोरंजक प्रवृत्ति से मन प्रफुल्लित रहेगा। छोटे प्रवास या पर्यटन पर जा सकते हैं।

**कुम्भ राशि :-** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगी। कारोबार में समय अनुकूल रहेगा और आर्थिक लाभ की स्थिति बनेगी। व्यापार में विकास होने से मन में आनंद छाया रहेगा। वस्त्राभूषणों की खरीदी आपके लिए रोमांचक और आनंददायी रहेगी। कला के प्रति आपकी अभिरुची विशेष रहेगी। घर की साज-सजावट में नयापन लाएंगे। वाहन-सुख भी मिलेगा। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा और परिजनों का भरपूर सहयोग मिलेगा। खान-पान में संयम रखें।

**मीन राशि :-** आज का दिन आपके लिए मध्यम फलदायी रहेगा। कारोबार में छोटी-छोटी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। संपत्ति सम्बंधित दस्तावेजों को लेकर सावधानी रखना होगा। सोच-समझकर और किसी की सलाह लेकर किया गया निवेश लाभदायक रहेगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें, अन्यथा परिवार में कलह होने की संभावना रहेगी। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा। स्वास्थ्य को लेकर चिंतित हो सकते हैं।

# राष्ट्र निर्माण के 'अटल' आदर्श की शताब्दी

पीएम पद पर रहते हुए उन्होंने विपक्ष की आलोचनाओं का जवाब हमेशा बेहतरीन तरीके से दिया। वो ज्यादातर समय विपक्षी दल में रहे, लेकिन नीतियों का विरोध तर्कों और शब्दों से किया। एक समय उन्हें कांग्रेस ने गद्दार तक कह दिया था, उसके बाद भी उन्होंने कभी असंसदीय शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया। मैं जी भर जिया, मैं मन से मरूं...लौटकर आऊंगा, कूच से क्यों डरूं? अटल जी के ये शब्द कितने साहसी हैं...कितने गूढ़ हैं। अटल जी, कूच से नहीं डरे...उन जैसे व्यक्तित्व को किसी से डर लगता भी नहीं था। वो ये भी कहते थे... जीवन बंजारों का डेरा आज यहां, कल कहां कूच है..कौन जानता किधर सवेरा...आज अगर वो हमारे बीच होते, तो वो अपने जन्मदिन पर नया सवेरा देख रहे होते। मैं वो दिन नहीं भूलता जब उन्होंने मुझे पास बुलाकर अंकवार में भर लिया था...और जोर से पीठ में धौल जमा दी थी। वो स्नेह...वो अपनत्व...वो प्रेम...मेरे जीवन का बहुत बड़ा सौभाग्य रहा है।

आज 25 दिसंबर का ये दिन भारतीय राजनीति और भारतीय जनमानस के लिए एक तरह से सुशासन का अटल दिवस है। आज पूरा देश अपने भारत रत्न अटल को, उस आदर्श विभूति के रूप में याद कर रहा है, जिन्होंने अपनी सौम्यता, सहजता और सहृदयता से करोड़ों भारतीयों के मन में जगह बनाई। पूरा देश उनके योगदान के प्रति कृतज्ञ है। उनकी राजनीति के प्रति कृतार्थ है। 21वीं सदी को भारत की सदी बनाने के लिए उनकी एनडीए सरकार ने जो कदम उठाए, उसने देश को एक नई दिशा, नई गति दी। 1998 के जिस काल में उन्होंने पीएम पद संभाला, उस दौर में पूरा देश राजनीतिक अस्थिरता से घिरा हुआ था। 9 साल में देश ने चार बार लोकसभा के चुनाव देखे थे। लोगों को शंका थी कि ये सरकार भी उनकी उम्मीदों को पूरा नहीं कर पाएगी। ऐसे समय में एक सामान्य परिवार से आने वाले अटल जी ने, देश को स्थिरता और सुशासन का मॉडल दिया। भारत को नव विकास की गारंटी दी।

वो ऐसे नेता थे, जिनका प्रभाव भी आज तक अटल है। वो भविष्य के भारत के परिकल्पना पुरुष थे। उनकी सरकार ने देश को आईटी, टेलीकम्यूनिकेशन और दूरसंचार की दुनिया में तेजी से आगे बढ़ाया। उनके शासन काल में ही, एनडीए ने टेक्नॉलजी को सामान्य मानवी की पहुंच तक लाने का काम शुरू किया। भारत के दूर-दराज के इलाकों को बड़े शहरों से जोड़ने के सफल प्रयास किये गए। वाजपेयी जी की सरकार में शुरू हुई जिस स्वर्णिम चतुर्भुज योजना ने भारत के महानगरों को एक सूत्र में जोड़ा वो आज भी लोगों की स्मृतियों पर अमिट है। लोकल कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए भी एनडीए गठबंधन की सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसे कार्यक्रम शुरू किए। उनके शासन काल में दिल्ली मेट्रो शुरू हुई, जिसका विस्तार आज हमारी सरकार एक वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट के रूप में कर रही है। ऐसे ही प्रयासों से उन्होंने ना सिर्फ आर्थिक प्रगति को नई शक्ति दी, बल्कि दूर-दराज के क्षेत्रों को एक दूसरे से जोड़कर भारत की एकता को भी सशक्त किया। जब भी सर्व शिक्षा अभियान की बात होती है, तो अटल जी की सरकार का जिक्र जरूर होता है। शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मानने वाले वाजपेयी जी ने एक



ऐसे भारत का सपना देखा था, जहां हर व्यक्ति को आधुनिक और गुणवत्ता वाली शिक्षा मिले। वो चाहते थे भारत के वर्ग, यानि ओबीसी, एससी, एसटी, आदिवासी और महिला सभी के लिए शिक्षा सहज और सुलभ बने।

उनकी सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए कई बड़े आर्थिक सुधार किए। इन सुधारों के कारण भाई-भतीजावाद में फंसी देश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिली। उस दौर की सरकार के समय में जो नीतियां बनीं, उनका मूल उद्देश्य सामान्य मानवी के जीवन को बदलना ही रहा। उनकी सरकार के कई ऐसे अद्भुत और साहसी उदाहरण हैं, जिन्हें आज भी हम देशवासी गर्व से याद करते है। देश को अब भी 11 मई 1998 का वो गौरव दिवस याद है, एनडीए सरकार बनने के कुछ ही दिन बाद पोकरण में सफल परमाणु परीक्षण हुआ। इसे ऑपरेशन शक्ति का नाम दिया गया। इस परीक्षण के बाद दुनियाभर में भारत के वैज्ञानिकों को लेकर चर्चा होने लगी। इस बीच कई देशों ने खुलकर नाराजगी जताई, लेकिन तब की सरकार ने किसी दबाव की परवाह नहीं की। पीछे हटने की जगह 13 मई को न्यूक्लियर टेस्ट का एक और धमाका कर दिया गया। 11 मई को हुए परीक्षण ने तो दुनिया को भारत के वैज्ञानिकों की शक्ति से परिचय कराया था। लेकिन 13 मई को हुए परीक्षण ने दुनिया को ये दिखाया कि भारत का नेतृत्व एक ऐसे नेता के हाथ में है, जो एक अलग मिट्टी से बना है। उन्होंने पूरी दुनिया को ये संदेश दिया, ये पुराना भारत नहीं है। पूरी दुनिया जान चुकी थी, कि भारत अब दबाव में आने वाला देश नहीं है। इस परमाणु परीक्षण की वजह से देश पर प्रतिबंध भी लगे, लेकिन देश ने सबका मुकाबला किया। वाजपेयी सरकार के शासन काल में कई बार सुरक्षा संबंधी चुनौतियां आईं। करगिल युद्ध का दौर आया। संसद पर आतंकियों ने कायरना प्रहार किया। अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हुए हमले से वैश्विक स्थितियां बदलीं, लेकिन हर स्थिति में अटल जी के लिए भारत और भारत का हित सर्वोपरि रहा। जब भी आप वाजपेयी जी के व्यक्तित्व के बारे में किसी से बात करेंगे तो वो यही कहेगा कि वो लोगों को अपनी तरफ खींच लेते थे। उनकी बोलने की कला का कोई सानी नहीं था। कविताओं और शब्दों में उनका कोई जवाब नहीं था। विरोधी भी वाजपेयी जी के भाषणों के मुरीद थे। युवा सांसदों के लिए वो चचाएं सीखने का माध्यम बनतीं।

**नरेंद्र मोदी**
**लेखक भारत के प्रधानमंत्री हैं।**

# विकास की ओर

राष्ट्रीय राजधानी के निकट जेवर में देश के सबसे विशाल हवाई अड्डे का शिलान्यास न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि देश के लिए भी गौरव का विषय है। यह विकासशील भारत की जरूरत ही नहीं, बल्कि दुनिया की मांग है कि भारत में ज्यादा से ज्यादा विश्वस्तरीय एयरपोर्ट बनाए जाएं। नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को बने 59 वर्ष हो जाएंगे, इसका विस्तार लगातार किया गया है, लेकिन जिस तरह यह दबाव झेल रहा है, उसे देखते हुए नए बड़े हवाई अड्डे की जरूरत पिछले तीन दशक से महसूस की जा रही थी। नई दिल्ली का इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा विदेश से आने-जाने वाले हवाई भार के 27 प्रतिशत को अकेले वहन करता है। अमूमन एक दिन में 1,300 तक छोटे-बड़े हवाई जहाज यहां से आते-जाते हैं। ऐसे में, वर्तमान एयरपोर्ट से लगभग 72 किलोमीटर दूर नया एयरपोर्ट वाकई जरूरी है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस एयरपोर्ट का शिलान्यास विकास की अन्य परियोजनाओं को भी बल प्रदान करेगा। नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दावा किया है कि यह एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा, तो कोई दोराय नहीं।

आने वाले समय में उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक पांच अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट तैयार हो जाएंगे। प्रदेश में 2012 तक दो अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट थे, लखनऊ व वाराणसी। कुशीनगर में तीसरा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पिछले महीने शुरू हुआ है और अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट निमार्णाधीन है। राज्य में फिलहाल कुल आठ एयरपोर्ट संचालित हैं, जबकि 13 एयरपोर्ट और सात हवाई पट्टियां विकसित की जा रही हैं। जेवर में तैयार हो रहा उत्तर प्रदेश का पांचवां अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट इसलिए भी खास होगा, क्योंकि यह उत्तर प्रदेश के साथ-साथ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की भी सेवा करेगा। एयरपोर्ट के पहले चरण में सालाना 1.2 करोड़ यात्रियों की सेवा करने की क्षमता होगी व एयरपोर्ट पूरा होने के बाद हर साल करीब सात करोड़ लोगों की सेवा कर सकेगा। इसका निर्माण 36 महीनों में पूरा किया जाना है, अर्थात तेज निर्माण हो, तो यह अगले लोकसभा चुनाव से पहले भी पूरा हो सकता है। यह एयरपोर्ट हर तरफ से सड़क, रेल और मेट्रो मार्ग से जुड़ा होगा। निस्संदेह, पिछले वर्षों में देश की जरूरतों के अनुरूप परिवहन सुविधाओं का तेजी से विकास हो रहा है। तमाम राजमार्गों को चौड़ा करना, नए एक्सप्रेस वे बनाना और परस्पर सुव्यवस्थित ढंग से तमाम सुविधाओं को जोड़ना मायने रखता है। किसी भी देश की सूरत ऐसे ही बदलती है। भारत में यह काम उदारीकरण के तत्काल बाद तेजी से होना चाहिए था, लेकिन तब संसाधनों का भी अभाव था और इच्छा में भी कहीं न कहीं कमी थी। ज्यादातर लोग मानते हैं कि विकास होता है, तो सड़कें अच्छी बनती हैं, लेकिन सही चिंतन में पहले अच्छी सड़कें आती हैं और उसके बाद ही विकास तेज होता है। देश के तेज विकास के लिए भूमि, रेलवे, जल और वायु पर निर्बाध बहु-आयामी संपर्क का विकास अपरिहार्य है। हमारी सरकारों को इस दिशा में पूरी प्रतिबद्धता से काम करना चाहिए। सरकारें ऐसे विकास के लिए काम करेंगी, तो राजनीतिक पृष्ठभूमि में भी सकारात्मक बदलाव दिखेंगे। यदि यह गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का आगाज है, तो शानदार अंजाम हम आने वाले वर्षों में देखेंगे।

# क्या घटेगी आबादी, जानें क्या है NFHS-5 की रिपोर्ट के मायने

यह पहली बार हुआ है कि देश की राष्ट्रीय प्रजनन दर रिप्लेसमेंट मार्क से भी नीचे चली गई। ध्यान रहे, ऐसा संयोगवश या किसी नाटकीय घटनाक्रम के तहत नहीं हुआ है। औसत प्रजनन दर में कमी की प्रवृत्ति काफी समय से दिख रही थी। नैशनल फैमिली हेल्थ सर्वे (एनएफएचएस-5) की ताजा रिपोर्ट ने यह महत्वपूर्ण तथ्य उजागर किया है कि भारत में टोटल फर्टिलिटी रेट यानी राष्ट्रीय प्रजनन दर 2.2 से कम होकर 2.0 तक पहुंच गई है। प्रति महिला औसत प्रजनन दर 2.1 को रिप्लेसमेंट मार्क के रूप में जाना जाता है। यानी इस औसत पर जनसंख्या कमोबेश स्थिर रहती है। यह पहली बार हुआ है कि देश की राष्ट्रीय प्रजनन दर रिप्लेसमेंट मार्क से भी नीचे चली गई। ध्यान रहे, ऐसा संयोगवश या किसी नाटकीय घटनाक्रम के तहत नहीं हुआ है। औसत प्रजनन दर में कमी की प्रवृत्ति काफी समय से दिख रही थी। ऐसे में यह मानना गलत नहीं होगा कि क्रमिक रूप से आया यह बदलाव काफी हद तक टिकाऊ है। निकट भविष्य में इसके अचानक फिर ऊपर का रुख ले लेने जैसे कोई आसार नहीं हैं। इसका मतलब यह हुआ कि देश की जनसंख्या को लेकर अपने नजरिये में भी हमें बदलाव लाने की जरूरत है। आजादी के बाद से ही जनसंख्या बढ़ोतरी को एक समस्या के रूप में देखने के हम आदी रहे हैं। आपातकाल के दौरान तो जबरन नसबंदी जैसे कार्यक्रम भी सरकार की ओर से चलाए गए। तत्कालीन सरकार की उस वजह से हुई बदनामी के चलते बाद की सरकारों ने वैसा कोई सख्त कार्यक्रम दोबारा नहीं शुरू किया, लेकिन अलग-अलग स्तर पर जनसंख्या वृद्धि पर अंकुश लगाने की कोशिशें चलती रहीं। मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जरूर ह्यजनसंख्या विस्फोटह्ण की जगह डेमोग्राफिक डिविडेंड का विमर्श चलाकर यह समझाने का प्रयास किया कि जनसंख्या हमारी समस्या नहीं है। इसका उपयुक्त इस्तेमाल हो तो यह हमारे लिए सबसे बड़ा वरदान साबित हो सकती है। मगर इस विमर्श का जमीन पर कोई खास असर नहीं देखा जा सका है।

कुछ हिंदुत्ववादी संगठन आज भी जनसंख्या वृद्धि को देश की एक बड़ी समस्या के रूप में देखते हैं और इसके लिए उन समुदायों को दोषी ठहराते हैं जिनमें जन्मदर अपेक्षाकृत ज्यादा है। इतना ही नहीं, बीजेपी शासित कुछ राज्यों ने हाल में भी जनसंख्या वृद्धि पर अंकुश लगाने के लिए कड़े कानून लाने की बात कही है। यूपी, असम, कर्नाटक, गुजरात आदि राज्यों में खुद मुख्यमंत्री या कैबिनेट सदस्य ऐसा कानून लाने का इरादा जता चुके हैं। बीजेपी सांसद राकेश सिन्हा और अनिल अग्रवाल संसद में भी ऐसे एक निजी विधेयक का नोटिस दे चुके हैं। यह समझा जाना जरूरी है कि जनसंख्या को लेकर ऐसा विमर्श अब न केवल पुराना पड़ चुका है बल्कि बदले हालात में इससे प्रेरित कदम हानिकारक साबित होंगे। ताजा प्रवृत्ति जारी रही तो कुछ ही समय में हमारी आबादी घटने लगेगी और चुनौतियों का स्वरूप बिल्कुल बदल जाएगा। इसलिए जरूरी है कि लकीर का फकीर बन पुराना राग अलापते रहने के बजाय हम खुद को आने वाली नई चुनौतियों के लिए तैयार करें।



## एनडीए में टूट की बात किस हद तक सही?

# नीतीश कुमार की अगली योजना जान लीजिए




**पटना।** बिहार में महाराष्ट्र वाला खेल होने वाला है! बाबा साहेब को लेकर गृह मंत्री अमित शाह की बातों से नाराज हैं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार! दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की चिट्ठी को लेकर नीतीश संजीदा हैं! विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल के साथ उतरने वाले हैं नीतीश कुमार!... ऐसी न जानें कितनी बातें पिछले 48-72 घंटे के दौरान बुन दी गईं। इन सभी में विस्मयादि बोधक चिह्न का उपयोग किया गया है। क्यों? क्योंकि, बिहार की जातीय और राजनीतिक हालातों के कारण नीतीश कुमार को लेकर भारतीय जनता पार्टी के अंदर कोई संशय नहीं है और इस तरफ से भी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन छोड़ने का दशमलव एक प्रतिशत भी विचार नहीं है। प्रमाण सोमवार सुबह 10 बजे सामने लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खुद प्रगति यात्रा पर निकलेंगे। हां, नीतीश कुमार अब स्वस्थ हैं और यात्रा पर जा रहे हैं।क्यों मचा बवाल, किसके कारण उठा सवाल?

दरअसल, गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार विधानसभा चुनाव में नेतृत्व को लेकर जैसे ही कहा कि यह अभी तय नहीं हुआ है और जब समय आएगा तो मीडिया को बता दिया जाएगा, तो बिहार में राजनीतिक अटकलबाजी का दौर शुरू हो गया। शाह ने यह नहीं कहा था कि नीतीश के नेतृत्व पर सवाल है या महाराष्ट्र की तरह कोई बदलाव होगा। लेकिन, मीडिया के एक बड़े हिस्से (अमर उजाला नहीं) ने इसे इसी तरह प्रोजेक्ट किया कि नीतीश कुमार अब भाजपा की मजबूरी नहीं रहे। इसके बाद शाह के आंबेडकर को लेकर दिए बयान को राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस ने मुद्दा बना लिया। आम आदमी पार्टी ने नीतीश कुमार को चिट्ठी लिख दी। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान को प्रोजेक्ट किए जाने की बात तक कही जाने लगी। भाजपा के नेताओं और यहां तक कि राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने भी कह दिया कि अभी नेतृत्व पर फैसला नहीं हुआ है। बस, इन बातों को आधार बनाकर यह कहा जाने लगा कि अब नीतीश कुमार एनडीए छोड़ने की तैयारी में हैं। बिहार में खेला होने वाला है। इसी बीच, 20 दिसंबर को पहले से प्रस्तावित सीएम नीतीश कुमार के दो बड़े कार्यक्रम बीमार होने के कारण टले तो इन बातों को और हवा दी गई। लेकिन, वह बातें हवा-हवाई ही थीं। जैसे शाह ने उसी कार्यक्रम में कहा था कि एनडीए में कोई टूट नहीं है, उसी तरह की बातें सीएम नीतीश कुमार सोमवार को सुबह प्रगति यात्रा पर निकलते हुए कहेंगे।आंखें नहीं, नीतीश धूप सेंकने निकल रहे थे पूर्व रेल मंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नीतीश कुमार की यात्रा को लेकर आंख सेंकने वाली बात कही थी।

बाद में यात्रा का नाम सार्वजनिक करते हुए प्रगति यात्रा बताया गया और कहा गया कि मुख्यमंत्री इस बीच महिला संवाद कर सकते हैं, लेकिन यह पक्का नहीं है। राजद अध्यक्ष की बातें अमर्यादित थीं और उसका हर जगह विरोध हुआ। मुख्यमंत्री दरअसल, पिछले कई दिनों से दिन में दो बार धूप सेंक रहे थे।

सुबह नौ बजे के करीब और दोपहर दो बजे के करीब वह घंटा-डेढ़ घंटे के लिए सीएम आवास में धूप सेंक रहे थे।

20 दिसंबर को वह नहीं निकले और डॉक्टरों ने उन्हें यात्रा के मद्देनजर भी आराम की सलाह दी थी। अब मुख्यमंत्री स्वस्थ हैं और सोमवार सुबह 10 बजे सीएम आवास से प्रगति यात्रा पर निकलेंगे।

23 से 28 दिसंबर तक सीएम नीतीश की प्रगति यात्रा

23 दिसंबर- पश्चिम चंपारण बेतिया
24 दिसंबर - पूर्वी चंपारण
25 दिसंबर - क्रिसमस (अवकाश)
26 दिसंबर- शिवहर / सीतामढ़ी
27 दिसंबर- मुजफ्फरपुर28 दिसंबर - वैशाली

## बाल सुधार गृह के बाथरूम की खिड़की के रास्ते फरार हुए आठ बाल अपराधी




**रोहतास।** जिले के सासाराम स्थित बाल सुधार गृह में मंगलवार की रात उस समय हड़कंप मच गया, जब वहां से आठ बाल अपराधी फरार हो गए। इन सभी को दुष्कर्म, हत्या और चोरी जैसे संगीन मामलों में रखा गया था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने इलाके में नाकेबंदी कर दी और छह घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सभी फरार बालकों को सकुशल बरामद कर लिया।गिनती के दौरान कम मिले आठ बाल अपराधी जानकारी के मुताबिक, मंगलवार रात लगभग आठ बजे बाल सुधार गृह में बच्चों की गिनती के दौरान आठ बाल अपराधी गायब पाए गए। बाल सुधार गृह के अधिकारियों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। इसके बाद आसपास के थानों की पुलिस ने इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया। देर रात तक छापामारी के बाद सभी फरार बालकों को दरिगांव थाना क्षेत्र के सिकरिया और मलांव गांव के पास से बरामद किया गया।रोहतास पुलिस अधीक्षक रोशन कुमार ने बताया कि घटना के तुरंत बाद पुलिस ने सघन तलाशी अभियान चलाया और सभी बच्चों को सुरक्षित बरामद कर लिया गया। मामले की जांच की जा रही है और लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## नाबालिग प्रेमिका संग नेपाल भाग रहे युवक को एसएसबी ने बॉर्डर पर पकड़ा



**मधुबनी।** मधुबनी में भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी (सशस्त्र सीमा बल) के जवानों ने नेपाल जा रहे एक युवक और नाबालिग लड़की को पकड़ लिया। युवक को सीमा चौकी पर सघन जांच के दौरान रोका गया। उसने लड़की के साथ नेपाल में शादी करने की योजना बनाई थी। यह मामला हरलाखी थाना क्षेत्र का है और लड़की की उम्र 15 वर्ष पाई गई। जानकारी के मुताबिक, एसएसबी की 48वीं वाहिनी के आसूचना विभाग को सूचना मिली थी कि एक युवक नाबालिग लड़की को नेपाल ले जाकर शादी करने की फिराक में है। इस पर 48वीं वाहिनी के कमांडेंट गोविंद सिंह भंडारी के निदेर्शानुसार बहाय सीमा चौकी पिपरौन के जवानों ने सघन चेकिंग अभियान चलाया।जानकारी के अनुसार, 24 दिसंबर 2024 को दोपहर करीब 12:15 बजे, एक लड़का और लड़की सीमा पार करते हुए नजर आए। जवानों ने उन्हें रोककर पूछताछ की। लड़के ने अपना नाम अभिषेक कुमार (24) बताया, जो दरभंगा जिले के हनुमानगंज (मिश्रटोला) का रहने वाला है। लड़की ने भी अपना पता दरभंगा जिला बताया।लड़की निकली नाबालिग जब उनसे पहचान पत्र दिखाने को कहा गया तो लड़की के पास कोई दस्तावेज नहीं मिला। शक होने पर एसएसबी ने गहन पूछताछ की और लड़की के घर संपर्क कर उसका आधार कार्ड मंगवाया। दस्तावेजों की जांच में लड़की की उम्र 15 वर्ष पाई गई। नेपाल में शादी की योजना पूछताछ के दौरान यह खुलासा हुआ कि दोनों घर से भागकर नेपाल जा रहे थे, जहां वे शादी करना चाहते थे। लड़की के नाबालिग होने के चलते यह स्पष्ट था कि युवक कानून का उल्लंघन कर रहा था।

## दिनदहाड़े युवक की हत्या, खेत देखने गया था, अपराधियों ने मारी पांच गोली



**मधेपुरा।** के पुरैनी थाना क्षेत्र में बुधवार की सुबह अपराधियों ने युवक की गोली मार हत्या कर दी। जमीन विवाद में हत्या की बात सामने आ रही है। घटना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मृतक की पहचान पुरैनी थाना क्षेत्र के मकदमपुर पंचायत के छब्बूबासा वार्ड नौ निवासी मंदेश्वरी यादव के बेटे विकास यादव (35) के रूप में हुई। मृतक के भाई शंभू यादव ने बताया कि विकास यादव बुधवार की सुबह सात बजे घर करीब एक किलोमीटर दूर गेहूं खेत देखने के लिए गया था। इसी दौरान अपराधियों ने उसको गोली मार दी। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे। घायल विकास को बाइक पर बैठा कर पुरैनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, घटना की जानकारी मिलते ही पुरैनी थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। बड़े भाई शंभू यादव ने बताया कि गांव के ही विजय यादव से सात कट्ठा जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। बुधवार की सुबह विकास अपने खेत में लगी गेहूं की फसल को देखने गया था। इसी दौरान अपराधियों ने उसे खदेड़ कर गोली मार दी। विकास को पांच गोली मारी गई है। सात कट्ठा जमीन के लिए उतारा मौत के घाट

बताया कि लगभग दो साल पूर्व विकास यादव मकदमपुर के उदय यादव से सात कट्ठा जमीन खरीदा था। उस जमीन को पहले से विजय यादव बटाईदार के रूप में जोत रहे थे। जमीन खरीदने के बाद भी विकास यादव को विजय यादव जमीन नहीं दे रहा था। जिसके कारण छह महीना पूर्व विवाद भी हुआ था। उन्होंने बताया कि दूसरे पक्ष के लोग कई दिनों से विकास पर नजर रख रहे थे।

बुधवार की सुबह जब विकास खेत देखने गया तो बदमाशों ने गोली मार कर उसकी हत्या कर दी। पुरैनी थानाध्यक्ष राघव शरण ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है। घटनास्थल पर एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया है।

## 20 साल के लड़के ने बच्चे के प्राइवेट पार्ट में घुसाया सरिया




**बेतिया।** में हैवानियत हुई है। एक 20 साल के लड़के ने मासूम बच्चे को न सिर्फ बेरहमी से पीटा बल्कि उसके प्राइवेट पार्ट में सरिया डाल दिया। बच्चे की हालत गंभीर हो गई। परिजनों ने पटना में रहकर इलाज करवाया। अब जब बच्चे की हालत को डॉक्टरों ने खतरे से बाहर बताया तो परिजनों ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। घटना जिले के मैनाटाड़ प्रखंड क्षेत्र के एक गांव की है।पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित के पिता के आवेदन पर आरोपी अनारूल मियां के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया और मंगलवार की रात गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अनारूल मियां को न्यायिक हिरासत में बेतिया भेज दिया गया है।चॉकलेट खिलाने के बहाने ले गया था एफआईआर में बताया गया है कि मेरे नाबालिग बच्चे को अनारूल मियां चॉकलेट खिलाने के बहाने दुकान में ले गया और मारपीट करने लगा। मारपीट के दौरान अनारूल मियां ने उसके निजी अंग में लोहे का छड़ घुसा दिया। इससे उसकी स्थिति गंभीर हो गई। गंभीर हालत में उसे पटना रेफर कर दिया गया। परिजनों का कहना है कि आरोपी दर्जी का काम करता है। पुलिस इस मामले को गंभीरता से ले और आरोपी पर कड़ी कार्रवाई करे।

## संक्षिप्त डायरी

### पटना में छात्र की लाश मिली, बीपीएससी परीक्षा की तैयारी करता था

**पटना।** में फिर से एक छात्र की लाश मिली है। वह पत्रकार नगर थाना क्षेत्र के हनुमान नगर के ङ-128 इलाके में रहकर बीपीएससी परीक्षा की तैयारी करता था। कमरे में उसकी लाश मिली तो इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई।पुलिस का कहना है कि सोनू कुमार ने आत्महत्या की है। एफएसएल की टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एक किए हैं। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृत छात्र की पहचान पालीगंज के परयाचक निवासी सुदामा यादव के पुत्र सोनू कुमार (25 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस का कहना है कि रिश्तेदारों और आसपास के लोगों से पूछताछ के आधार पर पता चला कि सोनू पटना में रहकर बीपीएससी की तैयारी कर रहा था। परीक्षा के दबाव में आने के कारण उसने आत्महत्या कर दी। मामले में आगे की कार्रवाई चल रही है। एक दिन पहले दीघा इलाके में एक डॉक्टर की लाश मिली थी। दीघा थाना की ओर से बताया गया था कि IGIMS के रेडियोलॉजिस्ट डिपार्मेंट में पीजी सेकेंड ईयर का छात्र आर्यन कुमार ने खुदकुशी कर ली है। वह किराया का घर लेकर पटना में रहता था। उसके माता पिता सुपौल गए थे। वह घर में अकेला था। आत्महत्या के कारणों का पुलिस पता लगा रही है। कुछ लोगों से पूछताछ चल रही है। एफएसएल की टीम मौके पर जांच के बुलाया गया है। घरवालों को सूचना दे दी गई है। मामले में आगे की कार्रवाई चल रही है।

### सनकी पति ने पत्नी का गुस्सा दो मासूम बेटियों पर उतारा




**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र में रविवार की रात एक सनकी पति ने अपनी पत्नी से हुए झगड़े का गुस्सा अपनी दो अबोध बेटियों पर उतार दिया। उसने धारदार हथियार से दोनों बच्चियों का गला रेतकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद, जब पुलिस मौके पर पहुंची तो उसने थानाध्यक्ष और एक दारोगा पर भी चाकू से हमला किया, लेकिन पुलिस ने उसे दबोच लिया। इस बीच घायल बच्चियों को गंभीर हालत में इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।जानकारी के मुताबिक, घटना देव-मदनपुर रोड स्थित पुलिस कैंप के पास की है। बताया जा रहा है कि आरोपी छोटू सिंह (25) अपनी पत्नी माधुरी कुमारी से पिछले दस दिनों से मारपीट कर रहा था। रविवार रात भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ, जिसके बाद छोटू ने अपने ससुर को फोन कर कहा कि घर आकर वह अपनी बेटी को ले जाए। ससुर के समझाने के बाद मामला शांत हो गया, लेकिन सोमवार की सुबह फिर से दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया।छोटू ने इस बार धारदार हथियार उठाया और पत्नी को मारने की कोशिश की। बचने के लिए पत्नी ने दौड़कर घर से बाहर भागने की कोशिश की। लेकिन छोटू ने अपनी मासूम बेटियों पर गुस्सा उतारते हुए दोनों का गला रेत दिया, जिससे दोनों बेटियां अर्पिता कुमारी (7) और आराध्या कुमारी (3) खून से लथपथ हो गईं। घटना की जानकारी समाजसेवी ज्ञानदत पांडेय ने पुलिस को दी, जिसके बाद मदनपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार और उनकी टीम तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस की तत्परता से कई जानें बच गईं, क्योंकि आरोपी छोटू सिंह ने फिर से भागने की कोशिश की थी। पुलिस को भनक लगी कि छोटू पास के एक घर में छिपा हुआ है। जब पुलिस ने उसे पकड़ा तो उसने भागते हुए पुलिसकर्मियों पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में मदनपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार और सब इंस्पेक्टर पप्पू कुमार घायल हो गए, दोनों के हाथों में गहरे जख्म आए हैं।

### सरकारी राशि गबन करने के आरोपी पूर्व प्रधानाध्यापक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दरभंगा।** जिला के गोराबोराम प्रखंड क्षेत्र के अधलाइजर गांव के मध्य विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक रामभरोस प्रसाद को स्कूल के सरकारी का 5 लाख 91 हजार रुपये की गबन के मामले घनश्यामपुर थाना की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है यह मामला 2022 का बताया जाता है। प्रधानाध्यापक पर आरोप है कि विद्यालय विकास मद और बच्चों के पोशाक और छात्रवृति के पैसों का गबन पाया गया था। आरोपी प्रधानाध्यापक के खिलाफ स्कूल के एक शिक्षक संजय पासवान ने गबन की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस मामले एक बार आरोपी प्रधानाध्यापक जेल जा चुके हैं। जेल जमानत मिलने के बाद वह फिर से स्कूल में पढ़ा रहे थे। जानकारी के अनुसार आरोपी प्रधानाध्यापक रामभरोस प्रसाद पर 2022 में स्कूल के विकास छात्रवृति और पोशाक योजना की राशि विरतण में पांच लाख 91 हजार रुपये गबन करने का मामला सामने आया था। जिसके बाद शिक्षा विभाग ने जांच करवाई थी। जांच के बाद विद्यालय के ही एक शिक्षक संजय पासवान के आवेदन उक्त प्रधानाध्यापक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिसके बाद उन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

## कर्मचारी को सैलून के पास दिनदहाड़े मारी गोली



**सीवान।** के असाओं थाना क्षेत्र के कीहोली गांव में दिनदहाड़े एक रिटायर्ड बीसीसीएल कर्मचारी पर जानलेवा हमला हुआ। अज्ञात अपराधियों ने गोली चलाकर उन्हें घायल कर दिया। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। घायल को तत्काल इलाज के लिए सीवान सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।जानकारी के मुताबिक, कीहोली गांव निवासी शंभु सिंह बीसीसीएल से रिटायर्ड कर्मचारी हैं। वह अपने घर से कुछ दूरी पर एक सैलून में दाढ़ी बनवाने के बाद स्कूटी के पास खड़े थे। इसी दौरान अज्ञात अपराधियों ने उन पर गोली चला दी। गनीमत रही कि गोली सीधे नहीं लगी। दीवार से टकराकर गोली उनकी जांघ में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, लेकिन हालत गंभीर होने पर उन्हें सीवान सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।घटना के बाद परिवार में दहशत घायल के परिजन घटना से बेहद डरे और सहमे हुए हैं। उन्होंने मीडिया से बात करने से इनकार कर दिया है। वहीं, शंभु सिंह भी घटना के संबंध में कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। पुलिस ने शुरू की मामले की जांच असाओं थाना प्रभारी रवि कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस दल घटनास्थल पर पहुंचा।

## तेजस्वी के गढ़ पर बीजेपी की नजर

# नित्यानंद बोले: यहां हमारे तीन विधायक, इस बार राखोपुर भी जीतेंगे




**वैशाली।** बिहार के राजनीतिक परिदृश्य में सबसे महत्वपूर्ण मानी जाने वाली राघोपुर विधानसभा सीट पर इस बार बीजेपी की खास नजर है। यह सीट राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) प्रमुख लालू प्रसाद यादव की पारंपरिक सीट रही है और फिलहाल नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का गढ़ है। आगामी 2025 विधानसभा चुनाव में बीजेपी इस सीट पर जोरदार चुनौती देने की तैयारी कर रही है।राघोपुर बीजेपी के लिए क्यों है अहम? वैशाली जिले में स्थित राघोपुर सीट बिहार की राजनीति में हमेशा से चर्चा का केंद्र रही है। वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में तेजस्वी यादव ने यहां से बीजेपी उम्मीदवार सतीश राय को 38,174 वोटों से हराकर यह सीट अपने कब्जे में रखी थी। अब बीजेपी इस सीट को 2025 में जीतने के लिए व्यापक रणनीति बना रही है।

बीजेपी के केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने हाल ही में हाजीपुर में अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वैशाली जिले में हमारे तीन विधायक हैं और इस बार हम राघोपुर भी जीतेंगे। कार्यक्रम में क्या हुआ?

कार्यक्रम में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय और बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने भाग लिया। इसमें वैशाली जिले के भाजपा विधायकों, जिला स्तरीय पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने भी बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराई। नित्यानंद राय ने कार्यक्रम में बीजेपी के सुशासन के मॉडल की प्रशंसा करते हुए इसे अटल बिहारी वाजपेयी की दूरदृष्टि का परिणाम बताया। मंगल पांडे ने मीडिया से बातचीत में कहा कि देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और बिहार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सुशासन का लाभ मिला है। बीजेपी की रणनीति और सुशासन का एजेंडा बीजेपी ने सुशासन दिवस को पूरे बिहार में एक प्रमुख आयोजन के रूप में मनाया। पार्टी ने अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को रेखांकित करते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे में किए गए सुधारों को सुशासन का हिस्सा बताया। मंगल पांडे ने कहा कि अटल जी के सुशासन के मॉडल ने भारत को विकास के पथ पर अग्रसर किया। उनके नेतृत्व में स्कूल, कॉलेज और अस्पताल बनाए गए, जिससे शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हुआ। राघोपुर पर बीजेपी का फोकस बीजेपी ने राघोपुर सीट को जीतने के लिए पहले से ही अपने कार्यकताओं और रणनीतिकारों को जुटा लिया है। स्थानीय स्तर पर कार्यकताओं को मजबूत करने के साथ-साथ, पार्टी बड़े नेताओं की सभाओं और जनसंपर्क कार्यक्रमों के जरिए जनता तक पहुंचने की योजना बना रही है। तेजस्वी यादव का प्रभाव और आरजेडी की मजबूत पकड़ बीजेपी के लिए बड़ी चुनौती है। राघोपुर की जनता ने बार-बार यादव परिवार पर विश्वास जताया है। ऐसे में बीजेपी को यहां बड़ी रणनीतिक और जमीनी मेहनत करनी होगी।

# म्यूचुअल फंड उद्योग में तेजी, 2024 में संपत्ति 17 लाख करोड़ बढ़ी

## तेजी बढ़ते शेयर बाजारों और निवेशकों की भागीदारी से प्रेरित

नई दिल्ली

म्यूचुअल फंड उद्योग ने 2023 में शानदार प्रदर्शन के बाद 2024 में अपनी वृद्धि की गति को बनाए रखा और संपत्ति में 17 लाख करोड़ रुपये की प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की। यह तेजी से बढ़ते शेयर बाजारों, मजबूत आर्थिक वृद्धि और निवेशकों की बढ़ती भागीदारी से प्रेरित रहा।

विशेषज्ञों का अनुमान है कि सकारात्मक रुझान 2025 में भी जारी रहेगा। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के निदेशक-प्रबंधक अनुसंधान कौस्तुभ बेलापुरकर ने कहा, 2025 में म्यूचुअल फंड उद्योग की परिसंपत्तियों में स्वस्थ गति से वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है। सीईओ ने कहा, 'यह बदलाव भारतीय अर्थव्यवस्था के विस्तार और खुदरा निवेशकों के बीच बढ़ती वित्तीय जागरूकता से समर्थित है, जो कम लागत और अधिक सुविधा के साथ उच्च 'रिटर्न' की तलाश में हैं।' इस उद्योग की 45 कंपनियों में 2024 (नवंबर तक) में कुल 9.14 लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जबकि पिछले साल 2.74 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश हुआ था।

### एसआईपी ने अकेले 2.4 लाख करोड़ का दिया योगदान

म्यूचुअल फंड उद्योग संघ (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024 में 9.14 लाख करोड़ रुपये का पर्याप्त शुद्ध प्रवाह देखा गया, साथ ही निवेशकों की संख्या में 5.6 करोड़ की उल्लेखनीय वृद्धि हुई। एसआईपी की लोकप्रियता बढ़ी जिसने अकेले 2.4 लाख करोड़ रुपये का योगदान दिया।




### एयूएम नवंबर में बढ़कर 68 लाख करोड़

इस निवेश से उद्योग की प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) बढ़कर नवंबर के अंत तक 68 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गईं, जो 2023 के अंत में दर्ज 50.78 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 33 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

### वित्तीयकरण की प्रवृत्ति बढ़ी

बजाज फिनसर्व एएमसी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) गणेश मोहन ने कहा, "वित्तीयकरण की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण शेयर बाजारों और म्यूचुअल फंड में भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जैसा कि म्यूचुअल फंड उद्योग में एयूएम की उल्लेखनीय वृद्धि में परिलक्षित होता है।'

### इक्विटी फंडों में एसआईपी बढ़ी

मोतीलाल ओसवाल एएमसी के मुख्य व्यवसाय अधिकारी (सीबीओ) अखिल चतुर्वेदी ने कहा, 'बचत के तरीके में संरचनात्मक बदलाव से इक्विटी फंडों में एसआईपी के माध्यम से निवेश प्रमुख भारतीय निवेशकों के लिए निवेश का स्वाभाविक स्वरूप बन गया है...।'

## खबर संक्षेप




### ममता मशीनरी के आईपीओ को 195 गुना मिला अभिदान

**नई दिल्ली।** पैकेजिंग मशीन बनाने वाली कंपनी ममता मशीनरी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को पेशकश के अंतिम दिन कुल 194.95 गुना अभिदान मिला। एनएसई पर उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, करीब 179 करोड़ रुपये के इस आईपीओ के तहत 51,78,227 शेयरों की पेशकश के मुकाबले कुल 1,00,94,81,802 शेयरों के लिए बोलियां लगाई गईं। गैर-संस्थागत निवेशकों के हिस्से को 274.38 गुना अभिदान मिला जबकि पात्र संस्थागत खरीदारों के खंड को 235.88 गुना अभिदान मिला।

### ओबेरॉय अलीबाग में बनाएगी पांच सितारा होटल और विला



**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी ओबेरॉय रियल्टी ने मुंबई के पास अलीबाग में 81 एकड़ भूमि पर पांच सितारा होटल व लक्जरी विला विकसित करने के लिए भूस्वामियों के साथ साझेदारी की है। ओबेरॉय रियल्टी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कंपनी ने महाराष्ट्र के गांव टेकाली, तालुका अलीबाग, जिला रायगढ़ में 3,28,010 वर्ग मीटर के बराबर करीब 81.05 एकड़ भूमि विकसित करने के लिए समझौता किया है।

### इरेडा ने नवीकरणीय ऊर्जा के लिए 3000 करोड़ किए मंजूर



**नई दिल्ली।** इरेडा के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक प्रदीप कुमार ने दास ने ओडिशा के नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जतायी और कहा कि कंपनी ने राज्य में हरित ऊर्जा परियोजनाओं के लिए 3,000 करोड़ रुपये के ऋण की मंजूरी दी है। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के तहत आने वाली भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी मुख्य रूप से नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को वित्त प्रदान करती है।

### महिंद्रा ट्रैक्टर्स ने पीएनबी के साथ की साझेदारी



**नई दिल्ली।** महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड की इकाई महिंद्रा ट्रैक्टर्स ने अपने डीलरों को वित्तीय समाधान उपलब्ध कराने के लिए पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के साथ साझेदारी की मंगलवार को घोषणा की। कंपनी ने बयान में कहा, दोनों भागीदारों ने एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। बयान के अनुसार, इस साझेदारी के तहत एक साल से अधिक के कारोबार वाले सभी महिंद्रा ट्रैक्टर डीलर 'चैनल फाइनेंस' सीमा के लिए पात्र हैं। इस कार्यक्रम में पांच करोड़ रुपये तक की 'फाइनेंस' सीमा दी जाती है, जिसमें 105 दिन की बिक्री के आधार पर सीमा का आकलन किया जाता है।

### फैशन ब्रांड पावरलुक ने पांच नए खुदरा स्टोर खोले



**मुंबई।** फैशन ब्रांड पावरलुक ने देश के तीन राज्यों में पांच नए स्टोर खोलने के साथ ही चालू वित्त वर्ष के अंत तक अपने राजस्व में 50 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य रखा है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पावरलुक के सह-संस्थापक राघव पवार ने एक बयान में कहा कि कंपनी ने महाराष्ट्र के मुंबई, गुजरात के वडोदरा एवं सूरत और कर्नाटक के बेंगलुरु में पांच नए स्टोर खोले हैं। इसके साथ ही कंपनी के कुल स्टोर की संख्या बढ़कर 13 हो गई है।

## महामारी के बाद दबी मांग अब बीती बात हुई, उद्योग स्वचालित ड्राइविंग वाहनों की ओर बढ़ रहा

# भारतीय मोटर वाहन उद्योग अब वाहन विनिर्माता से परिवहन समाधान प्रदान करने की ओर

नई दिल्ली

पर्यावरण अनुकूल प्रौद्योगिकी को प्रोत्साहित करने पर जारी बहस के बीच भारतीय मोटर वाहन उद्योग महज वाहन विनिर्माता से परिवहन समाधान प्रदाता बनने का सफर तय कर रहा है। उद्योग नए साल में बिक्री में मंदी की छाया में आगे बढ़ रहा है।

- भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में इस पर होगा जोर
- भारत वैश्विक मोटर वाहन परिदृश्य में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा

वैश्विक महामारी के बाद की दबी हुई मांग अब बीती बात हो गई है। उद्योग में स्वचालित ड्राइविंग, वाहन इंटेलिजेंस, कनेक्टेड फीचर्स और इलेक्ट्रिफिकेशन जैसी उन्नत प्रौद्योगिकियां से बदलाव को बल मिल रहा है। आगामी भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में इस पर ओर जोर दिया जाएगा। यह 17-22 जनवरी 2025 को दिल्ली-एनसीआर में आयोजित किया जाएगा।



### 2025 में भी ईवी वाहनों को अपनाया जाएगा

मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी संतोष अय्यर ने कहा, " हमें उम्मीद है कि 2025 में भी बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन (बीईवी) को अपनाया जाएगा, जिसमें ईक्यूएस एसयूवी 450 5-सीटर और इलेक्ट्रिक जी-क्लास जैसी नई बीईपी पेशकश को तैयार हैं.."

### पर्यावरण अनुकूल कारों को अपनाने की उम्मीद

भारत वैश्विक मोटर वाहन परिदृश्य में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है, इसलिए उम्मीद है कि वाहन विनिर्माता विभिन्न मूल्य बिंदुओं पर विभिन्न प्रौद्योगिकियों के साथ अपने नए मॉडल पेश करेंगे, जो एक्सपो में विभिन्न प्रकार के ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करेंगे, क्योंकि 2025 में पर्यावरण अनुकूल कारों को अपनाने में तेजी आने की उम्मीद है।

### मारुति को 40 लाख की क्षमता पाने 40 वर्ष लगे

मारुति सुजुकी इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी हिसाशी ताकेउची ने कहा, 'जैसा कि हम 20 लाख से 40 लाख क्षमता तक अपनी विकास यात्रा के अगले चरण में प्रवेश कर रहे हैं, हम अगले सात से आठ वर्षों में वह हासिल करने की योजना बना रहे हैं जिसे पहले हासिल करने में 40 वर्ष का समय लगा।' वहीं टाटा मोटर्स अपने टिकाऊ परिवहन अभियान को दोगुना करने की सोच रही है।

### यात्री वाहन बाजार अधिक आशावादी

टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा ने कहा, "टाटा मोटर्स उद्योग में प्रमुख बदलावों का अधिकतम लाभ उठाने की मजबूत स्थिति में है, जिसमें हरित, उत्सर्जन-अनुकूल 'पावरट्रेन' से लेकर सुरक्षित कारों और एसयूवी की बढ़ती मांग शामिल है।" उन्होंने कहा कि कंपनी 2025 में भारतीय यात्री वाहन बाजार के विकास के बारे में आशावादी बनी हुई है।

### ईवी खंड को अधिक आकर्षक बनाने की होड़

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी सतिंदर सिंह बाजवा ने कहा, 'कंपनी का लक्ष्य इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) खंड को अधिक आकर्षक और सुलभ बनाना है और वह भारत को शीर्ष वैश्विक मोटर वाहन बाजार बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना चाहेगी।'

### भारत में अब हाइब्रिड, सीएनजी व इथेनॉल जैसे विकल्प

टिकाऊ परिवहन की अनिवार्यता पर किआ इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी ग्वांगु ली ने कहा कि भारत में " बहुत सारे विकल्प हैं, और यह केवल विद्युतीकरण ही नहीं है।" उन्होंने कहा कि हाइब्रिड, सीएनजी और इथेनॉल जैसे वैकल्पिक ईंधन ऐसी प्रौद्योगिकियां हैं जिन पर विचार किया जा सकता है।

# घरेलू मार्गों पर यात्रियों की संख्या बढ़कर 1.42 करोड़

नई दिल्ली

हवाई यातायात की बढ़ती मांग के बीच भारतीय एयरलाइन कंपनियों ने नवंबर में घरेलू मार्गों पर 1.42 करोड़ यात्रियों को यात्री कराई। यह एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में यह करीब 11.90 प्रतिशत अधिक है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के आंकड़ों के अनुसार, घरेलू बाजार में हिस्सेदारी के मामले में इंडिगो शीर्ष पर रही। उसकी बाजार हिस्सेदारी 63.6 प्रतिशत रही। इसके बाद एयर इंडिया (24.4 प्रतिशत), अकासा एयर (4.7 प्रतिशत) और स्पाइसजेट (3.1 प्रतिशत) का स्थान रहा।



इन सभी एयरलाइंस की बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि हुई है जबकि नवंबर में अलायंस एयर की हिस्सेदारी 0.7 प्रतिशत पर स्थिर रही। डीजीसीए ने अपनी मासिक रिपोर्ट में कहा, जनवरी-नवंबर, 2024 में घरेलू विमानन कंपनियों 14.64 करोड़ से अधिक यात्रियों को सफर कराया। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि के 13.82 करोड़ के आंकड़े की तुलना में 5.91 प्रतिशत की वृद्धि है।

### एक साल पहले 1.27 लोगों ने की यात्रा

*वहीं मासिक आधार पर इसमें 11.90 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। नवंबर में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 1.42 करोड़ से अधिक रही, जबकि एक साल पहले समान महीने में घरेलू एयरलाइंस से 1.27 करोड़ लोगों ने यात्रा की थी।*

# सैमसंग फिर एयर कंडीशन पर दांव लगाने की तैयार में

नई दिल्ली

बिजली उपकरण और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों की दिग्गज कंपनी सैमसंग इंडिया अब आवासीय एयर कंडीशनर बाजार में वापसी करने की योजना बना रही है। इस साल गर्मियों में एयर कंडीशनर (एसी) की बिक्री में अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई थी।

- इन्वर्टर एसी के एक दर्जन से अधिक मॉडल उतारने की योजना

इसे ध्यान में रखते हुए सैमसंग भी अगले कुछ सप्ताह में अपने 2025 लाइनअप के लिए इन्वर्टर एसी के एक दर्जन से अधिक मॉडल उतारने की योजना बना रही है। उद्योग के एक अंदरूनी सूत्र ने यह जानकारी दी। सूत्र ने कहा कि सैमसंग के 'रूम एयर कंडीशनर' (आरएसी) में बीस्पोक एआई जैसे स्मार्ट फीचर मौजूद होंगे जो प्रीमियम



एसी खरीदने के इच्छुक ग्राहकों को लक्षित करेंगे। सैमसंग एक दशक पहले आरएसी खंड की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी थी और वित्त वर्ष 2014-15 में उसकी बाजार हिस्सेदारी 15 प्रतिशत से अधिक थी। लेकिन मोबाइल फोन, स्मार्ट टीवी, एलईडी डिस्प्ले जैसे उच्च-वृद्धि वाले क्षेत्रों पर कंपनी का ध्यान केंद्रित होने के बाद इस खंड में वह अपनी पकड़ गंवा बैठी। उद्योग के अंदरूनी सूत्र ने कहा कि सैमसंग को वर्ष 2025 में प्रीमियम उत्पादों की तरफ बढ़ते रुझान के सहारे आरएसी खंड में दहाई अंक की वृद्धि की उम्मीद है।

### सैमसंग की बाजार हिस्सेदारी एक फीसदी

वर्ष 2024 में लगभग पांच लाख इकाइयों की बिक्री करने वाली सैमसंग की बाजार हिस्सेदारी एक अंक में है। हालांकि, इस संबंध में टिप्पणी के लिए सैमसंग इंडिया को भेजे गए ईमेल का जवाब अबतक नहीं मिला है।

### बढ़ते तापमान से मांग बढ़ी

भारत में एयर कंडीशनर की बिक्री आमतौर पर फरवरी के मध्य में दक्षिणी बाजारों में शुरू होती है। भारत में इसकी मांग कई कारकों के कारण बढ़ रही है, जिसमें बढ़ते तापमान, शहरीकरण और उच्च आय शामिल हैं। भारत में रूम एयर कंडीशनर बाजार का आकार करीब 1.1 करोड़ इकाई होने का अनुमान है।

व्यापार निकाय ने सरकार से की मांग

# पेट्रोरसायन पर आयात शुल्क बढ़ाने की मांग

नई दिल्ली

चीन जैसे देशों द्वारा भारत में कम आयात शुल्क का फायदा उठाते हुए पेट्रोरसायन उत्पादों को 'डंप' किए जाने की आशंका है। एक शीर्ष व्यापार निकाय ने इस बारे में सरकार को पत्र लिखकर इन उत्पादों पर आयात शुल्क बढ़ाने की मांग की है।

- उत्पादों को डंप किए जाने की आशंका

फिक्की की पेट्रोकेमिकल्स एवं प्लास्टिक समिति ने रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय को पत्र लिखकर पॉलिप्रोपीलीन और पॉलिएथेलीन पर सीमा शुल्क या आयात शुल्क को 7.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 12.5 प्रतिशत करने की मांग की है। पॉलिप्रोपीलीन और पॉलिएथेलीन



का व्यापक रूप से मोटर वाहन, पैकेजिंग, कृषि, इलेक्ट्रॉनिक और चिकित्सकीय उपकरणों के साथ-साथ निर्माण में इस्तेमाल किया जाता है। भारत में पेट्रोरसासन की कमी है। अब तक घोषित क्षमता वृद्धि को ध्यान में रखते हुए पॉलिप्रोपीलीन और पॉलिएथेलीन की अनुमानित कमी 2030 तक मौजूदा मूल्य स्तर पर 1.2 करोड़ टन प्रति वर्ष या 12 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की संभावना है।

# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 67 अंक टूटा

मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 67 अंक के नुकसान में रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने के बीच ठोस संकेतकों के अभाव में निवेशकों ने बाजार से दूरी बनाये रखी।

- विदेशी संस्थागत निवेशकों ने पूंजी निकासी जारी रखी

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 67.30 अंक यानी 0.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 78,472.87 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 142.38 अंक तक नीचे आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 25.80 अंक यानी 0.11 प्रतिशत नुकसान के साथ 23,727.65 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'छुट्टियों से पहले बाजार लगभग स्थिर रहा। धातु और बिजली शेयरों में बिकवाली से बाजार पर असर पड़ा। हालांकि, हाल के सुधार के बाद दैनिक इस्तेमाल का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) और वाहन शेयर लाभ में रहे।' एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कम्पोजिट लाभ में रहा जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में लाभ का रुख रहा। अमेरिकी बाजार सोमवार को बढ़त में रहे थे।



### इन शेयरों में रही लाभ-हानि

सेंसेक्स के तीस शेयरों में से पावर ग्रिड, भारतीय स्टेट बैंक, टाइटन, टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, अदाणी पोर्ट्स और इन्फोसिस प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा मोटर्स, आईटीसी, नेस्ले, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एनटीपीसी और जोमैटो शामिल हैं।

# सोने में 100 रुपए की गिरावट और चांदी 500 रुपए मजबूत

नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 100 रुपये की गिरावट के साथ 78,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। सोमवार को सोने की कीमत 78,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

- सोना गिरावट के साथ 78,600 रुपए प्रति 10 ग्राम

हालांकि, चांदी 500 रुपये की तेजी के साथ 90,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 90,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी मंगलवार को 100 रुपये घटकर 78,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। वैश्विक स्तर पर, कॉमेक्स सोना वायदा 2,628.30 डॉलर प्रति औंस पर स्थिर रहा। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के ईबीजी - जिंस और मुद्रा शोध के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा, 'छुट्टियों की वजह से कम कारोबारी सत्र में सोने की कीमतों में स्थिरता रही और पिछले सप्ताह की गिरावट के बाद कीमतों में मजबूती देखी गई। हालांकि, विदेशी बाजार में डॉलर के मजबूत होने से कीमतों पर दबाव बना रहा।'




### छुट्टियों से पहले कारोबार शांत रहा

*एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी के अनुसार, क्रिसमस की छुट्टियों से पहले इस सप्ताह कारोबार का आकार अपेक्षाकृत शांत दिखा। गांधी ने कहा कि शुक्रवार की गिरावट के बाद अमेरिकी डॉलर में सुधार कीमती धातुओं के लिए एक प्रतिकूल स्थिति है।*

# नॉर्डस्ट्रॉम का 6.25 अरब डॉलर में अधिग्रहण का प्रस्ताव मंजूर

**न्यूयॉर्क।** सौ साल से अधिक पुरानी डिपार्टमेंटल स्टोर श्रृंखला नॉर्डस्ट्रॉम का नॉर्डस्ट्रॉम परिवार के सदस्य और मेक्सिको का एक खुदरा समूह 6.25 अरब डॉलर में अधिग्रहण करेगा। कंपनी ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने इस अधिग्रहण प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी दी। इस लेनदेन के तहत नॉर्डस्ट्रॉम के शेयरधारकों को नॉर्डस्ट्रॉम के प्रत्येक शेयर के लिए 24.25 डॉलर नकद मिलेंगे। इसके पहले सितंबर में नॉर्डस्ट्रॉम परिवार और मेक्सिको के खुदरा समूह एल पुएर्तो डी लिवरपूल ने 23 डॉलर प्रति शेयर की बोली लगाई थी। इसके अलावा निदेशक मंडल की 25 सेंट प्रति शेयर का विशेष लाभांश देने की भी योजना है। यह लेनदेन पूरा होने के बाद 1901 में स्थापित कंपनी में नॉर्डस्ट्रॉम परिवार की बहुलांश हिस्सेदारी हो जाएगी।



## वर्ष 2025 के लिए संभावनाएं आशाजनक बताई जा रही

# आईटी भर्ती में एआई व डेटा विज्ञान के पदों पर रहेगा जोर

नई दिल्ली

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में नियुक्तियों का परिदृश्य एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है क्योंकि 2024 में गिरावट का सामना करने के बाद अब अधिक आशाजनक भविष्य की ओर बढ़ रहा है।

- 2024 में आईटी क्षेत्र में भर्तियों में गिरावट देखी गई

विशेष कौशल खासतौर पर कृत्रिम मेधा (एआई) और डेटा विज्ञान पर ध्यान केंद्रित करना, मझोले शहरों की ओर भौगोलिक बदलावों के साथ इस क्षेत्र में बदलाव का संकेत देता है। भारत में 2024 आईटी क्षेत्र में भर्तियों में गिरावट देखी गई, हालांकि 2025 के लिए संभावनाएं आशाजनक दिखाई देती हैं।




### एआई की मांग में 39 फीसदी की वृद्धि

एडेको रिसर्च के अनुसार, कृत्रिम मेधा (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) में विभिन्न भूमिकाओं की मांग में 39 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो अधिक विशिष्ट कौशल ढांचे की ओर बदलाव को दर्शाता है क्योंकि संगठनों ने इन प्रौद्योगिकियों को प्राथमिकता दी है।

### पेशेवरों के लिए 52 फीसदी नौकरियों का हुआ सृजन

एडेको इंडिया के 'कंट्री मैनेजर' सुनील चेम्मनकोटिल ने कहा, " ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) से भर्तियों को बढ़ावा मिला जिससे प्रौद्योगिकी पेशेवरों के लिए 52.6 प्रतिशत नौकरियों का सृजन हुआ लेकिन वे आईटी सेवा क्षेत्र में आई भारी गिरावट की पूरी तरह भरपाई नहीं कर सके।

### नए पेशवरों की भर्ती धीमी रही

टीमलीज एडटेक के मुख्य संचालक अधिकारी (सीओओ) एवं एम्प्लॉयबिलिटी बिजनेस के प्रमुख जयदीप केवलरमानी ने कहा कि 2024 में नए पेशवरों (फ्रेशर्स) की भर्ती सामान्य रूप से धीमी रही, साथ ही कई कंपनियों ने अपने 'कैंपस हायरिंग' में विलंब किया... जैसे-जैसे वृहद आर्थिक चुनौतियां धीमी पड़ती जाएंगी सेक्टर में तेजी आएगी।

### प्रौद्योगिकी बदलाव वाला वर्ष होगा

विप्रो की मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ) संध्या अरुण ने कहा कि उद्यम महत्वपूर्ण व्यावसायिक मूल्य प्राप्त करने के लिए एआई और अन्य उन्नत प्रौद्योगिकियों के एकीकरण में तेजी लाने के लिए तैयार हैं। अरुण ने कहा, वर्ष 2025 तीव्र गति से प्रौद्योगिकी में बदलाव का वर्ष होगा जो नए अवसर प्रदान करेगा और अभूतपूर्व चुनौतियां भी प्रस्तुत करेगा।

# शास्त्री ने बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले की भविष्यवाणी, इस टीम पर लगाया जीत का दाव

**मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया) (एजेंसी)।** मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट से पहले पूर्व भारतीय ऑलराउंडर और मुख्य कोच रवि शास्त्री ने भविष्यवाणी की कि भारत मैच जीतेगा। उन्होंने कहा कि मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (MCG) में बॉक्सिंग डे टेस्ट का पहला दिन तय करेगा कि श्रृंखला किस दिशा में जाएगी। श्रृंखला 1-1 से बराबर होने के साथ दोनों पक्ष आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए एक महत्वपूर्ण श्रृंखला बढ़त हासिल करने के इरादे से बहुप्रतीक्षित बॉक्सिंग डे टेस्ट खेलेंगे।



शास्त्री ने एक न्यूज वेबसाइट से बातचीत में कहा, 'जिस तरह से यह श्रृंखला आगे बढ़ रही है, मुझे लगता है कि भारत इस श्रृंखला को जीत लेगा। टीम 1-1 से बराबरी पर है, खासकर जब खेल पर्थ, एडिलेड और ब्रिस्बेन में हो गए हैं, तो वे इसे जीत लेंगे। बॉक्सिंग डे में 1-1 से आगे बढ़ना सबसे अच्छी स्थिति है। मैं कहूंगा कि भारत आगे है।'

शास्त्री ने कहा कि भारत यहां जीतने के लिए आया है, न कि संख्या बढ़ाने के लिए। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में जीतने के लिए एक टीम के पास अच्छी तरह से सोची-समझी योजना और तरीके होने चाहिए और केवल प्रतिस्पर्धा करने से मदद नहीं मिलती।

उन्होंने कहा, 'जब मैं कोच था, तब भी हमारा मंत्र बहुत कठिन, निष्पक्ष खेलना और जीतना था। आपको ऑस्ट्रेलिया को हराने के लिए एक तरीका सोचना होगा, न कि केवल प्रतिस्पर्धा करना। आपको ठीक से योजना बनानी होगी, कि अपने 20 विकेट कैसे लें। भारत ने ऐसा किया है और बहुत आक्रामक रहा है। वे ऑस्ट्रेलिया का सामना कर चुके हैं और जितना हो सके उतना अच्छा प्रदर्शन किया है। यह मनोरंजक और उत्साहपूर्ण रहा है। भारत आगे है। मुझे लगता है कि बॉक्सिंग डे टेस्ट का पहला दिन तय करेगा कि सीरीज किस तरफ जाएगी।'

**ऑस्ट्रेलियाई प्लेइंग 11 =** उस्मान ख्वाजा, सैम कोनस्टास, मार्नस लाबुस्चगने, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, मिच मार्श, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिशेल स्टार्क, नाथन लियोन, स्कॉट बोलैंड

**भारतीय टीम =** रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रित बुमरा (वीसी), यशस्वी जयसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन, शुबमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जड़ेजा, मो. सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, देवदत्त पडिक्कल, तनुश कोटियन।

# बुमराह आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे




**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी की ताजा टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 904 रेटिंग अंकों के साथ ही शीर्ष पर पहुंच गये हैं। बुमराह ने ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में अब तक कुल 21 विकेट लिए हैं और इसके कारण ही वह नंबर एक स्थान पर पहुंच गये हैं। उनके दूसरे स्थान पर चल रहे प्रतियोगी से 48 रेटिंग अंक अधिक हैं।

वहीं दक्षिण अफ्रीका के कगिसो रबाडा 856 रेटिंग अंक लेकर दूसरे जबकि ऑस्ट्रेलिया के जॉश हेजलवुड 852 रेटिंग अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। पैट कमिंस 822 रेटिंग अंक के साथ चौथे, आर अश्विन 789 रेटिंग के साथ पांचवें स्थान पर है। इसके अलावा मैट हैनरी (782) छठे, नाथन लायन (770) सातवें, प्रभात जयसूर्या (768) आठवें , नोमान अली (759) नौवें और रवींद्र जडेजा (755) रेटिंग अंक के साथ दसवें स्थान पर है।

मोहम्मद सिराज एक स्थान के फायदे के साथ 24वें पायदान पर पहुंच गए हैं। जबकि बल्लेबाजी रैंकिंग में ट्रैविस हेड भारत के यशस्वी जायसवाल को छाड़ते हुए बल्लेबाजी चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। बल्लेबाजी रैंकिंग में नंबर एक स्थान पर इंग्लैंड के जो रूट हैं। ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ भी शीर्ष 10 में शामिल हैं। स्मिथ ने पिछले मैच में 101 रनों की पारी खेली थी। जबकि 70 और 20 नाबाद रनों की पारी खेलने वाले ऐलेक्स कैरी 11 पायदान की छलांग के साथ 29वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# शैली में बदलाव के कारण रन नहीं बना पा रहे शुभमन : पोंटिंग

**–रक्षात्मक तकनीक को बेहतर बनायें**

**मेलबर्न (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल अभी तक अपने इस ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रन बनाने में विफल रहे हैं। जिसके बाद से ही उनपर बड़ी पारी खेलने का दबाव है। इसी को लेकर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा है कि शुभमन ने अपनी बल्लेबाजी शैली में पिछले कुछ समय में बदलाव किये हैं, इसलिए लिए वह विदेश दौरों पर असफल हो रहे हैं। उन्हें इससे उबरने अपना आत्मविश्वास बनाये रखना होगा इसके अलावा अपनी रक्षात्मक तकनीक को भी बेहतर करना होगा। गिल अंगूठे की चोट के कारण बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में पहला टेस्ट नहीं खेल सके थे। वहीं एडीलेड में दूसरे टेस्ट में वह अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल सके। ब्रिसबेन में तीसरे टेस्ट में भी वह पहली पारी में रन नहीं बना पाये।



पोंटिंग ने कहा, 'मुझे उसे खेलते देखना पसंद है। जब आप उसे अच्छी बल्लेबाजी करते देखें तो उसका कोई जवाब नहीं है पर विदेश में उसका प्रदर्शन वैसा नहीं रहा है। पोंटिंग ने कहा कि एडीलेड में दूसरे टेस्ट में उन्होंने इस युवा बल्लेबाज की तकनीक में काफी बदलाव देखे जिससे उनसे रन नहीं आ रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मैने एडीलेड में उसे बल्लेबाजी करते देखा और लगा कि उसने काफी बदलाव कर लिया है। स्कॉट बोलैंड गेंदबाजी कर रहा था और उसने ऑफ स्टम्प पर पड़ती गेंद पर फ्रंट पैड आगे कर विकेट गंवा दिया।

पोंटिंग ने कहा कि शैली में बदलाव करने की जगह शुभमन को अपने आप पर भरोसा करके बल्लेबाजी में सुधार करना चाहिए था। उन्होंने कहा, 'उसे अपनी रक्षात्मक तकनीक को और बेहतर करना होगा जिससे ऑस्ट्रेलिया में वह रन बना सके। उसने अपने देश में या दुनिया में हर जगह आक्रामक होकर रन बनाए हैं। वह आउट होने के बारे में नहीं बल्कि रन बनाने के बारे में ही सोचता आया है। उसे उसी मानसिकता के साथ यहां भी खेलना चाहिये।

# पिछली यादगार जीत को दोहराने मेलबर्न उतरेगी भारतीय टीम

**मेलबर्न (एजेंसी)।** आज से शुरु होने जा रहे चौथे टेस्ट मैच में भारतीय टीम में पिछली बार वर्ष 2020-21 बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में इसी मैदान पर मिली जीत के दोहराने के इरादे से उतरेगी। भारतीय प्रबंधन को इस टेस्ट में जीत दर्ज करने के लिए चुनौतीपूर्ण निर्णय लेने होंगे।

सीरीज के पिछले तीन मुकाबलों में देखा गया है कि भारतीय टीम शीर्षक्रम बल्लेबाजी को लेकर असमंजस की स्थिति रही। अब तक देखा गया है कि फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज ने इस सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन किया है, लेकिन खराब फॉर्म से जूझ रहे कप्तान रोहित शर्मा ने भारत के बल्लेबाजी क्रम को बिगाड़ दिया है। इस बॉक्सिंग डे टेस्ट में दो क्रिकेट दिग्गज रोहित शर्मा ,केएल राहुल के चरित्र, धैर्य और दृढ़ संकल्प की परीक्षा होगी। भारत अभी भी बुमराह के पर्याप्त समर्थन और खराब फॉर्म में चल रहे शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों से काफी अपेक्षा कर रहा है। बल्लेबाजी क्रम में खिलाड़ियों को बदलने के मामले में भारत के पास अधिक विकल्प नहीं हैं। इसलिए वे उम्मीद करेंगे कि कोई के एल राहुल का साथ दे और उनके साथ घंटों बल्लेबाजी कर सके।

अगर भारतीय टीम यह टेस्ट हारती है तो डब्ल्यूटीसी के फाइनल में पहुंचने के लिए उन्हें अन्य मैचों के परिणाम पर निर्भर रहना होगा। साथ ही एक दशक के बाद ऐसा होगा, जब ऑस्ट्रेलिया भारत के खिलाफ कोई टेस्ट श्रृंखला जीतने के बेहद करीब होगा। वहीं अगर भारत को जीत मिलती है तो वे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को रिटेन कर लेंगे।

भारत के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने केएल राहुल को छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने का सुझाव



दिया है। यह उन्हें पारी की शुरुआत में नई गेंद से बचायेगा और उन्हें दूसरी नई गेंद के खिलाफ मजबूती से खड़े हो सकेंगे। हालांकि इस रणनीति के अपने फायदे हैं, लेकिन इससे राहुल की लय को बिगाड़ने का भी जोखिम है, विशेषकर सलामी बल्लेबाज के रूप में उनकी सफलता को देखते हुए।

रोहित का शीर्ष पर स्थान अभी सुरक्षित लगता है, भले ही वह रन नहीं बना रहे हों। अगर राहुल नीचे आते हैं तो मध्यक्रम की गतिशीलता में काफी बदलाव आएगा। देखना होगा कि शुभमन गिल एकादश में अपना स्थान बरकरार रख पाते है या ध्रुव जुरेल को मौका मिलेगा।

जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज की अगुवाई में भारत के गेंदबाजी आक्रमण को अपनी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मैदान की सतह पारंपरिक रूप से तेज गेंदबाजों के अनुकूल है, लेकिन 40 डिग्री सेल्सियस के चिलचिलाती गर्मी के पूर्वानुमान के कारण भारत को दूसरा स्पिनर शामिल करना होगा।

दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया भी शीर्षक्रम की बल्लेबाजी को लेकर परेशान है। ऑस्ट्रेलिया ने जसप्रीत बुमराह का मुकाबला करने के लिए अपनी सलामी जोड़ी में बदलाव करना पड़ा है। इसके लिए ऑस्ट्रेलिया ने टीम में सैम कॉन्स्टास को जगह दी है। गेंदबाजी में पैट कमिंस और मिशेल स्टार्क की जोड़ी किसी भी बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त करने में सक्षम है। पूरी तरह से फिट और खेलने के लिए तैयार ट्रैविस हेड की वापसी से मध्य क्रम को मजबूती मिली है। स्टार्क और स्कॉट बोलैंड से इस पिच की उछाल पर बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।

मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में भारत का दिलचस्प इतिहास रहा है इस जगह हाल के वर्षों में कई यादगार भारतीय जीत देखी हैं, जिसमें प्रतिष्ठित 2020-21 बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के दौरान उनकी जीत भी शामिल है। भारत को इस मुकाबले में जीत दर्ज करने के लिए बल्ले और गेंद दोनों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

**टीम**

**भारत :** यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रोहित शर्मा (कप्तान), रवींद्र जडेजा, नीतीश कुमार रेड्डी/वॉशिंगटन सुंदर, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह, और मोहम्मद सिराज।

**ऑस्ट्रेलिया:** उस्मान ख्वाजा, सैम कॉन्स्टास, मार्नस लाबुशेन, स्टीवन स्मिथ, ट्रैविस हेड, मिचेल मार्श, ऐलेक्स कैरी (विकेटकीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिचेल स्टार्क, नाथन लायन और स्कॉट बोलैंड

# चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए दक्षिण अफ्रीका दौरे से बाहर रहेंगे शाहीन अफरीदी

कराची। पाकिस्तान के स्टार तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी आगामी आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के पहले पूरी तरह से तरोताजा होना चाहते हैं। इसी को देखते हुए शाहीन टेस्ट सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका दौरे पर नहीं जाना चाहते हैं। शाहीन ने टीम प्रबंधन और चयन समिति से कहा है कि दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए उन्हें शामिल नहीं किया जाये। अफरीदी फरवरी मार्च में होने वाली आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये पूरी तरह फिट होना चाहते हैं। वहीं पाक टीम को दक्षिण अफ्रीका दौर में दो टेस्ट मैच खेलने हैं। ऐसे में शाहीन के नहीं होने से उसे परेशानी होगी पर मुख्य चयनकर्ता आकिब जावेद ने कहा कि चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये उन्हें तरोताजा रखने की कवायद में आराम दिया जा सकता है। शाहीन ने टीम प्रबंधन और बोर्ड को बताया कि उन्हें बांग्लादेश प्रीमियर लीग की एक टीम से पेशकश भी मिली है और उन्होंने आश्वस्त किया है कि वह 30 दिसंबर से सात फरवरी तक होने वाली टी20 लीग के दौरान कार्यभार प्रबंधन कर लेंगे।




# बॉक्सिंग डे टेस्ट में राहुल बना सकते हैं रिकार्ड




मेलबर्न । भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेज केएल राहुल मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से यहां होने वाले एक चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच में अगर शतक लग देते हैं तो एक अहम उपलब्धि अपने नाम कर लेंगे। राहुल ने अब तक तीन मैचों में भारत की ओर से सबसे ज्यादा 235 रन बनाए हैं हालांकि इस दौरान वह कोई शतक नहीं लगा पाये। अब भारत को चौथा टेस्ट मैच मेलबर्न में खेला है और यहां पर केएल राहुल से भी अच्छी पारी की उम्मीद सबको है। वहीं अगर इस टेस्ट मैच में राहुल शतक लगा देते हैं तो वो बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा शतक लागने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे।

बॉक्सिंग डे टेस्ट में अब तक सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में केएल राहुल सचिन तेंदुलकर और अंजिक्य रहाणे के साथ संयुक्त रूप से पहले नंबर पर हैं। तेंदुलकर और रहाणे ने भारत के लिए बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में दो-दो शतक लगाए थे। और राहुल के नाम भी दो शतक दर्ज हैं। अब मेलबर्न में अगर राहुल शतक लगा देते हैं तो वो भारत की तरफ से बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा शतक बनाने वाले खिलाड़ी बन सकते हैं।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया से जीतने होंगे दोनो मैच

**मुम्बई (एजेंसी)।** अगामी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में कौन सी चार टीमें पहुंचेंगी। ये अभी तक तय नहीं हुआ है। फाइनल की रेस में भारत, ऑस्ट्रेलिया दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका जैसी टीमें हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीद अभी दो टेस्ट मैच होने हैं और भारतीय टीम को अगर सीधे फाइनल में जगह बनानी है तो इन दोनो को ही जीतना होगा।

अभी डब्ल्यूटीसी अंकतालिका में दक्षिण अफ्रीका पहले नंबर पर है। दक्षिण अफ्रीका के 10 मैचों में से 6 जीत, तीन हार और एक ड्रॉ से 76 अंक हैं। उसका अंक प्रतिशत 63.33 है। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम दूसरे स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया के 15 मैचों में 9 जीत, चार हार और 2 ड्रॉ से 106 अंक हैं। उसका अंक प्रतिशत 58.89 है। तीसरे नंबर पर मौजूदा भारत के 17 मैचों में 9 जीत, 6 हार और 2 ड्रॉ से 114 अंक हैं। भारत का अंकों का प्रतिशत 55.88 है। भारतीय टीम को अभी दो मैच ऑस्ट्रेलिया से खेलने हैं।

उधर श्रीलंकाई टीम पांचवें नंबर पर है पर उसके भी फाइनल में पहुंचने की संभावनाएं कम हैं। श्रीलंकाई टीम के 45.45 प्रतिशत अंक हैं और वह अधिकतम 53.85 प्रतिशत अंकों तक पहुंच सकती है। 48.21 प्रतिशत अंकों के साथ चौथे नंबर पर न्यूजीलैंड की टीम है, जो रेस से बाहर हो चुकी है। इंग्लैंड छठे, पाकिस्तान सातवें, बांग्लादेश आठवें और वेस्टइंडीज नौवें स्थान पर है।




**भारतीय टीम के लिए ये है फाइनल का समीकरण**

भारतीय टीम को आसानी से फाइनल में पहुंचने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दोनों टेस्ट जीतने होंगे। यदि भारतीय टीम एक भी मुकाबला ड्रॉ कराती है या हारती है तो उसे दूसरे परिणामों पर निर्भर रहना होगा। यदि भारतीय टीम सीरीज को 2-1 से जीतती है, तो उसे उम्मीद करनी होगी कि श्रीलंका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो मैचों की घरेलू सीरीज में कम से कम एक मैच को ड्रॉ करा ले। या फिर दक्षिण अफ्रीकी टीम पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज हार जाए।

यदि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज 2-2 से ड्रॉ होती है, तो भारत 55.26 प्रतिशत अंकों पर समाप्त होगा। ऐसे में भारतीय टीम तभी फाइनल में पहुंचेगी जब श्रीलंका अपने घर पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 या 2-0 से जीत हासिल करे। या पाकिस्तानी टीम दक्षिण अफ्रीका को 2-0 से हराए।

यदि मेलबर्न और सिडनी टेस्ट ड्रॉ रहते हैं तो भारतीय टीम 53.51 अंकों पर समाप्त करेगी। ऐसे में भारत तभी फाइनल में पहुंचेगा, जब दक्षिण अफ्रीका को पाकिस्तान के हाथों दोनों टेस्ट में हार मिले या श्रीलंकाई टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1-0 से सीरीज जीते या 0-0 से बराबरी करे। श्रीलंका के खिलाफ सीरीज 0-0 से बराबर होने पर ऑस्ट्रेलिया के भारत के समान 53.51 प्रतिशत अंक होंगे लेकिन इस चक्र में अधिक सीरीज जीतने के आधार पर भारत उससे आगे रहेगा। यदि श्रीलंका 2-0 से सीरीज जीतता है, तो वो भारत से आगे हो जाएगा।

# सांता सिंह धोनी... पत्नी साक्षी और बेटी संग महान कप्तान ने मनाया क्रिसमसं

मुम्बई । भारत के पूर्व कप्तान एमएस धोनी सांता क्लॉज बने और पत्नी साक्षी और बेटी जीवा के साथ क्रिसमस मनाया। इस दौरान धोनी के करीबी साथी भी मौजूद रहे। धोनी ने फुल सांता सूट पहना था। उन्होंने लंबे बूट्स पहनने के अलावा लंबी सफेद दाढ़ी भी लगा रखी थी। दिग्गज क्रिकेटर ने आउटफिट में एक अलग टच देने के लिए पीले रंग का चश्मा भी पहना। साक्षी सिंह धोनी द्वारा शेयर की गई तस्वीरों में, पूर्व क्रिकेटर एक तस्वीर में अपनी पत्नी और बेटी के साथ पोज देते हुए दिखाई दिए, जबकि दूसरी तस्वीर में उन्होंने जीवा को गले लगाया था। क्रिसमस ट्री को बेहद खूबसूरती से सजाया गया था। इस पर गहने, सफेद फूल और ऊपर एक स्टार लगाया गया था। इसे पेड़ को खिड़की के पास रखा गया था। क्रिसमस ट्री के बेस पर रंग-बिरंगे कागज में लिपटे कई सारे उपहार रखे गए थे। धोनी ने एक तस्वीर में पेड़ के साथ पोज भी दिया। इस बीच, बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन और उनके कथित बॉयफ्रेंड कबीर बहिया को भी जश्न मनाते देखा गया। कृति ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर धोनी के साथ अपनी एक तस्वीर पोस्ट की। बहिया, जो यूके के एक व्यवसायी हैं, ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर पूरी गैंग की एक तस्वीर साझा की, जिसे कृति ने फिर से पोस्ट किया। हालांकि, यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि यह जश्न किसके घर पर मनाया गया। बता दें कि 2019 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद, धोनी केवल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए खेलते हैं। दरअसल, रोहित शर्मा के बाद धोनी पांच आईपीएल खिताब जीतने वाले एकमात्र कप्तान हैं। कई बार आईपीएल जीतने वाले कप्तान, जिन्होंने आईपीएल 2024 से पहले कप्तानी छोड़ दी थी, अगली बार आईपीएल 2025 में दिखाई देंगे, जो अगले साल 14 मार्च से शुरू होने वाला है। धोनी आईपीएल 2025 के लिए सीएसके द्वारा रिटायर किए जाने वाले पांच खिलाड़ियों में से एक थे।



# जुरेल ने 300 डॉलर का इनाम जीता



मेलबर्न । भारतीय टीम के युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल को अब तक इस सीरीज में खेलने का अवसर नहीं मिला है पर उन्हें अच्छी फिल्डिंग के कारण इनाम जरुर मिल गया है। जुरेल को बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले फील्डिंग ड्रिल में नकद पुरस्कार मिला है। जुरेल ने फील्डिंग कौशल को निखारने के लिए आयोजित एक अभ्यास सत्र के दौरान अन्य खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया। इसमें टीम प्रबंधन ने बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी के लिए 300 डॉलर का नकद पुरस्कार घोषित किया था जिसे जुरेल ने अपने बेहतरीन प्रयासों से जीता। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अभ्यास ड्रिल की एक क्लिप भी साझा की है। फील्डिंग अभ्यास सत्र के दौरान खिलाड़ियों को तीन अलग-अलग समूहों में विभाजित किया गया। इसमें फील्डिंग कोच टी दिलीप ने बताया, आज के लक्ष्य में, आप तीन स्टंप देख सकते हैं। बड़े स्टंप पर एक अंक होगा, छोटे स्टंप पर दो अंक होंगे, बीच में गेंद पर चार अंक होंगे। हम आज कोण का उपयोग कर रहे हैं। आप तीन मार्कर देख सकते हैं। प्रत्येक मार्कर से, प्रत्येक छह गेंदें जाएगी। फील्डिंग कोच ने कहा कि ड्रिल आयोजित करने का उद्देश्य खिलाड़ियों को उनके निर्धारित नेट सत्र से पहले ऊर्जावान बनाना था।

# पूर्व क्रिकेटर ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को बताया बुमराह का सामना करने का तरीका

मेलबर्न । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर साइमन कैटिच ने कहा है कि भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अब तक इस सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों के लिए सबसे बड़ी समस्या रहे हैं। बुमराह ने ही तीनों टेस्ट मैचों में सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं। उनका सामना करने में ट्रेविस हेड सहित अन्य बल्लेबाज विफल रहे हैं। कैटिच ने कहा है कि वह इस मामले में अपनी टीम की सहायता कर सकते हैं। कैटिज ने कहा है कि मेजबान टीम के बल्लेबाजों को बुमराह के खिलाफ सफल होने के लिए स्ट्राइक रोटेट करने के साथ ही रक्षात्मक तकनीक को भी बेहतर बनाना होगा। कैटिच ने कहा कि बुमराह शायद ही कभी ढीली गेंद फेंकते हैं, इसलिए ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को अपना रुख सही रखते हुए एक तय रणनीति से उतरना होगा। कैटिच ने कहा कि, सभी बातें सकारात्मक रुख को लेकर हैं और इसका ध्यान उन्हें रखना होगा। इसके अलावा बुमराह जैसे गेंदबाज के खिलाफ केवल बाउंड्री लगाने पर ही ध्यान नहीं देना चाहिये। इसका कारण है कि वह बहुत खराब गेंद नहीं फेंकता। इसलिए सबसे अधिक अहम ये है कि स्ट्राइक रोटेट कर आराम से खेला जाये।



# 'यह अंतिम सूची नहीं है', खेल रत्न पुरस्कार की अंतिम सूची में जोड़ा जाएगा मनु भाकर का नाम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रतिष्ठित खेल रत्न पुरस्कार के लिए अनुशंसित लोगों में मनु भाकर का नाम न होने के एक दिन बाद यह विश्वसनीय रूप से पता चला है कि केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया द्वारा कुछ दिनों में इस मामले पर निर्णय लिए जाने के बाद इसे अंतिम सूची में जोड़े जाने की संभावना है। कोई औपचारिक घोषणा नहीं की गई, लेकिन देश के शीर्ष खेल पुरस्कार के लिए प्रारंभिक सूची में केवल भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान और ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह और पेरिस पैरालिंपिक में पैरा हाई जंप स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण कुमार का नाम शामिल था जिन्होंने तीन साल पहले टोक्यो में भी रजत पदक जीता था।

भाकर का नाम इस साल की शुरुआत में पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतकर इतिहास रचने के बाद औपचारिकता माना जा रहा था, पर विचार नहीं किया गया, जिसके कारण आलोचना हुई। खेल मंत्रालय और 12 सदस्यीय पुरस्कार समिति की आलोचना के बाद मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, 'यह अंतिम सूची नहीं है, इसमें एक प्रक्रिया शामिल है।'

पुरस्कार चयन समिति के अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति वी रामसुब्रमण्यम हैं और इसमें पूर्व महिला हॉकी कप्तान रानी रामपाल, मुक्केबाज विजेंदर सिंह और महान क्रिकेटर अनिल कुंबले जैसे अन्य लोग शामिल हैं। समिति को उन लोगों पर विचार करने का अधिकार है जो अपना आवेदन दाखिल करते हैं, लेकिन यदि आवश्यक हो, तो यह उन नामों पर चर्चा करने के लिए भी अधिकृत है जो उस सूची में शामिल नहीं हैं।

शूटिंग फेडरेशन (एनआरएआई) ने सचिव-खेल, सुजाता चतुर्वेदी को पत्र लिखकर आग्रह किया कि मंत्रालय 'असाधारण आधार' पर खेल रत्न के लिए भाकर पर विचार करे। एक रिपोर्ट में एनआरएआई के अध्यक्ष कलिकेश सिंह देव ने कहा, 'हमें यह भी नहीं पता कि उसने आवेदन किया है या नहीं, लेकिन अगर उसने किया है, तो मुझे नहीं लगता कि समिति के पास उस पर विचार न करने का कोई कारण था। अगर उसने आवेदन नहीं किया है, तो समिति कुछ नहीं कर सकती थी। हमें उम्मीद है कि मंत्रालय हमारे दृष्टिकोण को समझेगा और उसे वह पुरस्कार देगा जिसकी वह पूरी तरह से हकदार है।'

**पूरे मामले पर भाकर की प्रतिक्रिया**

मनु भाकर ने 'एक्स' पर लिखा, 'सबसे प्रतिष्ठित खेल रत्न पुरस्कार के लिए मेरे नामांकन को लेकर चल रहे मुद्दे के संबंध में मैं यह कहना चाहूंगी कि एक खिलाड़ी के रूप में मेरी भूमिका अपने देश के लिए खेलना और प्रदर्शन करना है। मुझे लगता है कि नामांकन दाखिल करते समय शायद मेरी ओर से कोई चूक हुई है जिसे ठीक किया जा रहा है। उन्होंने कहा, 'पुरस्कार और मान्यता मुझे प्रेरित करते हैं, लेकिन ये मेरा लक्ष्य नहीं हैं। पुरस्कार मिले या नहीं, मैं अपने देश के लिए और अधिक पदक जीतने के लिए प्रेरित रहूंगी। सभी से अनुरोध है कि कृपया इस पर अटकलें न लगाएं।'



# इसरो ने चांद पर इंसान को भेजने की तैयारी की, तिरंगा लहराकर आजादी की 100वीं सालगिरह मनाएगा भारत

## मोदी सरकार ने 31 हजार करोड़ रुपए का फंड इसरो के लिए जारी किया

*इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा कि हम जब देश की आजादी की 100वीं सालगिरह मनाएंगे तो भारत का झंडा भी चांद पर लहराएगा। हमारा एक यात्री वहां जाएगा और वहीं पर तिरंगा लहराकर लौटेगा। हमारा यह लक्ष्य वर्ष 2040 के लिए है। इससे पहले चंद्रयान-4 मिशन पर काम चल रहा है।*



**अंतरिक्ष स्टेशन भी 2035 में स्थापित करने का लक्ष्य**

नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान परिषद के चेयरमैन डॉ. एस सोमनाथ का कहना है कि भारत 2040 में चांद पर लैंडिंग करेगा। उन्होंने कहा कि हम इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर काम शुरू करने वाले हैं और इंसान को चांद पर लैंड कराएंगे। यही नहीं भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन भी 2035 में स्थापित करने का लक्ष्य तय किया गया है।

### लॉन्चिंग 2028 में होगी

*स्पेस स्टेशन मॉड्यूल की लॉन्चिंग 2028 में की जाएगी और फिर अगले 7 सालों में यह अभियान पूरा हो जाएगा। भारत के चंद्रयान मिशन की बड़ी सफलता के बाद इसरो का यह महत्वाकांक्षी अभियान पूरी दुनिया को अंतरिम में भारत की क्षमता को दिखाने वाला है। एस. सोमनाथ ने कहा कि अगले 15 सालों का रोडमैप हमने तैयार कर लिया है और लॉन्ग टर्म विजन के साथ प्रयासों में जुटे हैं। नरेंद्र मोदी सरकार ने 31 हजार करोड़ रुपए का फंड इसरो के लिए जारी किया है। इसी पर बात करते हुए इसरो चीफ एस. सोमनाथ ने एक इंटरव्यू में कहा कि मुझे विश्वास है कि यह साल हमारे लिए बहुत शानदार रहेगा।*

### 25 सालों का प्लान तय

*हम अपने मिशनों पर आगे बढ़ेंगे। इसके अलावा पीएम के विजन के आधार पर आगे का भी रोडमैप तय करेंगे। स्पेस प्रोग्राम के इतिहास में हमारे पास पहली बार अगले 25 सालों का प्लान तय है। इस प्लान के तहत भारत अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने वाला है, जिसकी शुरुआत 2028 से होगी। इसके अलावा 2040 में भारत ने चांद पर इंसान को भेजने का लक्ष्य तय किया है। यह बेहद महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है।डॉ. सोमनाथ ने कहा कि ऐसा कारनामा हम देश की आजादी की 100वीं वर्षगांठ पर करके दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि हम जब देश की आजादी की 100वीं सालगिरह मनाएंगे तो भारत का झंडा भी चांद पर लहराएगा।*

### चंद्रयान-4 मिशन को मिली हरी झंडी

पीएम नरेंद्र मोदी की कैबिनेट ने चंद्रयान-4 मिशन को मंजूरी दे दी है। उम्मीद है कि ये मिशन 36 महीनों में पूरा हो जाएगा। इस मिशन के लिए सरकार ने 2104.06 करोड़ रुपए का फंड दिया है। इसमें चंद्रयान-4 स्पेसक्राफ्ट, एलवीएम-3 के दो रॉकेट और चंद्रयान-4 से लगातार संपर्क बनाए रखने के लिए स्पेस नेटवर्क और डिजाइन वेरिफिकेशन शामिल है। इसरो चीफ डॉ. एस. सोमनाथ ने कुछ महीनों पहले ही कहा था कि चंद्रयान-4 एक बार में लॉन्च नहीं होगा। इसे दो हिस्सों लॉन्च किया जाएगा। इसके बाद अंतरिक्ष में इसके मॉड्यूल्स को जोड़ेंगे। यानी डॉकिंग करेंगे। यही तकनीक भविष्य में भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन बनाने में मदद करेगी। इसरो ने इससे पहले ऐसा कुछ नहीं किया।

### स्पेस सेक्टर में काम कर रहीं 450 कंपनियां

सोमनाथ ने कहा कि भारत का विजन 2047 हमारे स्पेस प्रोग्राम को बदलने और हमारी स्पेस इकोनॉमी का विस्तार करने के लिए एक ऐतिहासिक और दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दिखाता है। यह एक ऐसे भविष्य के बारे में बात करता है जहां आर्थिक विकास, राष्ट्रीय सुरक्षा और तकनीकी नवाचार अंतरिक्ष से संचालित होता है। उन्होंने बताया कि भारत में 450 निजी कंपनियां स्पेस सेक्टर, लॉन्चिंग और सैटेलाइट बिल्डिंग में काम कर रही हैं।

### पांच हिस्सों को जोड़कर बनेगा भारतीय स्पेस

*भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन को कई टुकड़ों में लॉन्च करके अंतरिक्ष में ही जोड़ा जाएगा। इसका पहला हिस्सा एलवीएम 3 रॉकेट के जरिए अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। उम्मीद है कि इसकी पहली लॉन्चिंग 2028 में होगी। इसके लिए अलग से प्रपोजल तैयार किया जा रहा है, जिसे सरकार के पास अप्रूवल के लिए भेजेंगे। भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन पांच अलग-अलग हिस्सों को जोड़कर बनाया जाएगा।*

## खबर संक्षेप

### इजराइल को मान्यता देगा सऊदी अरब



**कीव।** डोनाल्ड ट्रंप की व्हाइट हाउस में वापसी और गाजा पट्टी में युद्ध के जल्द खत्म होने की उम्मीद के साथ, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अरब दुनिया के साथ इजराइल के रिश्ते को जोड़ने के लिए फिर से अभियान शुरू कर दिया है। गाजा में युद्ध को देखते हुए अरब जगत में जनमत, इजराइल के खिलाफ हो गया और सऊदी अरब ने भी फिलहाल कह रखा है, कि गाजा में युद्ध की समाप्ति और फिलिस्तीनी राज्य बनाने की दिशा में जब तक कदम नहीं उठाए जाते हैं।

### पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की तबीयत बिगड़ी



**वॉशिंगटन।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की तबीयत सोमवार (स्थानीय समय) को अचानक खराब हो गई। जानकारी के मुताबिक, बुखार समेत कुछ अन्य शिकायतों के बाद उन्हें वाशिंगटन के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि, पूर्व राष्ट्रपति के डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ एंजेल उरेना हवाले से बताया गया कि क्लिंटन का स्वास्थ्य अच्छा है। 78 साल के डेमोक्रेटिक नेता को कई जांचों और निगरानी के लिए मेडस्टार जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### अमेरिकन एयरलाइंस ने देशभर में उड़ानें रोकीं



**वाशिंगटन।** अमेरिकन एयरलाइंस ने तकनीकी समस्या के कारण मंगलवार को देशभर में अपनी उड़ानें कुछ समय के लिए रोक दीं। उड़ानों में यह रुकावट ऐसे समय आई, जब क्रिसमस के मौके पर यात्रियों की भारी भीड़ है। संघीय नियामकों द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर उड़ान रोकने का आदेश जारी किए जाने के लगभग एक घंटे बाद विमानों को उड़ान भरने की अनुमति दे दी गई। भारतीय समयानुसार शाम साढ़े पांच बजे से ठीक पहले, अमेरिका में अमेरिकन एयरलाइंस की सभी रोक दीं। आदेश दिया।

---

एनकाउंटर के बाद बौखलाया पन्नू बोला

# अब पीलीभीत का बदला महाकुंभ के दौरान लेंगे

▶▶ पन्नू का गीदड़ भभकी वाला वीडियो वायरल

पीलीभीत

उत्तर प्रदेश के पीलीभीत से बड़ी खबर सामने आ रही है। पूरनपुर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह पंजाब और उत्तर प्रदेश पुलिस ने मुठभेड़ में खालिस्तान समर्थक तीन आतंकियों को मार गिराया था। इस मुठभेड़ के बाद कनाडा में बैठा खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू बौखला गया है। उसका वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें वह गीदड़भभकी दे रहा है। उसने महाकुंभ में पीलीभीत एनकाउंटर का बदला लेने की बात कही है।



पन्नू 14 जनवरी, 29 जनवरी और तीन फरवरी बोलता है। वह कहता है कि इन तारीखों का याद रखना है। पन्नू ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को भी अपशब्द कहे हैं। पीलीभीत में वर्ष 1991 में मारे गए खालिस्तानी आतंकवादियों को शहीद बताया।

गुरपतवंत सिंह पन्नू ने पीलीभीत मुठभेड़ में मारे गए तीनों आतंकियों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये देने का एलान किया। पीलीभीत के पूरनपुर क्षेत्र में माधोटांडा मार्ग पर खालिस्तान समर्थक आतंकियों से सोमवार सुबह मुठभेड़ हुई थी। तीनों आतंकियों को पंजाब और उत्तर प्रदेश पुलिस ने साझा कार्रवाई में मार गिराया था।

### परिजन बोले- बेटे निर्दोष थे

मुठभेड़ में मारे गए तीनों आतंकियों के परिजन मंगलवार को पंजाब से पीलीभीत पहुंच गए। दोपहर तक परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि इन लड़कों की कभी कोई संदिग्ध गतिविधि नहीं दिखी। आपस में तीनों की जान पहचान थी। ऐसे में मिलना जुलना रहता था। उन्होंने तीनों को निर्दोष बताया। परिजनों ने कहा कि उनके बेटे ऐसा काम नहीं कर सकते।मारे गए आतंकी गुरविंदर सिंह के पिता गुरदेव सिंह ने कहा कि वह मजदूरी करते हैं। उनका बेटा ऐसा बिल्कुल भी नहीं था। वह बिल्कुल यह नहीं मानते कि उनके बेटे ने कोई वारदात की।

### एफआईआर दर्ज

*इसके साथ-साथ पीएम नरेंद्र मोदी प्रदेश के मुखिया योगी के लिए भी अपशब्दों का प्रयोग किया गया जिसको संज्ञान में लेते हुए पीलीभीत पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे ने वायरल वीडियो को लेकर मुकदमा दर्ज कराया है।*

---

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने की नए कानूनों की समीक्षा, बोले

# बायोमीट्रिक तकनीक से करें अज्ञात शवों की पहचान और समय सीमा में निपटाएं मामले

नई दिल्ली

गृह मंत्री ने कहा कि पीड़ितों और शिकायतकर्ताओं को लाभ पहुंचाने के लिए सभी आपराधिक मामलों के पंजीकरण से लेकर उसको निपटाने तक सभी चरणों के लिए समय सीमा तय की जाए। इसके अलावा जांच अधिकारियों के साथ ही अलर्ट भेजे जाएं। ताकि जांच प्रक्रिया में तेजी आए।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अधिकारियों के साथ नए आपराधिक कानूनों को लेकर समीक्षा बैठक की। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि अज्ञात शवों और अज्ञात लोगों की पहचान बायोमैट्रिक तकनीक से की जाए। साथ ही आपराधिक मामलों की जांच में भी तकनीक के प्रयोग को बढ़ावा दिया जाए। पीड़ितों और शिकायतकर्ताओं को लाभ पहुंचाने के लिए सभी आपराधिक मामलों के पंजीकरण से लेकर उसको निपटाने तक सभी चरणों के लिए समयसीमा तय की जाए। इसके अलावा जांच अधिकारियों के साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों को भी समय सीमा के मुताबिक अलर्ट भेजे जाएं। ताकि जांच प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके। बैठक में अखिल भारतीय स्तर पर अपराध और अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क और सिस्टम (सीसीटीएनएस 2.0), फिंगरप्रिंट पहचान प्रणाली (एनएएफआईएस), जेल, न्यायालय, अभियोजन और फॉरेंसिक को आईसीजेएस 2.0 के साथ जोड़ने को लेकर चल रही प्रक्रिया को लेकर हुई प्रगति की समीक्षा की गई। गृह मंत्री ने एनसीआरबी से आईसीजेएस 2.0 में नए आपराधिक कानूनों को लागू करने के लिए कहा। गृह मंत्री शाह ने कहा कि हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश में ई-साक्ष्य, न्याय श्रुति, ई-साइन और ई-सम्मन एप के उपयोग पर जोर दिया जाए।



### शाह ने दिए निर्देश

1. ■ ई-साक्ष्य, न्याय श्रुति, ई-साइन और ई-सम्मन एप के उपयोग पर जोर दिया जाए
2. ■ अधिकारी सभी राज्यों का दौरा करें और एप सहित अन्य जानकारियां दें
3. ■ आपराधिक न्याय प्रणाली से जुड़े लोगों की मदद के लिए विस्तृत डेटा तैयार करें

### कब लागू हुए तीन नए आपराधिक कानून

*एक जुलाई से तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम देशभर में लागू हो गए हैं। इन कानूनों ने क्रमशः भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और पुराने भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह ली है। आईपीसी की जगह लेने वाली भारतीय न्याय संहिता में अब 511 धाराओं के स्थान पर 358 धाराएं हैं। इसमें 21 नए अपराध जोड़े गए हैं, 41 अपराधों में कारावास की अवधि बढ़ाई गई है, 82 अपराधों में दंड बढ़ाया गया है, 25 अपराधों में अनिवार्य न्यूनतम सजा की शुरुआत की गई है, 6 अपराधों में सजा के रूप में सामुदायिक सेवा का प्रावधान है और 19 धाराओं को समाप्त किया गया है।*

### एनआरसीबी को दी जिम्मेदारी

इसके साथ ही गृह मंत्रालय और एनसीआरबी अधिकारियों की टीम राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का दौरा करे। टीमें एप समेत नई तकनीकी जानकारियां देने और उन्हें लागू करने में राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की मदद करे। इसके साथ ही राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के वरिष्ठ पुलिस संरचनाओं के साथ नियमित बातचीत की जाए। उन्होंने कहा कि एनसीआरबी को जांच अधिकारियों और आपराधिक न्याय प्रणाली से जुड़े लोगों की मदद के लिए विस्तृत डाटा तैयार करना चाहिए।

---

पांच अरब डॉलर के भ्रष्टाचार का मामला

रूपपुर परमाणु संयंत्र का मामला

# परमाणु ऊर्जा संयंत्र मामले में अब शेख हसीना के खिलाफ जांच शुरू

ढाका

बांग्लादेश में एक भ्रष्टाचार रोधी समिति ने रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र में पांच अरब अमेरिकी डॉलर के गबन के आरोपों के संबंध में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके परिवार के खिलाफ जांच शुरू की है।



इस संबंध में मीडिया में रिपोर्ट प्रकाशित हुई है। भारतीय कंपनियां बांग्लादेश में रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के निर्माण में शामिल हैं। इसका निर्माण रूस की सरकारी कंपनी रोसातम कर रही है। रूस द्वारा डिजाइन किया गया पहला बांग्लादेशी परमाणु ऊर्जा संयंत्र, रूपपुर बांग्लादेश की राजधानी ढाका से 160 किलोमीटर पश्चिम में बनाया जा रहा है।

हसीना के साथ उनके बेटे सजीब वाजेद जॉय और उनकी भांजी एवं ब्रिटेन की वित्त मंत्री ट्यूलिप सिद्दीक से भी पूछताछ की गई।

### उच्च न्यायालय के एक नियम के तहत कार्रवाई

रिपोर्ट में कहा गया है कि रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र परियोजना में पांच अरब अमेरिकी डॉलर के गबन का आरोप है। रिपोर्ट के अनुसार, यह घटनाक्रम उच्च न्यायालय द्वारा एक नियम जारी करने के दो दिन बाद हुआ है, जिसमें पूछा गया था कि रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र परियोजना से हसीना, जॉय और ट्यूलिप द्वारा मलेशियाई बैंक को पांच अरब अमेरिकी डॉलर के कथित हस्तांतरण को अवैध क्यों न घोषित किया जाए।

---

अजमेर में एटीएस के हत्थे चढ़ा बाइक सवार

# हवाला के जरिए पहुंचा रहा था 6 लाख की रकम

अजमेर

अजमेर एटीएस टीम ने सावित्री कॉलेज मार्ग पर मोटर साइकिल सवार युवक को संदेह के आधार पर पकड़कर उसके कब्जे से लगभग 6 लाख रुपए की राशि बरामद की है। एटीएस टीम ने युवक को राशि सहित सिविल लाइन पुलिस के हवाले कर दिया है। मामले में आयकर विभाग को सूचित भी किया गया है। सिविल लाइन थाना पुलिस के एएसआई सुआ लाल ने बताया कि परबतसर जिला कुचामन डीडवाना का रहने वाला हरिराम गोदारा नाम का युवक एटीएस टीम के हाथों पकड़ा गया है। एटीएस टीम ने युवक के कब्जे से 5 लाख 89 हजार 500 रुपए की राशि बरामद की है। इस राशि के बारे में युवक संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया कि राशि किसकी है। युवक कहां से लेकर आया अथवा यह राशि कहां जमा कराई जानी है अथवा किस काम के लिए वह लेकर घूम रहा है।



---

इसे कहते हैं एक्शन! हिंसा पर फटकार

# अमेरिका के लिए उड़ते ही यूनुस के पास आया फोन



नई दिल्ली

अब बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा पर भारत की आवाज बुलंद होती जा रही है। जहां भी मामला फंसता है या कुछ बड़ा मैटर होता है, वहां भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर खड़े रहते हैं। इस बार भी कुछ ऐसा ही है।

जब बांग्लादेश अपनी नीचता पर उतर आया है, ऐसे में जयशंकर उसकी क्लास लगवाने अमेरिका निकल पड़े हैं। जयशंकर के अमेरिका में लैंड करने से पहले ही इसका एक्शन दिख गया। विदेश मंत्री के पहुंचने से पहले ही अमेरिका ने बांग्लादेश के चीफ मोहम्मद यूनुस को फोन घुमाया और हिंदू हिंसा पर फटकार लगाई। अमेरिका के सामने भीगी बिल्ली बने मोहम्मद यूनुस ने हिंदुओं के खिलाफ हिंसा न होने देने की बात कही।

### बांग्लादेश का कान ऐंठवाएंगे जयशंकर

जयशंकर ऐसे वक्त में अमेरिका के दौरे पर हैं, जब भारत के सामने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हिंसा सबसे बड़ा मुद्दा है। बांग्लादेश में हिन्दुओं का जीना मुहाल हो चुका है। उनके ऊपर अत्याचार हो रहे हैं। मोहम्मद यूनुस हिंदुओं की रक्षा नहीं कर पा रही है। उलटे भारत विरोधी अभियान में शामिल भी है। ऐसे में उसकी कान ऐंठवाने के लिए जयशंकर अमेरिका की उड़ान भर चुके हैं। इससे पहले अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी साफ कर चुके हैं कि बांग्लादेश को सुरक्षा करनी ही होगी।

### मुख्य सलाहकार ने की यूनुस से बात

अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने सोमवार को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस से बात की। अमेरिका के सामने बांग्लादेश ने सभी के मानवाधिकारों का सम्मान और रक्षा करने की अपनी प्रतिबद्धता जताई। अमेरिका के सामने मोहम्मद यूनुस ने सभी लोगों के मानवाधिकारों का सम्मान करने और उनकी रक्षा करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की, चाहे उनका धर्म कुछ भी हो।

---

कटड़ा में बनने वाले रोपवे का कर रहे स्थानीय लोग विरोध

# रोपवे के विरोध में हड़ताल, आज से 72 घंटे तक मां वैष्णो के भक्तों को होगी बड़ी परेशानी

**250 करोड़ की लागत वाला है ये प्रोजेक्ट**

**○ ताराकोट मार्ग से सांझी छत के बीच 12 किमी तक बनेगा रोपवे**

कटड़ा

माता वैष्णो देवी दर्शन के लिए कटड़ा जाने वालों को अगले कुछ दिनों के परेशानी का सामना करना पड़ा सकता है क्योंकि कटड़ा से माता रानी के भवन तक बनने वाले रोपवे प्रोजेक्ट के विरोध में मां वैष्णो देवी संघर्ष समिति कटड़ा ने बुधवार से 72 घंटे तक हड़ताल का ऐलान किया है। इस वजह से देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को दिक्कत होनी तय है। इससे पहले, रोपवे के विरोध में 18 दिसंबर को कटड़ा में बंद की घोषणा हुई थी।




### पहले ढाबे हो चुके हैं बंद

रोपवे प्रोजेक्ट के विरोध में पूरा दिन बाजार, दुकानें और ढाबे बंद रहे थे, जिसके बाद जिलाधिकारी ने भरोसा दिया था कि 23 दिसंबर तक कुछ जरूरी फैसला लिया जाएगा। अब बताया जा रहा है कि कटड़ा संघर्ष समिति के पक्ष में कुछ नहीं हुआ, जिसके बाद फिर से 72 घंटे के बंद की घोषणा की गई है। इससे पहले 15 दिसंबर को सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने कटरा के मुख्य बाजार में मार्च निकाला था और रोपवे परियोजना की स्थापना के लिए मंदिर बोर्ड के खिलाफ नारे लगाए थे। प्रदर्शनकारी रोपवे परियोजना को लेकर पिछले महीने पुलिस के साथ झड़प के बाद गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की रिहाई की मांग कर रहे थे।

### दुकानदार, पिट्ठू और पालकीवालों को रोजगार छिनने का डर

*श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने ताराकोट मार्ग से सांझी छत के बीच 12 किलोमीटर के मार्ग पर 250 करोड़ रुपए की लागत से यात्री रोपवे परियोजना को आगे बढ़ाने का फैसला किया था। यात्रा मार्ग के दुकानदार, पिट्ठू और पालकीवालों के साथ स्थानीय लोग इस परियोजना का विरोध कर रहे हैं। उन्हें अपनी आजीविका के नुकसान का डर है।*



# 'पुष्पा 2' इतिहास रचने से एक कदम दूर...

**मुंबई।** फिल्म 'पुष्पा 2' ने सिनेमाघरों में धमाल मचा रहा है। सोमवार को 'पुष्पा 2' ने 12.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। इसमें से हिंदी भाषा में इसने 9.75 करोड़ रुपए की शानदार कमाई की। इसके साथ ही फिल्म का कुल नेट कलेक्शन अब 1074.85 करोड़ रुपए तक पहुंच चुका है। हिंदी में इस फिल्म ने अब तक 689.4 करोड़ की कमाई की है। यह फिल्म अब हिंदी में 700 करोड़ रुपए क्लब में शामिल होने के करीब है। अगर ऐसा हुआ, तो यह फिल्म हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के 100 साल के इतिहास में एक अहम मील का पत्थर साबित होगी।

## लाइफ Style

# जान्हवी

## 'परम सुंदरी' में सिद्धार्थ संग आएंगी नजर

अगले साल कई लव स्टोरी बेस्ड फिल्म बॉलीवुड में रिलीज होंगी, इसमें से एक दिनेश विजान के मैडॉक फिल्म्स की 'परम सुंदरी' भी होगी। हाल ही में इस फिल्म की रिलीज डेट से पर्दा उठ गया है। के मैडॉक फिल्म्स की मूवी 'परम सुंदरी'काफी समय से चर्चा में बनी हुई है। इसमें जान्हवी कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा की जोड़ी नजर आने वाली हैं।

हाल ही में इस फिल्म की रिलीज डेट का भी पता चल गया है। फिल्म 'परम सुंदरी' के डायरेक्शन की जिम्मेदारी दिनेश विजान ने तुषार जलोटा को दी है। यह फिल्म अगले साल 25 जुलाई 2025 को रिलीज होगी। फिल्म एक लव स्टोरी है, लेकिन इसमें कहानी को जरा अलग अंदाज में कहा जाएगा। कहा जा रहा है कि फिल्म 'परम सुंदरी'की कहानी दर्शकों के दिलों को छू लेगी। फिल्म 'परम सुंदरी' की एक फ्रेश लव स्टोरी को दिखाया जाएगा। इसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा परम नाम का किरदार निभा रहे हैं, जो कि उत्तर भारत से बिलॉन्ग करता है, वहीं जान्हवी कपूर ने सुंदरी नाम की लड़की का रोल किया है, जो दक्षिण भारत से आती है। इन दोनों के बीच कैसे प्यार होता है, यह फिल्म की स्टोरी लाइन है। इस तरह के सब्जेक्ट पर पहले भी फिल्में बनी हैं, लेकिन दिनेश विजान और तुषार जलोटा, इसी कहानी को अलग ढंग से कहने वाले हैं। फिल्म का जो पोस्टर और लुक अभी तक रिलीज हुआ है, उसमें जान्हवी और सिद्धार्थ मल्होत्रा काफी अच्छे नजर आ रहे हैं, इन दोनों के बीच केमिस्ट्री भी अच्छी दिख रही है। फिल्म 'परम सुंदरी'में केरल को भी दिखाया जाएगा, वहां की सुंदरता को भी फिल्म में दिखाया जाएगा।



## हॉलीवुड मसाला



# तेज दहाड़ के बाद दो कदम पीछे

**मुंबई।** 'मुफासाः द लॉयन किंग' वीकेंड पर बॉक्स ऑफिस से करोड़ों कमाने के बाद दो कदम पीछे चली गई है। सोमवार को इसकी कमाई बीते दो दिनों की अपेक्षा आधी हो गई है। 'मुफासाः द लॉयन किंग' भारत में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। मुफासा के साथ सिनेमाघरों में नाना पाटेकर की फिल्म वनवास भी है, लेकिन भारतीय दर्शक 'मुफासा'पर ज्यादा प्यार लुटा रहे हैं। फिल्म सोमवार को बॉक्स ऑफिस पर 6.4 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। फिल्म ने भारत में अभी तक कुल 45.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है।



# क्रिस्टोफर की अगली फिल्म होगी 'द ओडिसी'

**लॉस एंजिल्स।** क्रिस्टोफर नोलन की अगली फिल्म द ओडिसी होगी। इस फिल्म का निर्माण यूनिवर्सल की ओर से किया जा रहा है। यह फिल्म होमर की प्रसिद्ध कविता ओडिसी पर आधारित करीब 8वीं शताब्दी ईसा पूर्व लिखा गया था। इस फिल्म की शूटिंग नए आईमैक्स फिल्म तकनीक का उपयोग से दुनियाभर के स्थानों पर की जाएगी। यूनिवर्सल स्टूडियो ने सोमवार को एक बयान में कहा, 'क्रिस्टोफर नोलन की अगली फिल्म द ओडिसी एक एक्शन फिल्म है, जो पूरी दुनिया में आईमैक्स फिल्म तकनीक का उपयोग करते हुए शूट की जाएगी। यह फिल्म होमर की इस ऐतिहासिक गाथा को पहली बार आईमैक्स स्क्रीन पर पेश करेगी। 17 जुलाई, 2026 को यह सिनेमाघरों में दस्तक देगी।' यह कविता ग्रीक कवि होमर ने लिखी है।



# एक उम्दा फिल्ममेकर हैं पल्लवी...

**नई दिल्ली।** निर्माता के रूप में पल्लवी जोशी ने लगातार प्रभावशाली फिल्में दी हैं। उनकी प्रोजेक्ट समाज में बदलाव लाने के उद्देश्य से बोल्ड और साहसी कहानियां प्रस्तुत करती हैं। प्रकाश से दूर रहते हुए भी, वह भारतीय सिनेमा को अपने गहन और प्रेरक दृष्टिकोण से समृद्ध कर रही हैं। पल्लवी जोशी ने भारतीय टेलीविजन सीरीज़ आरोहण को लिखा और प्रोड्यूस किया, जो 1996-1997 के दौरान डीडी नेशनल पर प्रसारित हुआ। द कश्मीर फाइल्स फिल्म 1990 में कश्मीरी हिंदुओं के भारतीय प्रशासित कश्मीर से पलायन पर केंद्रित है। फिल्म उन घटनाओं को नरसंहार के रूप में प्रस्तुत करती है, जिसे विद्वानों के बीच बहस का विषय माना गया। द ताशकंद फाइल्स में पल्लवी जोशी ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की रहस्यमयी मृत्यु को उजागर किया।



# फिल्म 'बॉर्डर 2' की शूटिंग शुरू...

**मुंबई।** 'बॉर्डर 2' की शूटिंग अब शुरू हो चुकी है। सनी देओल एक बार फिर भारतीय सेना के सैनिक के रूप में लौटने के लिए तैयार हैं। साल 1997 में रिलीज हुई फिल्म बॉर्डर उस समय एक बड़ी हिट साबित हुई थी। आखिरकार यह इंतजार अब 29 साल बाद पूरा होने जा रहा है। फिल्म का निर्देशन अनुराग सिंह कर रहे हैं। सनी देओल इस फिल्म में मुख्य भूमिका में होंगे। इसके अलावा वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और आहान शेट्टी जैसे नए कलाकार भी इस फिल्म का हिस्सा बनेंगे। शूटिंग के दौरान फिल्म की टीम ने सेट से एक तस्वीर साझा की, इसमें क्लैपबोर्ड पकड़े हुए एक शख्स का हाथ नजर आ रहा है। 'द बॉर्न आइडेंटिटी' जैसी फिल्म के एक्शन सीन को कोरियोग्राफ कर चुके हॉलीवुड के मशहूर एक्शन कोरियोग्राफर निक पॉवेल बॉर्डर 2 के युद्ध एक्शन सीन डिजाइन करेंगे।

## टीवी मसाला



# ये हैं सबसे खराब आईएमडीबी रेटिंग वाले 7 टीवी शोज...

**नई दिल्ली।** टीवी शोज के मामले में कई बार चीजें थोड़ी उलटी पड़ जाती हैं। जिन शोज को सबसे अच्छी टीआरपी मिल रही है, जरूरी नहीं कि उन्हें आईएमडीबी रेटिंग भी हाई मिले। आमतौर पर खराब कहानी और लूज स्क्रीनप्ले की वजह से ऐसा होता है। बीआर चोपड़ा की महाभारत सुपरहिट रही थी, लेकिन जब एकता कपूर ने 'कहानी हमारे महाभारत की' नाम से दोबारा महाभारत बनाई तो यह बुरी तरह पिटी। दर्शकों ने टीवी पर इसे देखा तो सही लेकिन असल रिस्पॉन्स आईएमडीबी रेटिंग में नजर आया।

# कभी राज कपूर के गैरेज में रहते थे अनिल कपूर, आज करोड़ों की संपत्ति के हैं मालिक

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में एवरग्रीन अभिनेता के नाम से मशहूर अभिनेता अनिल कपूर आज भी फिल्मों में काफी एक्टिव हैं। अपने अभिनय के दम पर उन्होंने हिंदी सिनेमा में वो छाप छोड़ी है कि आज वह किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। बढ़ती उम्र के बाद भी अभिनेता के लुक्स उन्हें आज के लीड एक्टर्स के कॉम्पिटिशन में ला खड़ा कर देते हैं। हालांकि, एक कलाकार की तरह अनिल का फिल्मों में आकर अपना करियर बनना आसान नहीं था, उन्हें कई संघर्षों से होकर गुजरना पड़ा था। अनिल कपूर का जन्म 24 दिसंबर 1956 में हुआ था। आज भी बॉलीवुड में भले ही अनिल कपूर का सिक्का चलता है, लेकिन एक ऐसा वक्त था, जब वह करियर बनाने के मुंबई आए थे और उस समय उनके पास पैसों की तंगी थी। उस समय अभिनेता अपने परिवार के साथ अभिनेता राज कपूर के गैरेज में रहते थे। इसके बाद अभिनेता ने किराए पर एक कमरा लिया था और परिवार को भी लंबे समय तक किराए के कमरे में ही रखा था।

*इन हिट फिल्मों का बने हिस्सा* : साल 1979 से करियर की शुरुआत करने वाले अभिनेता अनिल कपूर पहले कैमियो से स्क्रीन पर जगह बनाई, उसके बाद अभिनेता ने बतौर लीड एक्टर 1983 में फिल्म 'वो सात दिन' के जरिए बॉलीवुड में डेब्यू किया। अनिल कपूर ने इंडस्ट्री को कई हिट फिल्मों दी हैं। इनमें 'बेटा', 'मिस्टर इंडिया', 'मेरी जंग', 'कर्मा', 'तेजाब', 'कसम', 'राम लखन', 'हमारा दिल आपके पास है', 'लाडला' और 'नायक' शामिल हैं।



*इतनी है अभिनेता की नेटवर्थ* : बात करें अभिनेता के नेटवर्थ की तो अनिल कपूर मुंबई के जुहू एरिया में आलीशान बंगले में रहते हैं। उनके पास कुल तीन घर हैं। इनकी कीमत लगभग 35 करोड़ रुपए है। अभिनेता के पास पोर्श, बेंटले, बीएमडब्ल्यू, जगुआर और ऑडी जैसी कई कारें हैं। अभिनेता साल भर में 12 करोड़ रुपए कमाते हैं।

*दिलचस्प है प्रेम कहानी* : इसके अलावा अनिल कपूर की लव लाइफ भी काफी दिलचस्प है। अनिल कपूर जब संघर्ष कर रहे थे तो उनकी मुलाकात मॉडल सुनीता से हुई थी। पहली नजर में अभिनेता सुनीता को दिल दे बैठे थे। अभिनेता ने साल 1984 में उनसे शादी की थी।

# समाज को आईना दिखाती हैं श्याम बेनेगल की ये कालजयी फिल्में, ओटीटी पर हैं मौजूद ...

**नई दिल्ली।** मशहूर फिल्म निर्माता और निर्देशक श्याम बेनेगल हिन्दी आर्ट सिनेमा के दिग्गज थे। उन्होंने एक से बढ़कर एक फिल्में दी। आइए जानते हैं उनकी कौन-कौन सी फिल्में आप ओटीटी पर देख सकते हैं।

**अंकुर** : श्याम बेनेगल ने 1974 में फिल्म 'अंकुर' से निर्देशन की शुरुआत की। यह फिल्म सामाजिक मुद्दों पर आधारित थी। इस फिल्म ने उन्हें दुनियाभर में पहचान दिलाई। 'अंकुर' ने 40 से ज्यादा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीते। श्याम और शबाना आजमी की यह पहली फिल्म थी। इस फिल्म को आप जियो सिनेमा पर देख सकते हैं।


**मंडी** : श्याम बेनेगल की 'मंडी'एक कोठे और वहां की औरतों की कहानी है। फिल्म में शबाना आजमी, स्मिता पाटिल, नसीरुद्दीन शाह मुख्य भूमिका में है। फिल्म समाज के उन लोगों के चेहरे को उजागर करती है, जो कोठे पर सवाल उठाते हैं और फिर वहीं का रुख करते है। प्राइम वीडियो पर आप इस फिल्म को देख सकते हैं।

**मंथन** : श्याम बेनेगल की फिल्म 'मंथन'भी प्रशंसकों की पसंदीदा फिल्म है। यह फिल्म 1976 में रिलीज हुई थी। मंथन पहली क्राउडफंडेड भारतीय फिल्म है। यह फिल्म जी5 पर उपलब्ध है।



**वेल डन अब्बा** : 'वेलडन अब्बा'ने सरकारी योजनाओं मे चल रही धांधली को इस फिल्म के माध्यम से प्रदर्शित किया है। यह फिल्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर मौजूद है।

**जुबैदा** : श्याम बेनेगल की फिल्म 'जुबैदा'साल 2001 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म एक मुस्लिम अभिनेत्री और हिंदू राजकुमार की प्रेमकथा पर आधारित है। इस फिल्म में में करिश्मा कपूर, रेखा, मनोज वाजपेयी, सुरेखा सीकरी, रजत कपूर, लिलेट दुबे, अमरीश पुरी, फरीदा जलाल और शक्ति कपूर शामिल हैं। इस फिल्म ने हिंदी में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता है। यह फिल्म जी5 पर मौजूद है।




हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रत्नेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.